RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 177
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 4 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




भारत की छवि खराब नहीं की जानी चाहिए

राष्ट्रीय-11

# पुतिन पर ड्रोन से हमले की कोशिश नाकाम : रूस

● क्रेमलिन का दावा, हमले से पहले दो ड्रोन को मार गिराया, किसी को कोई नुकसान नहीं, यूक्रेन पर लगाया आरोप, जेलेंस्की ने हमले में संलिप्तता से स्पष्ट रूप से किया इनकार

**एजेंसी।** मॉस्को

**रूसी** अधिकारियों ने आरोप लगाया कि यूक्रेन ने बीती रात राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की हत्या के नाकाम प्रयास में क्रेमलिन पर दो ड्रोन से हमला किया। रूस ने इसे आतंकवादी कृत्य करार देते हुए इसका प्रतिशोध लेने का वादा किया। वहीं यूक्रेनी राष्ट्रपति ने इससे इनकार करते हुए कहा, हम पुतिन या मॉस्को पर हमला नहीं करते। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती को बताया कि पुतिन उस समय क्रेमलिन में नहीं थे और नोवो-ओगारियोवो निवास से काम कर रहे थे। क्रेमलिन पर किए गए कथित हमले का कोई स्वतंत्र सत्यापन नहीं हो पाया है। इसके बारे में रूस के अधिकारियों ने कहा कि यह रातोंरात हुआ लेकिन इसका समर्थन करने के लिए कोई सबूत पेश नहीं किया। सवाल यह भी उठे कि क्रेमलिन को इस घटना की सूचना देने में घंटों क्यों लग गए और इसके वीडियो भी इतनी देर में क्यों सामने आए। स्थानीय मॉस्को समाचार टेलीग्राम चैनल पर जारी एक वीडियो में क्रेमलिन के ऊपर धुएं जैसा उठता दिखाई दिया है। यह वीडियो संभवत: क्रेमलिन के सामने नदी पार से बनाया गया है। वीडियो के साथ दी गई जानकारी के अनुसार, पास के एक अपार्टमेंट बिल्डिंग के निवासियों ने स्थानीय समयानुसार देर रात लगभग ढाई बजे धमाकों की आवाज सुनने और धुआं देखने की सूचना दी।



रूसी अधिकारियों के दावे के अनुसार क्रेमलिन पर ड्रोन हमले का दृश्य

पोस्ट किए गए वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करना संभव नहीं है। क्रेमलिन ने कहा कि रूसी सेना और सुरक्षा बलों ने ड्रोन को हमला करने से पहले ही रोक दिया। इसमें किसी को चोट नहीं आई। क्रेमलिन की वेबसाइट ने कहा कि ड्रोन से मलबा बिना किसी नुकसान के मॉस्को के इस ऐतिहासिक महल के मैदान में गिर गया। पांच नॉर्डिक देशों के नेताओं के साथ बातचीत के लिए हेलसिंकी की अघोषित यात्रा पर गए जेलेंस्की ने हमले में किसी भी भूमिका से इनकार किया। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम पुतिन या मॉस्को पर हमला नहीं करते हैं। हम अपने क्षेत्र पर लड़ते हैं। हम अपने गांवों और शहरों की रक्षा कर रहे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति के सलाहकार मिखाइलो पोडोल्याक ने कहा यह दावे रूस को आने वाले दिनों में, यूक्रेनी शहरों पर, नागरिक आबादी पर, बुनियादी सुविधाओं पर बड़े पैमाने पर हमले को सही ठहराने की अनुमति देगा। संवेदनशील मामलों पर चर्चा करने के लिए नाम न छापने की शर्त पर सहमत हुए एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि पेंटागन (अमेरिकी रक्षा मंत्रालय) कथित हमलों को देख रहा है। मामले से परिचित एक अमेरिकी अधिकारी के अनुसार, अमेरिकी खुफिया अधिकारी भी रूसी दावों पर गौर कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई दृढ़ संकल्प व्यक्त नहीं किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में वाशिंगटन में (शेष पेज 9)

# एससीओ बैठक में जयशंकर और बिलावल पर रहेगी नजर

● गोवा में आज से शुरू होगी एससीओ विदेश मंत्री स्तरीय बैठक, क्षेत्रीय चुनौतियों से जुड़े मुद्दे केंद्र में होंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारत** बृहस्पतिवार से गोवा में शुरू होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की विदेश मंत्री स्तर की दो दिवसीय बैठक की मेजबानी करेगा। बैठक में चीन, पाकिस्तान, रूस समेत तथा अन्य एससीओ सदस्य विभिन्न क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे।

चीन और पाकिस्तान के बढ़ते संबंधो के मद्देनजर चीनी विदेश मंत्री छिन गांग पांच मई को एससीओ बैठक समाप्त होने के तुरंत बाद इस्लामाबाद की यात्रा करेंगे। वहां पर वे देश के अधिकारियों के साथ रणनीतिक वार्ता करेंगे तथा वे त्रिपक्षीय बैठक में भी भाग ले सकते हैं जिसमें अफगानिस्तान भी शामिल होगा। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी एससीओ सम्मेलन में अपने देश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। 2014 के बाद यह पहली बार होगा जब कोई पाकिस्तानी मंत्री भारत का दौरा करेगा। उस दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने भारत आए थे। बृहस्पतिवार को सबकी नजर इस बात पर रहेगी कि एससीओ बैठक के इतर क्या जयशंकर और भुट्टो द्विपक्षीय बैठक करेंगे या नहीं। जयशंकर चीन समेत अन्य एससीओ देशों के विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठक कर सकते हैं। बैठक ऐसे समय में आयोजित हो रही है जब यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस और पश्चिमी देशों में तानातनी है और चीन के विस्तारवादी रवैए को लेकर भी चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं। माना जा रहा है कि बैठक में अफगानिस्तान के सम्पूर्ण हालात पर भी चर्चा हो सकती है जिसमें उन चिंताओं पर भी विचार किया जा सकता है कि तालिबान के शासन में यह देश आतंकवाद का पोषण स्थल बन सकता है। इसके साथ ही तेजी से उभरती सुरक्षा स्थिति पर भी चर्चा हो सकती है। सम्मेलन की तैयारियों से परिचित लोगों ने कहा कि जयशंकर चीन, रूस और समूह के कुछ अन्य सदस्य देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। छिन और लावरोव के साथ बृहस्पतिवार को बिनॉलिम के एक बीच रिसॉर्ट में द्विपक्षीय वार्ता होने संभावना है, लेकिन जयशंकर और भुट्टो-जरदारी के बीच इस तरह की मुलाकात के अभी तक कोई संकेत नहीं मिले हैं। लोगों ने कहा कि किन और लावरोव के बृहस्पतिवार को दिन के पहले पहर में गोवा पहुंचने की उम्मीद है, भुट्टो-जरदारी दोपहर बाद पहुंच सकते हैं। गोवा में 4-5 मई, 2023 को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की विदेश मंत्री परिषद (सीएफएम) की बैठक आयोजित की जा रही है। एससीओ की स्थापना 2001 में शंघाई में हुई थी। एससीओ में चीन, भारत, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। भारत इस वर्ष के लिए समूह की अध्यक्षता कर रहा है। भारत और पाकिस्तान 2017 में चीन में स्थित एससीओ के स्थाई सदस्य बने थे।

## उप्र निकाय चुनाव के पहले चरण का मतदान आज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश निकाय चुनाव के पहले चरण के लिए बृहस्पतिवार को मतदान होगा। इस चरण में नौ मंडलों के 37 जिलों में 10 नगर निगम, 103 नगर पालिका और 276 नगर पंचायतों के लिए वोट डाले जाएंगे। राज्?य निर्वाचन आयोग ने कहा है कि निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने लखनऊ में जारी एक बयान में कहा कि सभी क्षेत्रों में चुनाव प्रेक्षक तैनात किए गए हैं और प्रेक्षकों को मतदान के पल-पल की जानकारी आयोग को भेजनी होगी। निर्वाचन आयोग के मुताबिक पहले चरण में सहारनपुर, मुरादाबाद, आगरा, झांसी, प्रयागराज, लखनऊ, देवीपाटन, गोरखपुर, वाराणसी मंडलों के मुरादाबाद, बिजनौर, अमरोहा, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, रामपुर, संभल, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी, झांसी, जालौन, प्रयागराज, (शेष पेज 9)

## कांग्रेस शांति और विकास की दुश्मन: प्रधानमंत्री

● वोटरों से अपील करते हुए कहा-मतदान करते वक्त जय बजरंग बली बोल कर कांग्रेस को सजा दें

**एजेंसी।** मुल्की/अंकोला/बेलहोंगल(कर्नाटक)



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी की पूरी राजनीति फूट डालो और राज करो की नीति पर आधारित है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस शांति और विकास की दुश्मन है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जब भारत के लोकतंत्र और विकास की वैश्विक स्तर पर सराहना और सम्मान किया जा रहा है तो वह दुनियाभर में जाकर देश को बदनाम कर रही है। मोदी ने कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को तीन रैलियों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि जिस राज्य के लोग शान्ति और प्रगति चाहते हैं, वे सबसे पहले अपने राज्य से कांग्रेस को बाहर कर देते हैं।

तटीय कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के मुल्की शहर में भारत माता की जय तथा बजरंग बली की जय के नारे के साथ अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस आतंक के आकाओं को बचाती है और तुष्टीकरण (शेष पेज 9)

## सर्वशक्तिमान पीएम को कर्नाटक में लूट नहीं दिखी: प्रियंका वाद्रा

● चुनाव में प्रचार अभियान में जुटी कांग्रेस महासचिव ने गुलबर्गा में किया रोड शो

**एजेंसी।** इंडी/बीदर/गुलबर्गा



**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने कर्नाटक की भारतीय जनता पार्टी सरकार के भ्रष्टाचार को लेकर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा प्रहार किया और कटाक्ष करते हुए कहा कि सर्वशक्तिमान, सर्वोपरि, सर्वश्रेष्ठ और सर्वज्ञानी प्रधानमंत्री को कर्नाटक में 40 प्रतिशत कमीशन सरकार की लूट नजर क्यों नहीं आई।

उन्होंने विजयपुरा और बीदर जिलों में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए लोगों का आह्वान किया कि वो भाजपा को सबक सिखाएं और कांग्रेस को पूर्ण बहुमत दें ताकि उनके हित में काम हो सके। बाद में प्रियंका गांधी ने गुलबर्गा में एक रोडशो भी किया जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कांग्रेस महासचिव ने यह सवाल भी किया कि विकास पुरूष (मोदी) अब भी ऐसा क्यों कहते हैं कि कर्नाटक का विकास उनका सपना है? विजयनगर के इंडी इलाके की सभा में प्रियंका गांधी ने कहा, मुझे ताज्जुब हुआ कि जिन्हें दुनिया, उनके लोग सर्वशक्तिमान, सर्वोपरि, सर्वश्रेष्ठ और विकास पुरूष कह रहे हैं वह यहां आकर कहते हैं कि मेरा सपना था कि कर्नाटक का विकास हो। विकास क्यों नहीं किया? मैं पूछना चाहती हूं कि जब आपकी अपनी सरकार 40 प्रतिशत कमीशन सरकार बनकर (शेष पेज 9)

## बेअंत सिंह हत्या मामले में राजोआना की मौत की सजा बरकरार

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की 1995 में की गई हत्या के जुर्म में बलवंत सिंह राजोआना को सुनाई गई मौत की सजा को उम्रकैद में बदलने से बुधवार को इनकार कर दिया। न्यायालय ने कहा कि सक्षम प्राधिकारी राजोआना की दया याचिका पर विचार कर सकते हैं। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ एवं न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने कहा, हमने यह निर्णय किया है कि हम याचिकाकर्ता की दया याचिका पर निर्णय को टालने के केन्द्रीय गृह मंत्रालय के रुख के साथ हैं जिसके लिए निम्न कारण दिए गए हैं....। पीठ ने कहा, इसलिए हमने निर्देश दिया है कि सक्षम प्राधिकारी पुन: और जब उन्हें जरूरी लगेगा, दया याचिका पर गौर करेंगे और आगे कोई निर्णय लेंगे। याचिका (राजोआना की) का निस्तारण किया जाता है। राजोआना पिछले 26 वर्ष से जेल में है। गौरतलब है (शेष पेज 9)

## समलैंगिक जोड़ों की चिंताएं दूर करने को बनेगी समिति: केंद्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा- याचिकाकर्ता अपनी समस्याएं बता सकते हैं, समिति कानून के दायरे में उनका समाधान करेगी

**समलैंगिक** विवाहों को कानूनी मान्यता देने के मुद्दे को छुए बिना ऐसे जोड़ों की कुछ वास्तविक मानवीय चिंताओं को दूर करने के लिए प्रशासनिक उपाय तलाशे जाएंगे। केंद्र सरकार ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि वह इसके लिए कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित करेगी। केंद्र ने यह दलील न्यायालय द्वारा 27 अप्रैल को पूछे गए एक सवाल के जवाब में दी।

न्यायालय ने केंद्र से पूछा था कि क्या समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता दिए बगैर ऐसे जोड़ों को बैंक में संयुक्त खाता खुलवाने, भविष्य निधि में जीवन साथी नामित करने, ग्रेच्युटी और पेंशन जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा सकता है। केंद्र सरकार की ओर से न्यायालय में पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ से कहा कि इस तरह के जोड़ों की कुछ वास्तविक मानवीय चिंताओं और उनका प्रशासनिक स्तर से समाधान किए जा सकने के बारे में पिछली सुनवाई में चर्चा हुई थी। मेहता ने पीठ से कहा कि मैंने निर्देश लिए हैं और सरकार सकारात्मक है।

हमने जो कुछ भी फैसला किया है, वह बेशक आपकी मंजूरी पर निर्भर करेगा। हालांकि, एक से अधिक मंत्रालयों में समन्वय बनाने की जरूरत पड़ेगी। इसलिए, कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाएगी। शीर्ष न्यायालय समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की मांग करने वाली याचिकाओं के एक समूह पर सातवें दिन सुनवाई कर रहा (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### वाप्कोस के पूर्व अध्यक्ष गुप्ता और बेटा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने वाप्कोस के पूर्व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) राजिंदर कुमार गुप्ता और उनके बेटे गौरव को आय से अधिक संपत्ति मामले में गिरफ्तार करने के साथ ही उनके परिसरों से 38 करोड़ से अधिक की नकदी जब्त की। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। वाप्कोस को पहले वाटर एंड पावर कंसल्टेंसी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड के नाम से जाना जाता था। यह एक सरकार के स्वामित्व वाला केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है और इसका प्रशासनिक नियंत्रण जल शक्ति मंत्रालय के पास है। सीबीआई ने गुप्ता, उनकी पत्नी रीमा सिंघल, बेटे गौरव सिंघल तथा बहू कोमल सिंघल के खिलाफ गुप्ता के एक अप्रैल 2011 से 31 मार्च 2019 के बीच पद पर रहते हुए अवैध धन बनाने के आरोप में मामला दर्ज किया था और इसके बाद मंगलवार को छापे मारे। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद सीबीआई की टीमें दिल्ली, गुरुग्राम, चंडीगढ़, सोनीपत और गाजियाबाद में 19 स्थानों पर गईं और उन्होंने मिल कर छापे मारे और इन्ही छापे के दौरान अधिकारियों को भारी मात्रा में नकदी बरामद हुई।

## पुनर्विचार करने तक एनसीपी प्रमुख रहेंगे पवार: प्रफुल्ल

● कहा-उत्तराधिकारी पर अभी कोई फैसला नहीं, जयंत पाटिल ने भी पवार को पद पर बने रहने का अनुरोध किया

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई/पुणे



**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल ने बुधवार को कहा कि जब तक शरद पवार पद से हटने के अपने फैसले पर पुनर्विचार नहीं करते वह पार्टी प्रमुख बने रहेंगे और तब तक उनके उत्तराधिकारी को चुने जाने पर कोई चर्चा नहीं होगी।

वहीं एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने कहा कि वह उन कई लोगों में शामिल हैं, जो पवार साहब के नेतृत्व से प्रेरित होकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे। यह पूछे जाने पर कि क्या वह राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पवार की बेटी सुप्रिया सुले के अधीन काम करेंगे क्योंकि शीर्ष पद के लिए उनके नाम की चर्चा चल रही है, पाटिल ने कहा कि पार्टी जो भी फैसला लेती है, उसे सभी को स्वीकार करना होगा।

एनसीपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पटेल ने यहां संवाददाताओं से यह भी कहा कि वह शीर्ष पद की दौड़ में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पवार ने अपने उत्तराधिकारी का फैसला करने के लिए मंगलवार को जिस समिति का गठन किया (शेष पेज 9)

## कृष्ण जन्मभूमि मामला स्थानांतरित करने संबंधी याचिका पर निर्णय सुरक्षित

**भाषा।** प्रयागराज

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने मथुरा की अदालत में लंबित श्री कृष्ण जन्मभूमि मामले को उच्च न्यायालय स्थानांतरित करने का अनुरोण करने वाली याचिका पर अपना निर्णय बुधवार को सुरक्षित रख लिया। इस मामले में हिंदू भक्तों ने उस जमीन पर अधिकार का दावा किया है जहां ईदगाह मस्जिद का निर्माण किया गया है। याचिकाकर्ताओं ने अनुरोध किया है कि मूल वाद की सुनवाई उच्च न्यायालय द्वारा की जानी चाहिए। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार मिश्रा ने कटरा केशव देव खेवट मथुरा के भगवान श्री कृष्ण विराजमान की सखी रंजना अग्निहोत्री और सात अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया। अदालत ने संबंधित पक्षों के वकीलों को तीन दिन के भीतर लिखित दलीलें उपलब्ध कराने (शेष पेज 9)

## गर्मी का प्रकोप मापने को होगा अपना सूचकांक

● देश में अगले साल किया जाएगा जारी, स्थान विशेष पर गर्मी के प्रभाव का आकलन करने के लिहाज से होगा महत्वपूर्ण: मौसम विभाग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली में बुधवार को भी तेज बारिश हुई। शहर में पिछले चार दिन से मौसम भीगा-भीगा है।

**देश** की जनता पर गर्मी के प्रभाव का आकलन करने के लिए मौसम विभाग अपनी खुद की प्रणाली तैयार कर रहा है। विभाग ने कहा है कि गर्मी का प्रभाव मापने और विशिष्ट स्थानों के लिए सटीक चेतावनी जारी करने और वहां के लोगों पर गर्मी के प्रभाव का पता लगाने के लिहाज से यह सूचकांक बहुत महत्वपूर्ण होगा।

अभी यह प्रायोगिक तौर पर काम कर रहा है और देश में अगले साल इसे जारी किया जाएगा। आईएमडी ने पिछले सप्ताह देश के विभिन्न भागों के लिए प्रायोगिक गर्मी सूचकांक जारी करना शुरू किया है। इसके लिए तापमान और सापेक्षित आर्द्रता को मापा जा रहा है। यह एक बहु-मानकीय उत्पाद होगा जिसे हीट हजार्ड स्कोर कहा जाएगा। हमें उम्मीद है कि यह अन्य प्रणालियों से बेहतर होगा। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि ग्रीष्म सूचकांक एक प्रायोगिक उत्पाद है। यह अभी विधिमान्य नहीं है और हमने आईएमडी की वेबसाइट पर इसका उल्लेख भी किया है।

उन्होंने बताया कि इसमें तापमान और आर्द्रता के साथ ही हवा और अवधि जैसे अन्य मानदंडों का भी समाकलन किया जाएगा। महापात्र ने कहा कि यह जनता के लिए गर्मी के प्रकोप का प्रभावी संकेतक होगा। आईएमडी प्रमुख ने कहा कि हजार्ड स्कोर करीब दो महीने में तैयार होगा और अगली गर्मी के मौसम तक यह परिचालन में आ जाएगा। क्या आईएमडी ने (शेष पेज 9)

### बंगाल की खाड़ी में नौ मई को चक्रवात उठने की आशंका

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी में नौ मई के आसपास एक ग्रीष्मकालीन चक्रवात आने का अनुमान जताया है। हालांकि यह चक्रवात समुद्री तट से कहां और कब टकराएगा और इसकी तीव्रता क्या होगी, इस बारे में अभी पता नहीं चला है। मौसम विभाग ने मछुआरों को 7 मई से समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि संख्यात्मक मॉडल के अनुसार नौ मई के आसपास चक्रवाती तूफान उठ सकता है, लेकिन इसकी गति और तीव्रता सात मई को कम दबाव का क्षेत्र बनने के बाद ही निर्धारित की जा सकती है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 4 मई, 2023



# लगातार बारिश से गिरा पारा, सर्दी का अहसास

## नोएडा व गाजियाबाद में मौसम सुहाना, ग्रामीण इलाकों में जलभराव से लोग हलकान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा/गाजियाबाद

नोएडा की सुबह हल्के बादलों के साथ हुई। इसके बाद धूप निकली और दोपहर करीब डेढ़ बजे आकाश काले बादलों में समा गया। इसके बाद हवाओं के साथ तेज बारिश हुई। करीब डेढ़ घंटे तक लगातार बारिश हुई। करीब आधे घंटे के विराम के बाद हल्की बौछार शुरू हो गई। इस बारिश ने मई महीने में लोगों को ठंडक का एहसास करा दिया।

तापमान 24 डिग्री तक पहुंच गया है। तापमान में कमी होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। मौसम विभाग के मुताबिक 8 मई तक दिल्ली.एनसीआर में बारिश की संभावना है। मई के पहले हफ्ते में ऐसा मौसम देखकर लोग भी दंग हैं। आम तौर पर मई के पहले हफ्ते में भीषण गर्मी होती है।

पूरे एनसीआर में मौसम खुशनुमा बना हुआ है। यहां मौसम विभाग ने बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि 4 मई से मौसम में सुधार होगा। लेकिन 7 और 8 मई को भी इन इलाकों में बारिश की संभावना जताई गई है। इस तरह से 10 मई तक लोगों को गर्मी से राहत रहेगी। इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी होगी।

बुधवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। बारिश के बाद से हवा की रफ्तार 10 किमी प्रतिघंटा है। वहीं वातावरण में नमी की मात्रा 73 प्रतिशत रिकार्ड की गई। नोएडा के ग्रामीण इलाकों में बारिश के बाद जलभराव हुआ है। इसके अलावा मुख्य सड़कों पर हल्का जल भराव होने के बाद वह किनारे लग गया। इसके अलावा करीब एक दर्जन सेक्टरों में बिजली सप्लाई बाधित हुई है। शटडाउन लेकर वहां फाल्ट को दूर किया जा रहा है।


बारिश की बौछार से खुद का बचाव करता बाइक सवार।

### गाजियाबाद में ओवरफ्लो नाले में गिरे युवक

**गाजियाबाद।** दिल्ली–सहारनपुर हाईवे पर गाजियाबाद के कस्बा लोनी में दो युवक नाले में गिर गए। दरअसल, बारिश के पानी ने नाले और सड़क का लेबल एक कर दिया। ऐसे में इन दोनों युवकों को गहरा नाला नहीं दिखा और वे उसमें गिर गए। आसपास के लोगों ने दौड़कर दोनों को जैसे–तैसे बाहर निकाला। यहां होने वाले जलभराव की वजह से लोगों में गुस्सा है। कस्बा लोनी स्थित शांतिनगर में ये मामला एक मई का है। लेकिन इसकी फुटेज बुधवार को सामने आई है। ये उस दिन की बात है, जब एक घंटे की बारिश में पूरा कस्बा लोनी पानी.पानी हो गया था। फुटेज के अनुसार, दो लोग दुकानों के आगे नाले के ऊपर पड़ी सीमेंटेड स्लैब पर पैदल चल रहे थे। एक दुकान के बाहर जाकर ये स्लैब खत्म हो जाती हैं और उसके ठीक बराबर में रोड निकल रहा है। युवकों को लगा कि अब नाला खत्म हो गया है और स्लैब भी नहीं है।

## उत्तराखंड पब्लिक स्कूल ने जमा की बकाया रकम

● नोएडा प्राधिकरण ने दिया खोलने का आदेश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर 56 स्थित उत्तराखंड पब्लिक स्कूल के मैनेजमेंट ने अपने ट्रस्ट उत्तराखंड जन कल्याण परिषद द्वारा करीब 4.19 करोड़ रुपए नोएडा प्राधिकरण में जमा कर दिए है। प्राधिकरण की सीईओ ने बुधवार शाम स्कूल को डी–सील करने का आदेश प्राधिकरण की टीम को दिया। साथ ही स्कूल मैनेजमेंट को यह हिदायत दी कि प्रबंधन बकाया राशि अगले छह माह के भीतर जमा करे।



गौतमबुद्धनगर पेरेंट्स वेल्फेयर सोसाइटी जीपीडब्ल्यूएस के संस्थापक मनोज कटारिया ने कहा कि स्कूल सील हो जाने के बाद 25 अप्रैल से सभी विद्यार्थियों की शिक्षा भौतिक रूप से बंद थी। स्कूल ने ऑनलाइन कक्षाएं लगायी थी। लेकिन कुछ पेरेंट्स अपने कार्यों के कारण मोबाइल अपने साथ ले जाते थे। जिससे विद्यार्थी ऑनलाइन क्लास अटैंड नहीं कर पा रहे थे। हालांकि अब भी पेरेंट्स के मन में शक है कि कही मैनेजमेंट बाकी पैसा जमा करेगा या नहीं।

फिलहाल स्कूल को डी सील करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्राधिकरण की ओएसडी ने वंदना त्रिपाठी ने बताया कि 3 सितंबर 2020 को भूमि का आवंटन निरस्त किया गया था। उस समय तक 15.49 करोड़ रुपए बकाया थे। बकाये की गणना वर्तमान समय तक की जाएगी। इसलिए फाइल को अकाउंट सेक्शन में भेजा गया है। मांग के अनुसार मैनेजमेंट को छह महीने में दो किस्तों में पैसा जमा करना होगा। इसकी पहली किस्त अगस्त में और दूसरी किस्त नवंबर में देनी होगी। एक भी किस्त जमा नहीं करने पर स्कूल को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सेक्टर.56 के ई.1ए के भूखंड पर स्कूल का निर्माण किया गया है। भूखंड का आवंटन उत्तराखंड जन कल्याण परिषद के नाम से 1991 का है। 1992 में कब्जा लिया गया। इस दौरान 20 प्रतिशत पैसा जमा किया गया। 80 प्रतिशत के लिए किस्त बनाई गई। लेकिन एक बार भी पैसा जमा नहीं किया गया। बकाया के संबंध में प्रबंधन को 11 अगस्त को 2020 को अंतिम नोटिस जारी किया गया था।

## भाजपा नेता के बेटे ने पुलिस पर तानी पिस्टल

● चैकिंग के दौरान किया दुस्साहस, 3 धरे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



बुलेट पर सवार होकर जा रहे भाजपा नेत्री के बेटों को पुलिस ने चेकिंग के लिए रोका तो उसने पुलिस पर जान से मारने की नियत से पिस्टल लगा दी। पुलिस ने भाजपा नेत्री के बेटे सहित दो को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से विदेशी पिस्टल, देसी तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है।

थाना फेस–1 के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि बीती रात को थाना पुलिस सेक्टर 8 के पास गश्त कर रही थी, तभी एक बुलेट मोटरसाइकिल पुलिस को आती हुई दिखाई दी। मोटरसाइकिल के पीछे नंबर प्लेट की जगह गुर्जर हिंदू तथा आगे बॉस लिखा हुआ था।

जैसे ही पुलिस ने उन्हें चेकिंग के लिए रोका युवको ने पुलिस वालों पर पिस्टल और तमंचा तान दिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गौरव तथा शुभम झा के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि इन आरोपियों ने वर्ष 2017 में खोड़ा थाना में तैनात पुलिसवालों के साथ मारपीट की थी। गिरफ्तार आरोपी गौरव भाटी की मां उषा भाटी महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष खोड़ा के पद पर हैं। आरोपी को छुड़वाने के लिए भाजपा के कई नेताओं ने पुलिस पर दबाव बनाया लेकिन पुलिस ने उनकी एक न सुनी।

### नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने चुनाव को लेकर की चर्चा

**गाजियाबाद।** कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने पार्टी की महापौर प्रत्याशी पुष्पा रावत के मुख्य चुनाव कार्यालय पर को.ऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक ली।

बैठक में उन्होंने कांग्रेसियों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए पुष्पा रावत की जीत का दावा किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, पूर्व मंत्री दीपा कौल, जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र यादव, महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी, प्रदेश महासचिव डॉ संजीव शर्मा, प्रदेश सचिव नसीम खान, पीसीसी नरेन्द्र राठी, पीसीसी सदस्य सतीश त्यागी, विधानसभा प्रत्याशी रहे सुशांत गोयल, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष सलमान मंसूरी, लालमन पाल आदि मौजूद रहे।


नगर पंचायत चुनाव को लेकर नोएडा के जिलाधिकारी ने जेवर में तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान मतगणना स्थल का भी निरीक्षण किया।

## संक्षिप्त समाचार


हरियाणा मार्का शराब की 15 पेटी के साथ आरोपी।

### पूर्व छात्र नेता के घर से 15 पेटी शराब बरामद

**गाजियाबाद।** मोदीनगर पुलिस ने गोविंदपुरी स्थित डबल स्टोरी कॉलोनी में छापा मारकर पूर्व छात्र नेता के घर से हरियाणा मार्का शराब की 15 पेटी बरामद की। पुलिस ने आरोपी पूर्व छात्र नेता को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि शराब निकाय चुनाव में शराब बांटने के लिए लाई गई थी। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार रात को डबल स्टोरी कॉलोनी स्थित एक पूर्व छात्र नेता के घर अवैध शराब होने की सूचना मिली। जानकारी के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर पूर्व छात्र नेता के मकान पर छापा मारा। वहां बेड में 15 पेटी हरियाणा मार्का शराब छुपा कर रखी गई थी। पुलिस ने अवैध शराब को जब्त कर आरोपी विजय पुत्र राजकुमार निवासी डबल स्टोरी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि यह शराब निकाय चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए लाई गई थी। इसके अलावा निवाड़ी पुलिस ने कस्बा पतला चौराहे से भी अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने बताया कि कस्बा पतला निवासी चीनू से शराब के 47 पेटी बरामद किए हैं।

### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना फेस 3 पुलिस नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि आरोपी महीनों से लड़की का रेप कर रहा था। जानकारी के अनुसार विगत 14 अप्रैल को एक महिला ने थाना सेक्टर फेस 3 पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पड़ोस में रहने वाला रवि नामक युवक उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया था और दुष्कर्म किया। पुलिस ने आज लड़की को बरामद कर लिया और आरोपी रवि को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ रेप और पोक्सो एक्ट में केस दर्ज किया गया है।

### चैंबर निर्माण को लेकर अधिवक्ता आमने–सामने

**गाजियाबाद।** मोदीनगर तहसील मुख्यालय में चैंबर निर्माण को लेकर अधिवक्ता आमने सामने आ गए। आरोप है कि दो चैंबरों के पास बिना अनुमति के निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। एक पक्ष पर निर्माण गिराने का आरोप लगाया गया। एक महिला अधिवक्ता ने अभद्रता और मारपीट का आरोप लगाया है। इसे लेकर तहसील में हंगामे की स्थिति बनी रही। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के सामने भी अधिवक्ता शांत नहीं हुए। महिला अधिवक्ता ने थाने में तहरीर दी है।

### गौतम बुद्ध नगर में लगा मेंटल हेल्थ कैंप

**नोएडा।** मनोविज्ञान एवम मानसिक स्वास्थ विभाग, गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी द्वारा ग्रेड्स इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों के लिए स्कूल मेंटल हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मनोविज्ञान एवं मानसिक स्वास्थ विभाग के चिकित्सा मनोवैज्ञानिकों की एक 20 सदस्यों की टीम ने स्कूल पहुंच कर सभी बच्चों से संपर्क किया एवम उनका मनोविज्ञानिक परीक्षण किया गया। मनोवैज्ञानिक परीक्षण के अनुसार आवश्यकता अनुसार बच्चों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। मूल्यांकन के बाद सभी बच्चों को उनकी क्षमता के अनुसार अलग.अलग समूहों में बांटकर उनकी समस्याओं की निदान के लिए मनोवैज्ञानिक उपचार दिए गए। कुछ बच्चों को काउंसलिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई जबकि कुछ बच्चों को कॉग्निटिव रिट्रेनिंग दी गई। बहुत सारे बच्चे जिनको एकेडमिक एंजाइटी की समस्या थी। उनको मनोवैज्ञानिक मदद पहुंचा के उनकी एंजाइटी को कम किया गया।

## 24 घंटे में आए कोविड-19 के 43 नए मरीज

● नोएडा में 1304 लिए गए सैंपल, 91 मरीज हुए ठीक, 17 भर्ती

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में कोरोना के केस लगातार घट रहे है। विगत 24 घंटे में 1304 सैंपल के बाद 43 नए मरीज सामने आए है। वहीं 91 मरीज ठीक हुए है। सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 243 हो गई है।

17 मरीज अस्पताल में भर्ती है और नए मरीजों में एक बच्चा भी पाजीटिव है जिसकी उम्र 18 साल से कम है। सीएमओ डॉक्टर सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि भर्ती मरीजों के सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजे जा रहे है। उन्होंने बताया कि कोरोना के मरीजों की संख्या कम हो रही है।



इसका मतलब ये नहीं कि कोरोना संक्रमण बढ़ नहीं सकता। लापरवाही क़तई न करे कोविड नियमों का पालन किया जाए। ताकि संक्रमण पर ब्रेक लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि भर्ती मरीजों में किसी का ऑक्सीजन स्तर कम नहीं हो रहा है। उन्हीं मरीजों को भर्ती किया गया है जिनके घर में होम आइसोलेशन की व्यवस्था नहीं हो सकती है।

वहीं कंट्रोल रूम से लगातार होम आइसोलेशन में इलाज करा रहे लोगों पर नजर रखी जा रही है। इसके अलावा जिन मरीजों की दिक्कत हो रही है। वो टोल फ्री नंबर 18004192211 पर फोन कर समस्या बता सकते है।

मेडिकल एक्सपर्ट्स के अनुसार, नए सब वैरिएंट के लक्षण काफी हद तक ओमीक्रोन के पिछले वैरिएंट्स जैसे ही हैं। तेज बुखार, खांसी, गले में खराश, बदन दर्द, सिर में दर्द, सर्दी जैसे लक्षण आम हैं। सूंघने और टेस्ट करने की क्षमता नहीं जाती और जा भी सकती है। राहत की बात यह है कि ज्यादातर मरीज घर पर सिर्फ आराम करके ठीक हो जा रहे हैं।

## नोएडा का प्रॉपर्टी डीलर कानपुर के आश्रम में मृत मिला

● योग अभ्यास के लिए पांच दिन पहले आया था देवेंद्र भाटी

पीएनएस। नोएडा/कानपुर

नोएडा का एक प्रॉपर्टी डीलर का शव कानपुर के बिधनू स्थित एक स्वयंभू संत संतोष सिंह भदौरिया उर्फ करौली बाबा के आश्रम के कमरे में रहस्यमय परिस्थितियों में पाया गया।

कानपुर के बिधनू के थानाध्यक्ष सतीश राठौर ने बुधवार को बताया कि नोएडा के प्रॉपर्टी डीलर देवेंद्र सिंह भाटी (55) रविवार को करौली बाबा के करौली स्थित आश्रम के अपने कमरे में मृत पाया गया था। भाटी योग अभ्यास और डिटॉक्स सत्र के लिए करीब पांच दिन पहले नोएडा से बिधनू के करौली बाबा आश्रम पहुंचा था। अपर पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) अंकिता शर्मा ने बताया कि भाटी की मौत के कारण का तत्काल पता नहीं चल सका है। डॉक्टरों के एक पैनल द्वारा शव के पोस्टमॉर्टम के दौरान विसरा को सुरक्षित कर लिया गया है।

## इंडोनेशिया घुमाने के नाम पर ठगी दो बार में डेढ़ लाख ऑनलाइन भेजे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

दिल्ली के दंपति को बाली इंडोनेशिया घुमाने के नाम पर गाजियाबाद के फ्रॉड ने डेढ़ लाख रुपए ठग लिए। फ्रॉड ने होटल का फर्जी बुकिंग बाउचर थमा दिया और बाली जाने के एयर टिकट तक मुहैया नहीं कराए।

गाजियाबाद की नंदग्राम थाना पुलिस ने बुधवार को एक व्यक्ति पर फ्राड का केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। भवानी भटेजा नई दिल्ली में लाजपत नगर के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया, पत्नी के साथ बाली इंडोनेशिया घूमने का एक हफ्ते का प्लान बनाया। टूर पैकेज के लिए उनका संपर्क ब्यू वोयाज कंपनी से हुआ, जिसका ऑफिस गाजियाबाद के वैशाली में बताया गया। भवानी भटेजा ने बताया, कंपनी के पीयूष जोशी ने एक आकर्षक सौदे के साथ टूर पैकेज की पेशकश की और ईमेल पर पूरा टूर साझा किया। भवानी की ईमेल पर एक सुंदर तस्वीर भी दिखाई। जिसके बाद भवानी और उनकी पत्नी इस टूर पैकेज पर राजी हो गए। दो बार में करीब 1 लाख 52 हजार ऑनलाइन भेज दिए गए।

## जमीन खरीदे बिना भूखंड योजना नहीं निकालें

● बढ़ते विवादों के चलते यूपी सरकार ने तीनों प्राधिकरणों को दिया आदेश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उत्तर प्रदेश सरकार ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना अथॉरिटी को आदेश भेजा है। जिसमें साफ तौर पर कहा गया है कि अब कोई भूखंड योजना तभी लॉन्च करेंगे जब उसके लिए जरूरी जमीन कब्जे में होगी। किसानों की ओर से उस जमीन पर कोई विवाद नहीं होना चाहिए।

दूसरी तरफ यमुना एक्सप्रेसवे एंटरप्रिन्योर्स एसोसिएशन का कहना है कि सरकार कुछ भी कहे लेकिन अथॉरिटी अपने मन मुताबिक काम करेंगी। हमें 10 साल पहले भूखंड आवंटन किया। अब तक सारे आवंटियों को कब्जा नहीं मिला है। सेक्टरों की बाहरी और भीतरी सड़कें बनी नहीं हैं और अथॉरिटी रजिस्ट्री करवाने के लिए चेक लिस्ट जारी कर रही है। जुर्माना लगा रही है। एटीएस बिल्डर से जुड़े मामले में इलाहबाद हाईकोर्ट ने नोएडा अथॉरिटी से जवाब तलब किया है। राज्य सरकार से भी जवाब मांगा है। नोएडा के सेक्टर–150 में अथॉरिटी ने किसानों से भूमि अधिग्रहण नहीं किया और बिल्डर को जमीन बेच दी। जमीन समय पर नहीं मिलने कारण बिल्डर समय पर डिवेलपमेंट नहीं कर पाया। उसने अथॉरिटी को पैसा नहीं दिया। प्राधिकरण ने एटीएस बिल्डर का प्लॉट आवंटन निरस्त कर दिया। इस कार्रवाई के खिलाफ बिल्डर कोर्ट चला गया। इलाहबाद हाईकोर्ट ने अथॉरिटी से जवाब मांगा कि जब आपके पास जमीन नहीं थी तो बिल्डर को कैसे बेच दी, ऐसा ही विवाद आम्रपाली बिल्डर के साथ रहा है। आम्रपाली ग्रुप को करीब 4 हजार वर्गमीटर जमीन बेच दी थीए जिसका अधिग्रहण किसानों से नहीं हो पाया था।



## ग्रेटर नोएडा में प्लास्टिक की बोतलों से बनेंगी टीशर्ट

● एनपीसीएल की खास मुहिम, तीन ऑफिस में 4 वेंडिंग मशीन लगाई गई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा को और भी ज्यादा साफ –सुथरा बनाने के लिए एनपीसीएल ने एक खास पहल की है।

नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड की तरफ से शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए अपने तीन ऑफिस में 4 वेंडिंग मशीन लगाई है। इस मशीन में प्लास्टिक की खाली बोतल और एलमुनियम की बोतल डालने पर एक कूपन मिलेगा। इस कूपन का इस्तेमाल करने पर आपको कुछ चुनिंदा दुकानों पर सकते हैं।



एनपीसीएल के वाइस प्रेसिडेंट ऑपरेशन सारनाथ गांगुली ने बताया कि केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार पूरे देश को प्लास्टिक मुक्त बनाना चाहती है। इसको लेकर लगातार अभियान चल रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए काफी अभियान की शुरुआत की है। सारनाथ गांगुली ने बताया कि इसी को लेकर एनपीसीएल ने एक खास मुहीम शुरू की है। इस मुहिम के चलते एनपीसीएल ने नॉलेज पार्क–4, टेक जोन–4 और अपने अन्य कार्यालयों में 4 रिजर्व वेंडिंग मशीनें लगाई हैं।

इस मशीन में 200 मिलीमीटर और 2.5 लीटर की बोतल डालने पर आपको एक कूपन मिलेगा। इसका इस्तेमाल आप दुकानों पर कर सकते हो। इन प्लास्टिक की बोतलों से टीशर्ट और बैग बनेंगे।

उन्होंने बताया कि अभी तक 481 बोतल मशीन के माध्यम से आ चुकी है। जिनको रि–साइकिल की जा रहा है।

## अनसुलझीं रही छात्र की मौत सीबीआई ने केस किया बंद

● मणिपुर के युवक की नोएडा में मिली थी लाश

पायनियर समचार सेवा। गाजियाबाद

मणिपुर राज्य के छात्र प्रवीश चनम की मौत के मामले में सीबीआई ने 7 साल बाद दूसरी बार क्लोजर रिपोर्ट गाजियाबाद स्थित स्पेशल कोर्ट में मंगलवार को दाखिल कर दी है।

सीबीआई इस पूरे मामले में कुछ भी पता नहीं लगा पाई। परिजन शुरुआत से हत्या का संदेह जताते रहे, लेकिन 7 साल की जांच में यूपी पुलिस या सीबीआई को ऐसा कुछ नहीं मिला। ऐसे में प्रवीश चनम की मौत एक बार फिर से रहस्य बनकर रह गई है।

मणिपुर इंफाल निवासी 22 वर्षीय प्रवीश चनम 7 सितंबर 2017 को दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव में दोस्तों के पास आया था। अगले दिन 8 सितंबर को वो दोस्तों संग ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में आया, जहां रात में म्यूजिकल कॉन्सर्ट चल रहा था। यहां से वो लापता हो गया।

कार्यक्रम खत्म होने के बाद वो एक्सपोर्ट मार्ट के बाहर बेहोश पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से वो लापता हो गया।

9 सितंबर 2017 को प्रवीश चनम की लाश नोएडा में निठारी कार मार्केट के पास मुर्गा मंडी में सड़क पर पड़ी मिली।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली–110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी–9 सेक्टर–3, नोएडा–201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# एनडीएमसी के 4400 कर्मचारियों को मिला नियुक्ति पत्र

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तीन परियोजनाओं का किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को तालकटोरा स्टेडियम में दिल्ली नगरपालिका परिषद के 4400 कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने कहा कि इन कर्मियों के जीवन में नई आशा का सूरज निकला है। सालों तक काम करते रहो, उसकी पहचान न हो। इसकी पीड़ा क्या होगी। यह वह जानते है। इस अवसर पर शाह ने एनडीएमसी की तीन परियोजनाओं रणजीत सिंह लाईओवर, सफदरजंग फ्लाईओवर के नवीनीकरण व सौंदर्यीकरण और पुष्प विहार, में कर्मचारियों के लिए 120 नवनिर्मित टाइप- दो फ्लैटों का भी उद्घाटन किया।

अमित शाह ने एनडीएमसी के आरएमआर कर्मचारियों को नियमितीकरण एवं नियुक्ति पत्र प्रदान करने के बाद बधाई देते हुए कहा कि यह कदम उन सभी कर्मचारियों के भविष्य में रोशनी की एक नई उम्मीद जगाता है। जिन्हें कड़ी मेहनत के बाद



महिला कर्मचारी को नियुक्ति पत्र देते गृहमंत्री अमित शाह, साथ में उपराज्यपाल वीके सक्सेना व अन्य।

भी अब उनके जीवन में लंबी अनिश्चितता के बाद नियुक्ति पत्र मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ लेने के बाद अनिश्चितता के खिलाफ कुछ फैसलों के कारण लोगों के जीवन में खुशहाली आई है।

कर्मचारियों का यह नियमितीकरण इसी श्रृंखला का एक हिस्सा है। गृहमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार के हर मंत्रालय और विभाग में कर्मचारियों के लाभ के लिए भर्ती नियमों को युक्तिसंगत बनाने के लिए बड़े कदम उठा रही है।

एनडीएमसी आरएमआर कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए गृह मंत्रालय और डीओपीटी ने भर्ती नियमों में संशोधन किया है और यह अन्य कर्मचारियों के भविष्य के लिए भी फायदेमंद है जो आगे भर्ती होंगे।

### शहरी विकास नीति नगरों को बनाती हैं जीवंत

*शाह ने कहा वर्ष 2014 के बाद राष्ट्र के लिए एकीकृत शहरी विकास नीति के तत्वों जैसे स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, आईसीसीसी, सीसीटीवी, ई-गवर्नेंस, अमृत मिशन, मेट्रो इंफ्रास्ट्रक्चर, इलेक्ट्रिक बसें, हरित ऊर्जा, स्वच्छ भारत मिशन, सौर ऊर्जा और एलईडी लाइट्स आदि का भी जिक्र किया। ये सभी ऐसे प्रयास हैं जो शहरी परिदृश्य को बदलती हैं और यह शहरों को अधिक रहने योग्य और जीवंत बनाती हैं। केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने एनडीएमसी में आरएमआर कर्मचारियों के नियमितीकरण के बारे में वर्ष 2015 में परिषद के पहले संकल्प हुई पहली बातचीत को याद किया और एक ही चरण में 4400 आरएमआर कर्मचारियों को नियमित करने के लिए गृह मंत्री को उनके व्यक्तिगत दृष्टि से इसे संभव बनाने के लिए धन्यवाद दिया। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा बड़ी संख्या में कर्मचारियों का नियमितीकरण प्रधान मंत्री के सम्मान और भविष्य की सुरक्षा के साथ हर हाथ काम देने के सपने को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने जी-20 शिखर सम्मेलन में भागीदारी और जी-20 फूड एंड फ्लावर फेस्टिवल के आयोजन और नई दिल्ली क्षेत्र में 1.40 लाख ट्यूलिप प्लांटेशन के लिए एनडीएमसी के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर एनडीएमसी के अध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि एनडीएमसी को देश के सभी नगर निकायों में सबसे अच्छा नागरिक निकाय माना जाता है, क्योंकि यह केंद्र सरकार की प्रमुख सीट के लिए दैनिक आवश्यक नागरिक सेवाएं प्रदान करने की जिम्मेदारी निभाती है।*

एनडीएमसी नई दिल्ली क्षेत्र में आवश्यक नागरिक सेवाएं बेहतर तरीके से उपलब्ध कराने के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इन सेवाओं की रीढ़ ये कर्मचारी हैं, जो एक या दो दशकों से अपना नियमितीकरण की प्रतीक्षा कर रहे थे।

# गैंगस्टर कपिल के गुर्गों की तलाश में छापेमारी, 6 पकड़े

● भाजपा किसान मोर्चा के नेता सुरेंद्र मटियाला की हत्या के मामले में कार्रवाई



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू के सहयोगियों की तलाश में पुलिस ने बुधवार को दिल्ली-एनसीआर में कई ठिकानों पर छापेमारी कर छह लोगों को गिरफ्तार किया और 20 अन्य को हिरासत में लिया।

यह कार्रवाई द्वारका के बिंदापुर में भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के नेता सुरेंद्र मटियाला की हत्या के मामले में दो नाबालिगों को हिरासत में लिए जाने और चार अन्य को गिरफ्तार किए जाने के कुछ दिनों बाद की गई। चंडीगढ़ से गिरफ्तार किए गए दो शूटर में से एक कपिल सांगवान गिरोह से जुड़ा था। पुलिस उपायुक्त एम हर्षवर्धन ने कहा कि 300 पुलिसकर्मियों से लैस 21 दलों ने दिल्ली में 15 और हरियाणा में छह ठिकानों पर एक साथ छापे मारे।

छापेमारी के दौरान की गई जब्ती के आधार पर सशस्त्र अधिनियम और स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 20 अन्य को हिरासत में लिया गया है। हर्षवर्धन के मुताबिक, छापेमारी कपिल सांगवान और उसके सहयोगियों के खिलाफ की गई।

# पहलवानों से मिलने पहुंचीं पीटी उषा

● आईओए अध्यक्ष ने दिया समर्थन का आश्वासन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने वाले पहलवानों के प्रति असंवेदनशील होने के आरोपों का सामना कर रही भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने जंतर-मंतर पर उनसे मुलाकात की और उन्हें समर्थन का आश्वासन दिया।

पूर्व फर्राटा धाविका ने इससे पहले कहा था कि पहलवानों को अनुशासन दिखाना चाहिए था। उषा मीडिया से बात किए बिना चली गईं लेकिन बजरंग पूनिया ने कहा कि उन्होंने मदद का आश्वासन दिया है।

बजरंग ने कहा, शुरू में जब उन्होंने ऐसा कहा तो हमें बहुत बुरा लगा लेकिन फिर उन्होंने कहा कि उनकी टिप्पणियों का गलत मतलब निकाला गया। साक्षी ने कहा कि उन्होंने (उषा) कहा कि हमें स्टेडियम की जगह सड़कों पर देखकर उन्हें दुख हो रहा है। आगे साक्षी ने कहा कि यहां आकर उन्होंने हमारा समर्थन किया, हमें बस इतना ही चाहिए।

विनेश ने कहा कि मैंने उनसे यह भी कहा कि वह एक राज्यसभा सांसद हैं, अगर वह इस मुद्दे को संसद में उठा सकती है, तो वह काफी होगा। बजरंग ने कहा, हम उनका सम्मान करते है। वह महान एथलीट रही है। देर आए दुरुस्त आए।



विनेश फोगाट से गले मिलती भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा।

## किसी दल को नहीं गांवों की पंचायत बुलाने का अधिकार : सोलंकी

*नई दिल्ली। जंतर-मंतर पर 360 गांव की पंचायत बुलाने वाले आम आदमी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय के बयान पर विवाद खड़ा हो गया है। गोपाल राय ने कहा कि आम आदमी पार्टी 360 गांव की पंचायत बुलाएगी। इस पर उत्तर भारत की सबसे बड़ी खाप पंचायत और 360 गांव की सर्वमान्य खाप पालम 360 के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने कड़ा एतराज जताते यह कहा कि पार्टी के नेता अपनी पार्टी के मीटिंग की बात करें, उन्हें गांवों की पंचायत बुलाने का क्या अधिकार है। हमारे गांव और खापों की अपनी परंपरा और रीति रिवाज है। राजनीतिक पार्टियों और उनके नेताओं को हमारे सामाजिक ताने-बाने पर बेतुके बयान देने से दूर रहना चाहिए।*

## सात पीड़िता ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**नई दिल्ली।** बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने वाली सात महिला पहलवानों ने सीलबंद कवर में हलफनामा दाखिल करने की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। पहलवानों के वकील ने मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ और न्यायाधीश पी एस नरसिम्हा की पीठ के सामने मसला रखा और कहा कि वे न्यायालय के सामने सीलबंद कवर में हलफनामा जमा करने की अनुमति चाहते हैं। मामले की सुनवाई बृहस्पतिवार को होगी। हलफनामे की प्रति सोलिसिटर जनरल को देने में उन्हें कोई ऐतराज नहीं है लेकिन यह सार्वजनिक नहीं होनी चाहिए। पीठ ने इसकी अनुमति दे दी और अग्रिम प्रति सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता को दी जाएगी। मेहता ने पीठ से कहा कि मामले की जांच जारी है तो याचिकाकर्ताओं को यह सामग्री जांच अधिकारी को भी देनी चाहिए। मेहता ने इसकी अनुमति मांगी जो कोर्ट ने दे दी।

## समर्थन में छात्र समूहों ने डीयू के बाहर किया प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदर्शनकारी पहलवानों के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए बुधवार को विभिन्न छात्र समूहों ने दिल्ली विश्वविद्यालय के कला संकाय के सामने विरोध प्रदर्शन किया और बृजभूषण शरण सिंह को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। कुछ प्रदर्शनकारियों को बाद में पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने कहा कि छात्रों ने विरोध प्रदर्शन के लिए पुलिस से अनुमति नहीं ली थी। उन्होंने बताया कि उन्हें शांतिपूर्वक वहां से हटा दिया गया और करीब 30



डीयू के छात्रों की पुलिस से झड़प होती हुई।

को हिरासत में लिया गया है। कुछ छात्रों ने आरोप लगाया कि उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया और दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को जबरन हिरासत में लिया।

# चार्जशीट में गलती से कैसे जुड़ा संजय सिंह का नाम : आप

## ईडी के कथित हलफनामे पर बिफरी सत्ताधारी पार्टी शीर्ष अफसरों पर मुकदमा करने की मांगी अनुमति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने दावा किया कि पार्टी सांसद संजय सिंह का नाम एक फर्जी घोटाले की चार्जशीट में डालने पर ईडी को अदालत में माफी मांगनी पड़ी है। इस मुद्दे को लेकर पार्टी जांच एजेंसी पर हमलावर हो गई है।

केजरीवाल ने ट्वीट कर सवाल उठाए कि क्या चार्जशीट में भी किसी का नाम गलती से डाला जा सकता है। वहीं राज्यसभा सांसद संजय ने केंद्रीय वित्त सचिव को पत्र लिखकर ईडी के निदेशक संजय कुमार मिश्रा और सहायक निदेशक जोगेंद्र पर मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी है।

आम आदमी पार्टी के विधायक सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में दो एजेंसियां ईडी और सीबीआई डराने-धमकाने, किसी को परेशान



करने, प्रताड़ित करने और किसी की इज्जत को पूरी तरह से नीलाम करने की पर्यायवाची बन गई हैं। कुछ दिन पहले संजय सिंह ने घोषणा की थी कि वे केंद्र सरकार की एजेंसी ईडी के निदेशक संजय कुमार मिश्रा और सहायक निदेशक जोगेंद्र सिंह के खिलाफ क्रिमिनल डिफेमेशन का मुकदमा दायर करेंगे।

क्योंकि ईडी ने गलत व झूठे तरीके से संजय सिंह का नाम बदनाम करने के लिए चार्जशीट में डाला है और मीडिया में बताया कि संजय भी

## केजरीवाल ने भाजपा पर बोला तीखा हमला, कहा- आप नेताओं को बदनाम करने की चल रही साजिश

इस तथाकथित घोटाले में शामिल है। उसके कुछ दिनों बाद इस संबंध में संजय ने एक कानूनी नोटिस भी उन्हें भेजा। उन्होंने दावा किया कि देश में पहली बार है कि विपक्ष को डराने-धमकाने का काम करने वाली ईडी ने सिंह से माफी मांगी है।

उन्हें लगता है कि यह पहली बार है कि ईडी के निदेशक और सहायक निदेशक को माफी मांगनी पड़ी है। उन्होंने सवाल किया कि गलती से कभी भाजपा के सासंद का नाम तो नहीं आया। यह नाम प्रधानमंत्री कार्यालय से दबाव डालकर डलवाए गए। इसी वजह से चार्जशीट में उनका नाम आया। वही, केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा, क्या किसी का नाम चार्जशीट में गलती से भी डाला जाता है। इससे साफ है कि पूरा केस फर्जी है। उधर, राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने केंद्रीय वित्त सचिव को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि ईडी के निदेशक और सहायक निदेशक ने उनकी छवि खराब करने के लिए गलत बयान दिया है।

### भ्रष्टाचार से ध्यान हटाने का प्रयास कर रही आपः भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा कि केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार से ध्यान भटकाने के लिए इस मामले पर हंगामा खड़ा कर रही है। प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर आरोप पत्र में सिंह के नाम का उल्लेख एजेंसी की ओर से एक वास्तविक लिपिकीय त्रुटि है और एजेंसी आरोप पत्र अदालत के संज्ञान में आने के तुरंत बाद इसे सही करने के लिए आवेदन दायर कर चुकी है।

## मुख्यमंत्री आवास सौंदर्यीकरण को लेकर लेखी ने साधा निशाना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री और नई दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद मीनाक्षी लेखी ने बुधवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास का सौंदर्यीकरण मास्टर प्लान 2021 का उल्लंघन करते हुए किया गया और इसके लिए कई पेड़ काट दिए गए।

आरोपों पर केजरीवाल नीत सरकार या सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। बुधवार को केजरीवाल के 6, फ्लैगस्टाफ रोड आवास के पास प्रदेश भाजपा के अनिश्चितकालीन धरने में शामिल होने वालीं लेखी ने आरोप लगाया कि आवास का 45 करोड़ रुपये की लागत से कराए गए सौंदर्यीकरण कार्य में घोटाला हुआ है। भाजपा की दिल्ली इकाई ने सिविल लाइंस में केजरीवाल के सरकारी आवास के पास धरना शुरू किया। पार्टी ने 2020-22 में कराए गए कार्य में घोटाले का भी आरोप लगाया है। मंत्री ने कहा कि 500 गज का एक नया बंगला लगभग 4-5 करोड़ के साथ बनाया जा सकता है, जबकि केजरीवाल ने अपने आवास पर 45 करोड़ रुपये खर्च किए।

# मई में सावन की घटा, तीन दिन में महीने का कोटा पूरा

● सामान्य से नौ डिग्री कम रहा तापमान, आज से कम होगा वर्षा का दौर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

इस साल वैशाख के महीने में ही सावन की घटा देखने को मिल रही है। बुधवार को लगातार तीसरे दिन अच्छी वर्षा हुई। वह भी दिल्ली एनसीआर में ही।



फोटोः रंजन डिमरी

दिल्ली में तो महीने भर की बारिश का कोटा भी इन्हीं तीन दिन में पूरा हो गया जबकि तापमान सामान्य से काफी नीचे चल रहा है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि बृहस्पतिवार से धीरे धीरे बारिश का जोर कम होगा और गर्मी में भी अब आने वाले दिनों में बढ़ेगी।

उधर बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव हो गया और यातायात जाम हो गया। मौसम विभाग के मुताबिक बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से नौ डिग्री कम 30.6 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री कम 20.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

हवा में नमी का स्तर 64 से 100 प्रतिशत रहा। वर्षा शाम साढ़े पांच बजे तक 20.9 मिमी रिकार्ड की गई। यहां यह भी उल्लेखनीय मई माह में दिल्ली की औसत वर्षा 30.7 मिमी है जबकि बुधवार तक यह 36.7 मिमी हो चुकी है। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार, शनिवार, रविवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहने और हल्की वर्षा होने का पूर्वानुमान जताया है। जबकि शुक्रवार को मौसम शुष्क रहेगा। फिर सोमवार से आसमान पूरी तरह साफ हो जाएगा। हालांकि तापमान में बृहस्पतिवार से ही वृद्धि होने लगेगी। बृहस्पतिवार को जहां अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश- 32 एवं 17 डिग्री रह सकता है वहीं सोमवार तक यह 36 और 21 डिग्री तक चला जाएगा।

# एम्स में जबड़े के दुर्लभ ट्यूमर की सफल सर्जरी

● हाइपरपैराथायरायडिज्म ट्यूमर से पीड़ित थी किशोरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

एम्स के चिकित्सकों ने 14 साल की किशोरी के जबड़े में हुए दुर्लभ कैंसर की सफल सर्जरी की है। किशोरी को हाइपर पैराथायराइडिज्म से जुड़े जबड़े का बड़ा ट्यूमर है।

सर्जरी को करने वाले सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. सुनील चुम्बर और ओरल व मैक्सिलोफेशियल सर्जरी के प्रमुख डॉ. अजॉय रॉय चौधरी ने बताया कि किशोरी के जबड़े में एक बड़ा कोशिका ट्यूमर बन गया था।

इससे चेहरे की विकृति, खाने और बोलने में कठिनाई हो रही थी। डॉ. अजॉय रॉय चौधरी ने बताया कि मामला सामने आने के बाद टीम ने सर्जरी की योजना बनाई। यदि किशोरी की समय पर सर्जरी न करते तो उसे नुकसान हो सकता था। इस सर्जरी डॉ. सूरज प्रेमानंद, डॉ. देव सेनापति, डॉ. निशिकांत दामले डॉ. रिजुता अपफले, डॉ. गोपाल पुरी का योगदान रहा। प्रो. सुनील चुम्बर ने बताया कि सर्जरी के बाद रोगी ने खाना शुरू कर दिया है और स्वस्थ है।

### सर्जिकल रोबोटिक प्रशिक्षण सुविधा का उद्घाटन



एम्स के एसईटी (कौशल, ई-लर्निंग और टेलीमेडिसिन केंद्र) में अत्याधुनिक सर्जिकल रोबोटिक्स प्रशिक्षण सुविधा का उद्घाटन किया गया है। यह सुविधा एम्स-नई दिल्ली और मेडट्रोनिक पीएलसी के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी इंडिया मेडट्रोनिक प्राइवेट लिमिटेड के बीच सार्वजनिक-निजी साझेदारी है। एम्स-नई दिल्ली के निदेशक डॉ एम श्रीनिवास के नेतृत्व और दूरदृष्टि के तहत स्थापित केंद्र विशेषज्ञ सर्जन को रोबोट-सहायता वाली सर्जरी में सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

## दिन-ब-दिन बेनकाब हो रही है आपः भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने दावा किया कि भ्रष्टाचार के लगातार लग रहे आरोपों के मद्देनजर दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (आप) दिन-ब-दिन बेनकाब हो रही है। भाजपा ने आप से आबकारी नीति से जुड़े मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल की कथित संलिप्तता पर सफाई देने की मांग भी की।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने खबरों का हवाला देते हुए सवाल किया कि क्या रेस्तरां के समय में बदलाव आप नेताओं से जुड़े किसी वाणिज्यिक करार के कारण किया गया था। उन्होंने सिसोदिया के सचिव से जुड़ी खबरों का भी जिक्र किया, जिसमें ठेकेदारों के लिए कमीशन 12 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया।

# मेट्रो में यात्रियों की संख्या कोविड पूर्व की 90 प्रतिशत पहुंची

## डीएमआरसी का स्थापना दिवस : मेट्रो ने बाधाओं के बावजूद कई नए आयाम स्थापित किए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल निगम के प्रबंध निदेशक विकास कुमार ने कहा कि दिल्ली मेट्रो ने कोविड-19 महामारी से उत्पन्न चुनौतियों का दक्षता और धैर्य से सामना किया है और कोविड-19 से पहले मेट्रो यात्रियों की जितनी संख्या थी, उसमें से 90 प्रतिशत यात्री मेट्रो से सफर करने लगे हैं।

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के 29वें स्थापना दिवस पर मेट्रो भवन में कुमार ने यह कुमार ने यह भी कहा कि डीएमआरसी ने बाधाओं के बावजूद कई नए आयाम स्थापित किए हैं। विकास कुमार ने कहा कि कोविड-19 ने दिल्ली मेट्रो के सामने




चुनौतियां पेश कीं और इसका संचालन प्रभावित हुआ, लेकिन डीएमआरसी ने दक्षता और धैर्य से इनका सामना किया। डीएमआरसी ने धीरे-धीरे अपने यात्रियों का विश्वास फिर से हासिल कर लिया। उन्हें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि कोविड-19 से पहले यात्रियों की जो संख्या थी, उसकी 90 प्रतिशत यात्री संख्या हमने हासिल कर ली है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि महामारी से पहले यात्रियों की संख्या 60-65 लाख थी जो अब यह 50-55 लाख के आसपास पहुंच गई है।

डीएमआरसी के स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में आवास एवं शहरी मामलों के सचिव मनोज जोशी और दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार तथा अन्य ने शिरकत की।

दिल्ली मेट्रो दिल्ली और एनसीआर शहरों में सेवा देने वाली एक तेज यातायात प्रणाली है जिसमें गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुड़गांव, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, बहादुरगढ़ और बल्लभगढ़ शहर शामिल हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 24 दिसंबर 2002 को हरी झंडी दिखाकर मेट्रो की शुरुआत की थी। तब सबसे पहले शाहदरा से तीस हजारी के बीच लगभग 8.4 किलोमीटर में रेड लाइन मेट्रो सेवा शुरू हुई थी।

इसके बाद साल दर साल तेजी से इसका विस्तार हुआ। वर्तमान में नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्वा लाइन, रैपिड मेट्रो गुरुग्राम सहित मेट्रो के नेटवर्क की कुल लंबाई 391 किमी है। दिल्ली मेट्रो नेटवर्क में कुल 286 स्टेशन हैं। वहीं मेट्रो की लाइनों की कुल संख्या 12 है।

यह देश ही नहीं बल्कि दुनिया में कनेक्टिविटी और नेटवर्क क्षेत्र के लिए एक बड़ी मिशाल है।

## वक्फ बोर्ड की 123 गैर-सूचीबद्ध संपत्तियों के निरीक्षण की अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र को दिल्ली वक्फ बोर्ड से ली गई 123 गैर-सूचीबद्ध संपत्तियों का निरीक्षण करने की अनुमति दे दी है।

इस साल की शुरुआत में, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के भूमि एवं विकास कार्यालय ने दो सदस्यीयसमिति की रिपोर्ट के आधार पर बोर्ड से 123 संपत्तियों का नियंत्रण अपने हाथों में लेने का फैसला लिया था, जिसमें मस्जिदें, दरगाह और कब्रिस्तान शामिल हैं।

भूमि एवं विकास कार्यालय के उप-अधिकारी ने आठ फरवरी को बोर्ड के अध्यक्ष अमानतुल्लाह खान को लिखे एक पत्र में समिति की रिपोर्ट के आधार पर दिल्ली वक्फ बोर्ड को 123 संपत्तियों से संबंधित सभी मामलों से अलग करने के निर्णय की जानकारी दी थी।

# पत्नी की बीमारी के आधार पर सिसोदिया ने मांगी जमानत



● अदालत ने सीबीआई को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने अपनी पत्नी के स्वास्थ्य के लिए चिकित्सा आधार का हवाला देते हुए अब अंतरिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया है।

अदालत ने इस मामले में सीबीआई को नोटिस जारी स्थिति रिपोर्ट पेश करने को कहा है। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने सीबीआई से बृहस्पतिवार को रिपोर्ट पेश करने को कहा है। इसी दिन अदालत में सिसोदिया की नियमित जमानत याचिका पर भी सुनवाई होनी है। सिसोदिया के वकील ने कहा कि सिसोदिया को पत्नी की चिकित्सकीय स्थिति पर तत्काल ध्यान दिए जाने की जरूरत है। साथ ही वकील ने अदालत से उन्हें अंतरिम जमानत देने का अनुरोध किया। सीबीआई के वकील ने कहा कि बृहस्पतिवार को रिपोर्ट पेश करना संभव नहीं होगा। अदालत ने सीबीआई के वकील से कोशिश करने और गुरुवार तक रिपोर्ट पेश करने को कहा ताकि अर्जी पर जमानत याचिका के साथ ही सुनवाई की जा सके।

# अंत्योदय परिवार उत्थान मेले में सैंकड़ों लाभार्थियों ने कराया पंजीकरण

### गरीब परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ रही योजना : एसडीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एसडीएम** बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद ने कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में अंत्योदय की भावना के साथ सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए फरीदाबाद के शहरी क्षेत्र में गरीब परिवारों की आय बढ़ाने के लिए कृत संकल्प बद्धता के साथ कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला के तहत जिन परिवारों की वार्षिक आय 1,80,000 से कम है, उन परिवारों की आजीविका के साधनों में वृद्धि करने के लिए अंत्योदय मेला लगाया गया है। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेलों के माध्यम से समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाया जा



मेले में भाग लेते लाभार्थी।

रहा है। वहीं सरकार जनसेवा को समर्पित होकर अंत्योदय की भावना से अंतिम व्यक्ति के उत्थान में सराहनीय व उल्लेखनीय कदम उठा रही है।

**मेले में आवेदक ये लाएं जरूरी दस्तावेज :** एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद ने बताया कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले में आवेदक ये दस्तावेज़ जरूर लाए। परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता कॉपी, पासपोर्ट साइज़ फोटो, वोटर कार्ड आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस मेले में लगभग 18 विभाग, जिनमें सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय, हरियाणा रेड क्रॉस सोसाइटी, रोजगार विभाग हरियाणा, मंडल रोजगार कार्यालय फरीदाबाद, उद्यान विभाग, हरियाणा पिछड़े वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम कार्यालय, हरियाणा महिला विकास निगम, हरियाणा अनुसूचित जातियां वित्त एवं विकास निगम, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज हरित मत्स्य पालन विभाग हरियाणा कौशल विकास द्वारा कोई भी आवेदक जो किसी भी कारण से अपनी पढ़ाई लगातार नहीं कर पाया है। उनको हरियाणा कौशल विकास निगम द्वारा 3 से 6 महीने के फ्री कोर्स करवाए जा रहे हैं और उनको सर्टिफिकेट भी दिया जा रहा है, ताकि उनको रोजगार प्राप्त हो सके। हरियाणा डेयरी विकास सरकारी प्राधिकरण लिमिटेड , हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा ब्यूटी केयर प्रशिक्षण व सिलाई एवं कढ़ाई प्रशिक्षण, कथक कंप्यूटर प्रशिक्षण युवक व युवतियों को फ्री प्रशिक्षण दिया जाता है। पशुपालन और डेयरी विभाग, सीएससी ई गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड सहित अन्य विभागों ने मेले अपने अपने स्टाल लगाए हैं। जहां उन्होंने विभागों की योजनाओं के स्टाल का अवलोकन करते हुए आवश्यक निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर एसडीएम पंकज सेतिया, सीएमजीजीए श्रुति शर्मा, सीएमजीजीए आशीष जैन, तहसीलदार नेहा सहारन, नायब तहसीलदार सुरेश, नायब तहसीलदार दिनेश कुमार, नायब तहसीलदार करण सिंह सहित मुख्यमंत्री अन्तोदय परिवार उत्थान मेला से सम्बंधित सभी विभागों के अधिकारी गण और अंत्योदय परिवारों के आवेदक उपस्थित रहे।

# महिलाओं से ठगी करने का आरोपी नाइजीरियन गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए साइबर थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर सतीश व उनकी टीम ने मैट्रोमोनियल साइट के माध्यम से साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है । डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ ने प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम जॉन पॉल है, जो नाइजीरिया का रहने वाला है और फिलहाल दिल्ली के उत्तम नगर में रह रहा था।

आरोपी सितंबर 2021 में बिजनेस वीजा पर हिंदुस्तान आया था और तब से ही भारत के कुछ लोगों के साथ मिलकर साइबर फ्रॉड की वारदातों को अंजाम दे रहा है। आरोपी मैट्रोमोनियल साइट पर फर्जी आईडी बनाकर अपने आपको लंदन का नागरिक बताता है। साइट पर शादी के लिए रिश्ता ढूंढने वाली महिलाएं विदेशी नागरिकों की आईडी देखकर उनसे संपर्क करने की कोशिश करती हैं। जिसके पश्चात आरोपी उसे अपने जाल में फंसा लेते हैं। आरोपी कहते हैं कि वह कुछ दिन में भारत आएंगे और इसके पश्चात वह उसे शादी का लालच देते हैं। कुछ समय बातचीत करने के पश्चात एक दिन महिला को कई अन्य नंबरों से फोन आता है। जिसमें वह कहता है कि उसकी मां बीमार है और उसके लिए उसे पैसों की आवश्यकता है। इस प्रकार बहाने बनाकर आरोपियों ने फरीदाबाद की रहने वाली एक महिला के साथ आठ लाख की साइबर ठगी की वारदात को अंजाम दिया था।

# इनसो ने बैठक कर सक्रिय सदस्यता अभियान की दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**इनसो** के सक्रिय सदस्यता अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन सेक्टर-16 के सर्किट हाउस में किया गया। जिसमें इनसो के हरियाणा प्रदेश प्रभारी रवि मसीत और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष साकिर खान मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता इनसो फरीदाबाद जिलाध्यक्ष रवि शर्मा ने की। बैठक से पूर्व रवि शर्मा ने इनसो के युवा समर्थकों के साथ मिलकर दोनों का स्वागत किया।

इस मौके पर इनसो कार्यकताओं को संबोधित करते हुए रवि मसीत ने कहा कि सक्रिय सदस्यता अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है और इसकी शुरूआत सिरसा जिले से हुई थी। उन्होंने कहा कि इनसो ऐसे युवाओं को सक्रिय सदस्यता



बैठक में भाग लेते कार्यकर्ता।

अभियान का हिस्सा बना रही है, जो इनसो के कंधे से कंधा मिलाकर 24 घंटे उसके साथ खड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि सक्रिय सदस्यता अभियान के बाद कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में जाकर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और युवाओं को इनसो से जोड़ा जाएगा।

इस अवसर पर रवि शर्मा ने कहा कि इनसो जननायक जनता पार्टी की छात्र इकाई है। जिसमें आज युवा जुड़ने को आतुर हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इनसो हरियाणा में प्रत्यक्ष छात्रसंघ चुनाव कराने के लिए हर जिले में ज्ञापन सौंपेगी।

रवि शर्मा ने कहा कि इनसो ही है जो छात्रों के हित के लिए समय समय पर संघर्ष करती रहती है और छात्रों को उनका हक दिलाकर रहती है। इस मौके पर साकित, तुषार, विनय धतरवाल, योगेश पटेल, चंद्रकांत, रोबिन तेवतिया, कुणाल, तरणदीप व सागर शर्मा सहित दर्जनों युवा मौजूद थे।

# बीपीएल परिवारों की बिजली बिल सीमा 12 हजार करने पर सीएम का जताया आभार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**फरीदाबाद।** बड़खल विधानसभा क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा ने एक बार फिर से प्रदेश की जनता को सौगात दिए जाने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया। बीपीएल परिवारों की मांग को देखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने घोषणा की है कि जो परिवार वार्षिक 12 हजार रुपये से कम बिजली का बिल भरते हैं, उनको बीपीएल परिवार की श्रेणी में शामिल किया जाएगा। इससे पहले यह बिजली बिल की यह सीमा नौ हजार रुपए वार्षिक थी।

सीमा त्रिखा ने सीएम के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है, जहां बीपीएल परिवार के लोगों की न केवल बिजली बिल बल्कि उनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये है। जबकि पूरे देश में 1.20



लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय के लोगों को बीपीएल परिवार की श्रेणी से बाहर रखा जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बीपीएल परिवारों को परिवार पहचान पत्र के माध्यम से राशन व अन्य राहत सामग्री प्रदान की जाती है।

इसमें हरियाणा सरकार द्वारा बीपीएल परिवारों को पूरे भारतवर्ष में जो आय की सीमा थी, उसे 1.20 लाख से बढ़ाकर पहले ही 1.80 लाख कर दिया गया है। हरियाणा के

### वार्षिक 12 हजार रुपये से कम बिजली का बिल भरने वाले परिवार बीपीएल श्रेणी में होंगे

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश की जनता को और ज्यादा सक्षम बनाने के लिए राशन कार्ड व्यवस्था को खत्म करते हुए परिवार पहचान पत्र व्यवस्था को लागू किया। हरियाणा पहला ऐसा राज्य है। जिसमें परिवार पहचान पत्र की पहल सबसे पहले हुई। हरियाणा सरकार की इस नीति का अनुपालन देश के अन्य राज्य कर रहे हैं। इस नीति के तहत गरीब एवं जरूरतमंदों को सुविधाओं का लाभ पूरी तरह से मिल रहा है और परिवार पहचान पत्र का प्रयोग राशन कार्ड की तरह किया जाने लगा है।

# पड़ोसी की मनमानी से इंडियन आर्मी से रिटायर्ड कर्नल के मकान की दीवार फटी

**फरीदाबाद।** पड़ोसी की मनमानी के चलते इंडियन आर्मी से रिटायर्ड कर्नल के मकान की दीवार फट गई और मकान की दीवारों पर लगी भारी टाइल्स कर्नल के मकान में गिर पड़ी। इससे मालिक बाल-बाल बचे। सेक्टर-14 चौकी की पुलिस ने पड़ोसी दंपती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सेक्टर-14 निवासी वीके मलिक इंडियन आर्मी से रिटायर्ड कर्नल हैं। 79 साल के मलिक ने शिकायत में कहा है कि उनके पड़ोसी बबिता भाटी और उनके पति आजाद भाटी ने अपने पुराने मकान को तोड़कर अगस्त 2020 में नया बनाना शुरू किया था। दोनों के मकान की दीवार कॉमन है। उनके बीच की कॉमन दीवार पर ही पांच मंजिला इमारत बना दी, जो शुरू से ही हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के

### सेक्टर-14 चौकी की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी

नियमों की धज्जियां उड़ा कर सुरक्षा के नियम व कानूनों की अनदेखी की गई। अनदेखी कर दंपती ने इमारत खड़ी कर दी। आरोप है कि दंपती के मकान की दीवार पर लगी भारी टाइल्स वीके मलिक के घर के आंगन में गिरी, जिससे मलिक बाल-बाल बचे थे। हालांकि मकान बनाते समय कई बार ईंट भी उनके मकान में गिरी थी। इनकी लापरवाही से वीके मलिक के मकान की दीवारों में नमी आ गई और दीवार फट गई। प्लास्टर भी उखड़ गया व छत भी बैठ गई। फर्श की टाइल्स भी उखड़ गई। पुलिस ने आरोपी दंपती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# शहीद गुलाब सिंह लोधी का जयंती मनाकर उन्हें याद किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**लोधी** राजपूत जनकल्याण समिति फरीदाबाद द्वारा शहीद गुलाब सिंह लोधी का 120वां जन्मदिवस समिति कार्यालय सेक्टर-50 डबुआ कॉलोनी में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश चन्द्र पाठक ने की। जबकि कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह, महामंत्री मनोज बालियान, जेडीयू नेता सचिन तंवर, संपतसिंह लोधी गुरूग्राम, चोबसिंह लोधी, लाखनसिंह लोधी, रूपसिंह लोधी ने किया।

समिति संस्थापक-महासचिव लाखनसिंह लोधी ने बताया कि अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी का जन्म तीन मई 1903 को उन्नाव जिले के ग्राम चंद्रिकाखेड़ा फतेहपुर चौरासी में श्रीराम रतन सिंह लोधी राजपूत कृषक



शहीद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते कार्यकर्ता।

जमींदार परिवार में हुआ था, उस समय देश की आजादी के लिए सभी क्रांतिकारी प्रयासरत थे। झण्डा सत्याग्रह आन्दोलनकारी 23 अगस्त 1935 को लखनऊ के अमीनाबाद पार्क में झण्डा फहराना चाहते थे। उन्नाव जिले के आसपास क्षेत्र से कई जत्थे पार्क की ओर गए, परंतु अंग्रेजों ने किसी को भी सफल नहीं होने दिया। गुलाब सिंह लोधी अपने खेत में हल चला रहे थे, बैलों को वहीं छोड़ कर हाथ में पैना (एक लकड़ी) लेकर जत्थे में शामिल हो गए। पार्क के पास पहुंचकर वे किसी प्रकार अंग्रेजी पुलिस प्रशासन की नजर बचाकर पार्क में खड़े पेड़ पर चढ़ गए और अपने कपड़ों में छिपाकर लाए गए झण्डे को पैना में लगाकर पेड़ पर झण्डा फहराकर भारत माता की जय, वन्दे मातरम, महात्मा गान्धी की जय का उद्घोष करने लगे। अंग्रेज अधिकारियों ने देखा कि इतना सख्त पहरा होने पर भी किसी ने झण्डा फहरा दिया है। उन्होंने तुरंत गोली चलाने का आदेश दिया और कई गोलियां पेड़ पर चढ़े गुलाब सिंह लोधी को लगीं वे पेड़ से नीचे गिर पड़े। 23 अगस्त 1935 को क्रांतिवीर गुलाब सिंह लोधी देश की आजादी के लिए तिरंगा फहराते हुए बलिदान हो गए। इस अवसर पर नंदकिशोर लोधी, गीता शर्मा, मनीषा चौधरी, सुलेखा त्यागी, राजकुमार यादव, आशा लोधी, दीपक यादव, होती लाल लोधी, शीशपाल शास्त्री, ओमप्रकाश लोधी, सुरेश चन्द लोधी, शिवनाथ लोधी आदि उपस्थित रहे।

# होडल में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले में पात्र लोगों ने उठाया योजनाओं का लाभ

### ब्लॉक क्षेत्र के शेष रहे पात्र परिवार आज लगने वाले मेले में आकर हो सकते हैं लाभान्वित

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**सरकार** की जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज का अंतिम व्यक्ति भी लाभान्वित हो, इसी प्राथमिकता के आधार पर प्रदेश सरकार ने विभिन्न योजनाएं, परियोजनाएं व नीतियां लागू की हैं। सरकार ने इसी क्रम में ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक आमदनी एक लाख 80 हजार रुपये से कम है, उनके आर्थिक स्तर को मजबूत करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल ने अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की शुरूआत की, जिसके अंतर्गत जिला में चौथे चरण के अंत्योदय मेलों का शुभारंभ हो चुका है। पहला मेला होडल के पुन्हाना चौक पर स्थित राजकीय मॉडल



मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले में भाग लेते लोग।

संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में लगाया गया, जिसका शुभारंभ एडीसी डा. आनंद शर्मा ने किया। इस अवसर पर उनके साथ एसडीएम रणवीर सिंह, मुख्यमंत्री के सुशासन सहयोगी आश्रय सिंघल, तहसीलदार होडल संजीव नागर, बीडीपीओ नरेश शर्मा भी मौजूद रहे। एडीसी डा. आनंद शर्मा ने मेले के पात्र व्यक्तियों की सहायता के लिए लगाई गई हेल्प डेस्क, काउंस्लिंग डेस्क, योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर उन्होंने मेले में लाभ लेने के लिए आए पात्र व्यक्तियों से भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सरकार कृत संकल्प है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत होडल खंड क्षेत्र के पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के लिए बुधवार को अंत्योदय मेले का आयोजन किया गया है। इसी प्रकार नगर परिषद होडल क्षेत्र में रहने वाले योजना के पात्र परिवारों को लाभ देने के लिए गुरूवार को यह मेला दोबारा लगाया जाएगा। उन्होंने योजना के पात्र परिवारों से आह्वान किया कि वे मेले में आते समय अपने साथ परिवार पहचान पत्र, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, अल्पसंख्यक प्रमाण-पत्र (मुस्लिम वर्ग), दो पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ अवश्य लाएं, ताकि योजना का लाभ देने के लिए दस्तावेजों की जरूरी कार्यवाही अमल में लाई जा सके। एसडीएम रणवीर सिंह ने होडल के ब्लॉक क्षेत्र में रहने वाले मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के पात्र परिवार जोकि बुधवार को लगाए गए मेले में किसी कारणवश नहीं आ सकें हैं, वे नगर परिषद क्षेत्र में रिहायश करने वाले योजना के पात्र परिवारों के लिए गुरूवार को आयोजित किए जाने वाले मेले में आकर लाभन्वित हो सकते हैं। अंत्योदय मेले में लीड बैंक, जिला रेडक्रॉस सोसायटी, मत्स्य विभाग, रोजगार विभाग, एनआईसी, हरियाणा पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम, हरियाणा महिला विकास निगम, पशु एवं डेयरी विभाग, एमएसएमई जानकारी प्रदान की।

# केसीएम वर्ल्ड स्कूल के छात्र भाषण प्रतियोगिता में रहे अव्वल



केसीएम के छात्र को सम्मानित करते शिक्षाविद्।

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**टीकरी** ब्राह्मण स्थित केसीएम वर्ल्ड स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्रा हितिषा आर्या तथा नौवीं कक्षा के छात्र भाग्यदित्य ने जिला स्तर पर आयोजित इंटर स्कूल भाषण प्रतियोगिता में प्रथम व तृतीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है।

हितिषा को उसके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 1100 रुपये व ट्रॉफी तथा भाग्यदित्य को ट्रॉफी व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। हितिषा व भाग्यदित्य ने अपने भाषण के दौरान बताया कि बुजुर्ग वट वृक्ष के समान हैं, जिनकी शीतल छांव में पूरा परिवार सुखमय जीवन जीता है। इनका भाषण सभी के रौंगटे खड़े कर देने वाला तथा आंखें नम कर देने वाला था। इसके लिए आज विद्यालय में प्रधानाचार्या पारुल भारद्वाज द्वारा इन दोनों छात्रों को सम्मानित किया गया तथा अन्य छात्रों को भी इसी तरह आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही उन्होंने हिंदी विभाग की सभी अध्यापिकाओं की इन बच्चों का मार्गदर्शन करने के लिए प्रशंसा की।

## संक्षिप्त समाचार

### डबुआ में दो डाइंग यूनिटों के खिलाफ कार्रवाई कर थमाया नोटिस



**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ता फरीदाबाद ने डबुआ में दो डाइंग यूनिटों के खिलाफ कार्रवाई की है। उड़नदस्ता को सूचना प्राप्त हुई थी कि डबुआ पाली रोड इलाका थाना डबुआ में दो डाइंग यूनिट अवैध रूप से चल रही है, जिन्होंने प्रदूषण विभाग से कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया हुआ है। सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ता के राजेंद्र कुमार उप निरीक्षक, बृजेश कुमार व प्रभु दयाल प्रधान सिपाही द्वारा ओमवीर सिंह एसडीओ पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड फरीदाबाद तथा रविंद्र सिंह जेई, पाली की संयुक्त टीम द्वारा दोनों डाइंग यूनिटों को चेक किया गया। निरीक्षण पर पाया गया कि मसर्ज जेकेएम टैक्सटाइल प्लॉट नंबर 4 तथा एमएस शंकर डाइंग डबुआ पाली रोड द्वारा प्रदूषण विभाग से कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया हुआ है। इनके द्वारा लकड़ी का उपयोग करके भट्टियां चलाई जाती मिलीं तथा कपड़े की रंगाई के लिए पानी का उपयोग करके सिविर लाइन में डाला जाता मिला। इस संबंध में ओमवीर सिंह एसडीओ पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड फरीदाबाद द्वारा दोनों डाइंग यूनिटों को मौके पर ही नोटिस जारी गया है। उसके नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### रेहड़ी पटरी वालों को धमकाकर अवैध वसूली करने वाला धरा



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने एक आरोपी को फल सब्जी बेचने वाले रेहडी पटरी वालों से अवैध वसूली के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम सुभाष है, जो फरीदाबाद के सेक्टर 84 खेड़ी कला गांव का रहने वाला है। एसआरएस रेजिडेंसी सेक्टर-88 के पास फल सब्जी की रेहड़ी लगाने वाली महिलाओं सहित 10-12 लोगों ने आरोपी के खिलाफ बीपीटीपी थाने में शिकायत दी थी। जिसमें उन्होंने बताया कि वह रेहड़ी पटरी लगाकर अपने बच्चों का पालन पोषण करते हैं। आरोपी सुभाष रोज शाम को दारू पीकर आता है और पैसे मांगता है। पैसे न देने की सूरत में वह इन्हें धमकी देता है कि वह उनकी रेहड़ी में आग लगवा देगा और उन्हें वहां से हटवा देगा। शिकायत के बाद टीम मौके पर पहुंची, जहां आरोपी रेहड़ी पटरी वालों से अवैध वसूली कर रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को मौके से काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से अवैध वसूली से प्राप्त 5500 रुपये बरामद किए गए।

### सिपाही के बेटे ने नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच-30 में तैनात सिपाही मनोज के बेटे सक्षम ने एक बार फिर तीरंदाजी स्पर्धा में मेडल जीतकर फरीदाबाद का नाम रोशन किया है। इस बार गोल्ड मेडल जीतने पर पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने सक्षम को प्रथम श्रेणी प्रशंसा पत्र व पांच हजार का नकद इनाम देकर इसी प्रकार आगे भी तीरंदाजी में फरीदाबाद का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, सेक्टर-30 फरीदाबाद की नौवीं कक्षा के छात्र सक्षम अहलावत ने विजयवाड़ा में आयोजित 13वीं एनटीपीसी चेरुकुरी लेनिन वॉलगा मेमोरियल अंडर 14 नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर फरीदाबाद का नाम रोशन किया है। यह प्रतिस्पर्धा आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया, आंध्र प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन व चेरुकुरी वॉलगा आर्चरी एकेडमी द्वारा सात से 16 जनवरी के बीच आयोजित की गई थी। सक्षम की आयु 14 वर्ष है और उसने वर्ष 2022 व 2023 में राष्ट्रीय, राज्य व जिला स्तरीय पांच प्रतिस्पर्धाओं में दो गोल्ड, दो ब्रांज, एक सिल्वर तथा तीन प्रतिस्पर्धाओं में पहला, दूसरा व दूसरा स्थान प्राप्त किया है। पिछले वर्ष भी सक्षम ने आंध्र प्रदेश में आयोजित तीरंदाजी चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था, जिस पर पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने सक्षम को इस खेल में और कड़ी मेहनत करके गोल्ड मेडल जीतने के लिए प्रोत्साहित किया था और इस बार सक्षम ने अपनी कड़ी मेहनत, गुरुजनों व परिजनों के मार्गदर्शन गोल्ड मेडल भी जीत लिया।

### बामनीखेड़ा व दीघोट में अवैध निर्माण पर चला पीला पंजा



**पलवल।** जिला नगर योजनाकार पलवल द्वारा गांव बामनीखेड़ा व दीघोट की राजस्व सम्पदा में लगभग आठ एकड़ में पनप रही तीन नयी अवैध कॉलोनियों में 42 डीपीसी, एक बाउंड्रीवाल व 630 मीटर रोड नेटवर्क को तोड़ने के लिए जिला प्रशासन की मदद से तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। इस दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं फील्ड स्टाफ व पुलिस बल मौजद था। जिला नगर योजनाकार पलवल नरेंद्र नैन ने ताया गया कि विभाग द्वारा की जा रही तोड़फोड़ में और सख्ती बरती जाएगी, ताकि अवैध कॉलोनी काटने व उसमें निर्माण करने वाले मंसूबे पूरे न हो सकें और समय रहते पनप रहे अवैध निर्माण को तोड़ा जा सके। उन्होंने बताया कि सभी अवैध कॉलोनियों में जन साधारण को जागरूक करने के लिए चेतावनी बोर्ड भी लगाये जा चुके हैं। उन्होंने आम जनता से अनुरोध किया है कि अवैध कॉलोनियों में भू माफियाओं के बहकावे में आकर प्लाट न खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद न होने दें। अवैध कॉलोनियों में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती है। कोई भी अवैध कॉलोनी में निर्माण करने से पहले सरकार से नियमानुसार अनुमति लें। अवैध कॉलोनी में निर्माण को किसी भी समय अधिनियम के प्रावधान में गिराया जा सकता है।

### आरती भडाना ने फरीदाबाद का नाम रोशन किया : धर्मबीर भड़ाना



**फरीदाबाद।** गांव पाली की बेटी आरती भड़ाना का बुधवार को गांव पाली में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों ने फूल-मालाओं एवं ढोल नगाड़ों के साथ आरती भड़ाना का स्वागत किया। उज्बेकिस्तान से रनिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक लेकर पहुंची आरती भड़ाना का उत्साह बढ़ाने के लिए ग्रामीण भारी मात्रा में जुटे। इस मौके पर एसडीएम पंकज सेतिया, आप नेता धर्मबीर भड़ाना, आचार्य ओम प्रकाश ओम योग संस्थान आदि ने पहुंचकर आरती भड़ाना को हौसला बढाया और इसी प्रकार आगे शहर एवं देश का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया। गांव के सरपंच रघुवर प्रधान, कैप्टन तेज सिंह, सुरेश भड़ाना डीएसपी, पूर्व विधायक नगेंद्र भडाना, हरेंद्र भड़ाना, विवेक प्रताप, रणधीर भड़ाना, केसर सरपंच, बीरू सरपंच, जानकी सरपंच, महेश फागना, जयचंद्र पोसवाल, मामचंद प्रधान, हीरा चंडी, मनमोहन भडाना, कृष्ण भाड़ाना, टुंडा, कन्हैया सरपंच, जयवीर महाशय, सुखा ठेकेदार, शुभ पंडित, मलखान, शरदा मेंबर गोवर्धन ब्लॉक समिति, पाली स्कूल की प्रिंसिपल एवं कोच सभी ने मिलकर आरती भड़ाना का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर एसडीएम पंकज सेतिया ने कहा कि बच्चों में खेलों के प्रति काफी रूचि है। हम उम्मीद करते हैं कि ये जो कांस्य पदक जीतकर आई है, आगे चलकर स्वर्ण में तब्दील हो।

## जीएसटी संग्रह
### सर्वोच्च स्तर

**जीएसटी** संग्रह अब तक के सर्वोच्च स्तर एक महीने में 1.87 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है तथा विनिर्माण क्षेत्र में भी तेज प्रगति के संकेत हैं। सोमवार को सरकार ने घोषणा की कि उसने अप्रैल में वस्तु एवं सेवा कर-जीएसटी से 187.035 करोड़ रुपये प्राप्त किए। यह एक महीने में अब तक जीएसटी संग्रह का सर्वोच्च स्तर है। वास्तव में पहली बार सकल जीएसटी संग्रह 1.75 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े से अधिक हुआ है। इसी दिन हमें यह भी पता चला कि एसएंडपी के 'ग्लोबल इंडिया मैन्यूफैक्चरिंग परचेसिंग मेनेजर्स इंडेक्स' के अनुसार, विनिर्माण पीएमआई अप्रैल में बढ़ कर 57.2 पर पहुंच गया जो मार्च में 56.4 था। यह भी फैक्ट्री उत्पादन में अब तक की सबसे तेज वृद्धि है। अप्रैल में जीएसटी संग्रह अप्रैल, 2022 की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक रहा। इसके साथ ही सेवाओं के आयात समेत घरेलू लेनदेन से प्राप्त राजस्व पिछले साल अप्रैल में इन्हीं स्रोतों से प्राप्त राजस्व की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक रहा। पिछले महीने की एक और उल्लेखनीय उपलब्धि के रूप में 20 तारीख को एक ही दिन कर संग्रह के रूप में 9.8 लाख लेनदेन से 68,228 करोड़ रुपये कर प्राप्त हुआ। जीएसटी संग्रह में वृद्धि पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ट्वीट किया, 'भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी खबर। कम कर दरों के बावजूद कर संग्रह में वृद्धि से प्रदर्शित हुआ कि जीएसटी ने समन्वय व अनुपालन सुनिश्चित किया है।' कहने की आवश्यकता नहीं कि तकनीक ने समन्वय में महान भूमिका अदा की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तकनीक का प्रयोग बहुत अधिक बढ़ा है। उनके सभी निर्णय व नीतिगत घोषणायें उपलब्ध नवीनतम तकनीक के प्रयोग को केन्द्र में रखती हैं, फिर चाहे इन निर्णयों व घोषणाओं का संबंध ढांचागत विकास से हो अथवा कल्याणकारी उपायों से। ये दोनों उपलब्धियां- अब तक का सर्वाधिक जीएसटी संग्रह तथा विनिर्माण में अब तक की सबसे तेज वृद्धि आपस में जुड़ी हैं। हालांकि, विनिर्माण पीएमआई का प्रदर्शन मार्च में भी अच्छा था। क्या इन आंकड़ों का अर्थ है कि अब औद्योगिक वृद्धि तेजी से बढ़ने के रास्ते पर आ गई है? केवल दो महीनों का डेटा इस सवाल का जवाब देने के लिए काफी नहीं है। हमें यह देखने के लिए कुछ समय और प्रतीक्षा करनी चाहिए कि निकट अतीत में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का कितना लाभ मिलता है। लेकिन इस तथ्य से किसी प्रकार इनकार नहीं किया जा सकता है कि अनेक संकेत राहत देने वाले हैं। फरवरी में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक-आईआईपी ने विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 5.3 प्रतिशत आंकी थी। इस दर को बहुत अच्छा नहीं कहा जा सकता है, खासकर इसलिए भी कि फरवरी, 2022 में यह बहुत कम 0.2 प्रतिशत थी। लेकिन अप्रैल, 2022-फरवरी, 2023 कालखंड में इसमें उल्लेखनीय रूप से 4.9 प्रतिशत वृद्धि हुई। यह 2021-22 के इसी कालखंड की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक थी। महत्वपूर्ण रूप से पूंजीगत वस्तुओं अर्थव्यवस्था में क्षमता निर्माण का संकेत देती हैं और इस क्षेत्र में बहुत अच्छी स्थिति है। पिछले वित्त वर्ष के पहले ग्यारह महीनों में पूंजीगत वस्तुओं में शानदार ढंग से 13.4 प्रतिशत वृद्धि हुई, हालांकि 2021-22 के इसी कालखंड में यह बहुत अधिक 19 प्रतिशत थी। कुल मिला कर कहा जाए तो सरकार के इरादे और नीतियों में कर की दरें घटाने, आर्थिक सुधार करने तथा ढांचागत विकास करने को प्राथमिकता मिली है। ये नीतियां बहुत अच्छी सिद्ध हुई हैं। इन उपलब्धियों को देखते हुए सरकार को बिना चुनावी राजनीति से प्रभावित हुए इस रास्ते पर चलना जारी रखना चाहिए।



# बेहतरी हेतु आवश्यक मानसिक संतुलन

मानसिक संतुलन या माइंडफुलनेस को बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी माना जाता है। यह दुनिया भर में लोकप्रिय हो रहा है।

बलविंदर कुमार
(लेखक, सेवानिवृत्त आईएएस हैं)





हाल में 'माइंडफुलनेस' या मानसिक संतुलन को बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए शक्तिशाली औजार माना जाता है। यह समग्र रूप से भी स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। इससे तनाव दूर होता है, भावनायें व मूड नियंत्रित होता है तथा संज्ञानात्मक कामकाज में सुधार आता है। इस व्यवहार को हमारे मानसिक स्वास्थ्य में समग्र सुधार का प्रभावी औजार माना गया है और स्वीकार किया गया है। दुनिया भर में अब माइंडफुलनेस ने व्यापक आंदोलन का रूप ले लिया है। यह अरबों डालर का उद्योग बन गया है। दो प्राचीन व्यवहार ध्यान और योग अब दुनिया के अधिकांश हिस्सों में सर्वाधिक लोकप्रिय वैकल्पिक स्वास्थ्य व्यवहारों के रूप में स्वीकार किए गए हैं। अनेक फार्चून 500 कंपनियों ने अपने कार्यस्थलों पर माइंडफुलनेस आधारित ध्यान को शुरू किया है। इसके साथ ही चिकित्सा संस्थानों व अस्पतालों में ऐसे व्यवहारों को शुरू किया जा रहा है जो दीर्घकालीन दर्द व तनाव रोकने में सहयोगी हैं। अमेरिका में मेसाचुसेट्स विश्वविद्यालय के मेडिकल स्कूल में सेंटर आफ माइंडफुलनेस में अमेरिकन प्रोफेसर इमरिटस जोन-काबट जिन को दुनिया भर में माइंडफुलनेस के वैश्विक नेता के रूप में स्वीकार किया गया है। उनका 2019 के एक प्रकाशन में यह कथन बहुत लोकप्रिय है कि 'हमारे भीतर एक वैश्विक रिनेसां पैदा करने की क्षमता है जो मानव विकासक्रम व विकास के इस महत्वपूर्ण मोड़ पर माइंडफुलनेस व हार्टफुलनेस पैदा कर सकता है।' उनके अनुसार असंतोष व दबाव के कारण हमारे अपने दिमागों के भीतर हैं और यह एक 'सोचने की बीमारी' है। उनके शोध तथा दुनिया के अनेक देशों में किए अध्ययनों से स्पष्ट है कि मानसिक बेहतरी और माइंडफुलनेस के बीच सुपरिभाषित संबंध हैं।

मानसिक बेहतरी का अर्थ हमारा समग्र मनोवैज्ञानिक व भावनात्मक स्वास्थ्य है ताकि हम अपने दैनिक जीवन में प्रभावी रूप से सोच-विचार व काम कर सकें। जब हम मानसिक रूप से स्वस्थ व प्रसन्न अनुभव करते हैं तो हम प्रभावी रूप से दिन-प्रतिदिन पैदा होने वाले तनावों का मुकाबला कर सकते हैं तथा उन विपरीत स्थितियों से निपट सकते हैं जो हमारे जीवन में अप्रत्याशित रूप से आती हैं। वास्तव में विपरीत व कठिन समय में हम अक्सर टूट जाते हैं और यह नहीं जानते कि उभरती स्थितियों में कैसे जीवित रहा जाए। हम नकारात्मक विचारों के दुष्चक्र में बुरी तरह फंस सकते हैं। वास्तव में, जीवन की असली परीक्षा उस समय होती है जब हम ऐसी घटनाओं का सामना करते हैं। मनोवैज्ञानिक व मानसिक बेहतरी की भूमिका इस संबंध में महत्वपूर्ण होती है। यदि हम मानसिक रूप से स्वस्थ व मजबूत होते हैं तो जल्दी से इन परिस्थितियों से बाहर निकल जाते हैं। इसके साथ ही मानसिक बेहतरी हमारे संबंधों, कार्य क्षमता तथा शारीरिक स्वास्थ्य को अनेक प्रकार से प्रभावित करती है। अब चिकित्सा समुदाय में व्यापक रूप से स्वीकार कर लिया गया है कि माइंडफुलनेस के मानसिक स्वास्थ्य तथा समग्र बेहतरी के लिए अनेक लाभ हैं। इसका प्रयोग अनेक मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों का सामना कर रहे लोगों के चिकित्सकीय औजार की तरह किया जा सकता है। अनेक अध्ययनों से किए दावे इस बात की पुष्टि करते हैं कि माइंडफुलनेस का हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इन स्थितियों में तनाव, संकुचन, भावनात्मक नियंत्रण, चिन्ता घटाना तथा ट्यूमीनेशन शामिल हैं। इससे हल्के से लेकर मध्यम स्थिति वाले अवसाद व बेचैनी में भी लक्षणों के सुधार में सहायता मिलती है। कुछ अध्ययनों से यह भी स्पष्ट होता है कि माइंडफुलनेस से नशाखोरी व खासकर धूम्रपान रोकने में भी सहायता मिलती है।

माइंडफुलनेस को सटीक रूप से क्या कहा जा सकता है? माइंडफुलनेस 'वर्तमान में रहने' के हमारे अनुभव के सिवा और कुछ नहीं है। इसका अर्थ अपने चारों ओर बिना पूर्वाग्रह के घटने वाली घटनाओं पर नजर रखना है। वास्तव में वर्तमान क्षणों पर ध्यान केन्द्रित करने व उनके प्रति जागरूक रह कर हम जागरूकता के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच जाते हैं। इस स्थिति को माइंडफुलनेस कहते हैं। माइंडफुलनेस का अनुभव करने पर हम पूरी तरह सचेतन व जाग्रत रहते हैं। हम समय-समय पर उठने वाले विचारों, भावनाओं और अनुभवों के प्रति जागरूक रहते हैं। इस प्रकार हम उस समय अपने प्रति जागरूक तथा अपने विचारों के प्रति सतर्क रहते हैं। इस प्रकार माइंडफुलनेस में तीन महत्वपूर्ण तत्व होते हैं। पहला, हम 'वर्तमान' में हैं, दूसरा हम केन्द्रित व इन क्षणों के प्रति सतर्क हैं। हमारा दिमाग विभिन्न दिशाओं में भटक नहीं रहा है। तीसरा, हम 'बिना पूर्वाग्रह के जागरूकता' का अनुभव कर रहे हैं। हम चीजों पर प्रतिक्रिया करने, फैसले देने या इन अनुभवों के अर्थ खोजने के बजाय उनको स्वीकार करते हैं। दूसरे शब्दों में हम चीजों को अपने दृष्टिकोण के बजाय उनके मूल स्वरूप में स्वीकार करते हैं। इसके उलट हम आमतौर से स्वयं या परिवेश से संबंधित चीजों पर गौर नहीं करते हैं। इसका कारण यह है कि हम अधिकांशतः अपनी आंतरिक दुनिया में खोए रहते हैं। ऐसे में हम विचारहीन, संवेगी व प्रतिक्रियात्मक होते हैं। इस प्रकार हम मूल्यवान अनुभवों से वंचित हो जाते हैं। काम करते समय, खाते समय, चलते समय या दूसरों से बात करते समय अक्सर ऐसा होता है कि हम 'अचेतन' या 'अर्ध निद्रा' की स्थिति में रहते हैं। माइंडफुल न होने का भारी खामियाजा भुगतना पड़ता है। हम चिन्ता करते हैं तथा निराशाजनक विचारों के दुष्चक्र में घिर जाते हैं। हम मानसिक दबाव तथा अनेक स्तर पर बेचैनी का अनुभव कर सकते हैं। विचारों के प्रति माइंडफुल न होने पर हम उनका प्रबंधन नहीं कर पाते हैं और नहीं जानते कि ऐसी स्थितियां मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती हैं। इसके परिणामस्वरूप हम मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों, जैसे, अत्यधिक दबाव, बेचैनी, अवसाद व अकेलेपन के शिकार हो सकते हैं। माइंडफुलनेस के लाभ मानसिक बेहतरी के रूप में सामने आते हैं। अनेक अध्ययनों से पता चला है कि माइंडफुलनेस का मानसिक स्वास्थ्य के अनेक आयामों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। हम मानसिक रूप से स्वस्थ व मजबूत हो जाते हैं। माइंडफुलनेस से न केवल विचारों व भावनाओं पर नियंत्रण स्थापित होता है, बल्कि संज्ञानात्मक लचीलापन आता है। बेहतर भावनात्मक नियंत्रण से आत्मनियंत्रण बढ़ता है तथा दबाव व विपरीत स्थितियों से निपटने की क्षमता बढ़ती है। धीरे-धीरे हम ज्यादा ध्यान देने वाले व जागरूक हो जाते हैं और इससे कार्यस्थल तथा व्यक्तिगत जीवन पर बेहतर नियंत्रण स्थापित होता है। माइंडफुलनेस का व्यवहार करने से हम ज्यादा उदार, संवेदनशील व प्रेम करने वाले बनते हैं जिससे दूसरों के साथ संबंध सुधरते हैं। व्यापक रूप से इससे हम बेहतर मनुष्य बनते हैं। माइंडफुलनेस विकसित करने का एक मात्र रास्ता वर्तमान क्षण में इसका ज्यादा से ज्यादा व्यवहार करना व अनुभव प्राप्त करना है। पूर्ण जागरूक व जाग्रत रहने के अपने अनुभवों को अधिकतम स्तर पर लाना सबसे जरूरी है। हमें अपने चलायमान दिमाग को वर्तमान में लाने के सचेतन प्रयास करने की आवश्यकता है। हमें अपना ध्यान वर्तमान पर वापस लाने का सरल अभ्यास करना चाहिए। यह बात हमारे दिमाग में हमेशा बनी रहनी चाहिए, चाहे हम खा रहे हों, चल रहे हों, काम कर रहे हों, खेल रहे हों, टीवी देख रहे हों या दूसरों की बातें सुन रहे हों। हमें वर्तमान पर ध्यान केन्द्रित कर अपनी सर्वोत्तम क्षमता से काम करना चाहिए। हालांकि, यह करने की तुलना में कहना आसान है। इसका कारण यह है कि आदत व पूर्व-निर्धारित सोच लगातार काम करती रहती है। लेकिन सचेतन प्रयासों से हम ज्यादा माइंडफुल हो सकते हैं। माइंडफुलनेस का व्यवहार न केवल ध्यान, बल्कि सांस लेते समय, चलते समय, खाते समय और दूसरों से संवाद के समय भी हो सकता है। ध्यान करते समय हम अपने दिमाग में उठने वाले विचारों पर बिना पूर्वाग्रह गौर करते हैं जिनसे हमारा मस्तिष्क शांत और शांतिपूर्ण हो जाता है। सांसों पर ध्यान देकर ध्यान में इसका लाभ उठा सकते हैं। इससे 'माइंडफुल रहने' वाली स्थिति पैदा होती है, हम जागरूक होते हैं तथा अपनी सोच व विचारों पर प्रभावी नियंत्रण करते हैं। इससे स्वतः ही अपने तथा अपने चारों ओर के जीवन पर नियंत्रण बढ़ता है तथा हम जीवन में विपरीत स्थितियों व कठिन समय से निपटने में सक्षम होते हैं। इससे हम कठिन समय से ज्यादा आसानी से और जल्दी बाहर आते हैं। माइंडफुलनेस-आधारित ध्यान का मानसिक अभ्यास सरल है। इससे हमारे शारीरिक व मनोवैज्ञानिक स्थितियों में परिवर्तनकारी बदलाव आते हैं।

# किंग चार्ल्स का राज्याभिषेक ऐतिहासिक होगा

> किंग चार्ल्स को दुनिया को यह दिखाने की जरूरत होगी कि उनका शासन आधुनिक होगा और राष्ट्रमंडल समावेशी होगा

कल्याणी शंकर
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



दुनिया भर के लोग 6 मई को ब्रिटिश किंग चार्ल्स और उनकी रानी कैमिलियन के राज्याभिषेक समारोह के साक्षी बनेंगे। आधुनिक ब्रिटिश इतिहास में 1952 में महारानी एलिजाबेथ 11 राज्याभिषेक के 70 साल बाद ऐसा महत्वपूर्ण क्षण उपस्थित होगा। हालांकि चार्ल्स महारानी एलिजाबेथ 11 की मृत्यु के बाद सितंबर 2022 में पदासीन हुए पर राज्याभिषेक अब ही होगा।

अलंकरण समारोह से लेकर बड़े राज्याभिषेक दिवस तक, यह अनेक कार्यक्रमों, अपराह्न भोजन और सामुदायिक कार्यक्रमों का एक लंबा सप्ताहांत होगा। प्रधान मंत्री ऋषि सनक ने कहा कि यह देश के लिए एक 'अनोखा क्षण' था। समारोह में मान्यता, राज्याभिषेक की शपथ, अभिषेक, अलंकरण, और सिंहासन व श्रद्धांजलि शामिल होंगे। हालांकि अधिकांश अन्य विश्व राजतंत्रों ने इस भव्य आयोजन को बंद कर दिया है, पर ब्रिटेन में यह जारी है। किंग चार्ल्स अब कॉमनवेल्थ के भी प्रमुख हैं, जो 54 स्वतंत्र देशों का एक समूह है जिसमें 2.4 अरब लोग शामिल हैं। उन्हें दुनिया को यह दिखाने की जरूरत थी कि उनका शासन आधुनिक होगा और राष्ट्रमंडल समावेशी होगा। मुआवजे के भुगतान और गुलामी के लिए माफी की मांग बढ़ रही है। चार्ल्स समारोह में मेहमानों की सूची 8,000 से घटाकर 2,000 कर दी गई है। मोनाको के राजकुमार अल्बर्ट और राजकुमारी चार्लेन, जापान के क्राउन प्रिंस अकिशिनो और क्राउन प्रिंसेस किको, पोलैंड के राष्ट्रपति डूडा और फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर जैसे अन्य सम्राट 900 वर्षों में पहली बार इस समारोह में भाग लेंगे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ राज्याभिषेक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। अधिकांश ब्रिटिश शाही परिवारों के सदस्य इसमें शामिल होंगे, जिनमें विलियम, प्रिंस ऑफ वेल्स, उनकी पत्नी कैथरीन और उनके बच्चे शामिल हैं। उल्लेखनीय अनुपस्थितियों में मेघन मर्केल शामिल हैं, लेकिन उनके पति, प्रिंस हैरी, और प्रिंस एंड्रयू भी उपस्थित रहेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अनुपस्थित रहेंगे, लेकिन उनकी पत्नी जिल बाइडन अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी। सेवा में राजा की इच्छा के बाद विभिन्न धर्मों व सामुदायिक समूहों को शामिल किया जाएगा। भारतीय मूल के संत इंद्रजीत सिंह सिख समुदाय का प्रतिनिधित्व करेंगे और भगवान पटेल हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व करेंगे। चार्ल्स ने लंबे समय से नस्ल या धार्मिक विश्वासों की परवाह किए बिना सभी धर्मों में रुचि व्यक्त की है।



यह हमें इस बड़े सवाल पर ला खड़ा करता है कि क्या इस तरह की घटना का महत्व था, और क्या सम्राट को इसकी आवश्यकता है। इस मुद्दे पर देश में बहस छिड़ गई है। हालांकि कुछ लोग राजशाही को जारी रखना चाहेंगे, पर कुछ अन्य इसे आर्थिक संकट होने पर देश की अर्थव्यवस्था, विशेषकर युवा पीढ़ी पर एक बोझ मानते हैं। कुछ राजशाही विरोधी समूहों को लगता है कि यह 2023 में अनावश्यक हो सकती है। राज्याभिषेक से पहले जनता के मिजाज का आकलन करने के लिए नवीनतम यूगोव जनमत सर्वेक्षण से पता चला कि चार्ल्स अलोकप्रिय नहीं हैं, लेकिन निश्चित रूप से अपनी मां और बेटे, प्रिंस विलियम से कम लोकप्रिय हैं। सर्वेक्षण में राजशाही के लिए व्यापक समर्थन का सुझाव दिया गया है, जिसमें 58 फीसदी इसे राज्य के निर्वाचित प्रमुख के लिए पसंद करते हैं जिसे 26 फीसदी का समर्थन प्राप्त हुआ था। चार्ल्स कितने प्रभावी होंगे, इस पर संदेह था। नौकरी पर अपने पहले छह महीनों के दौरान उन्होंने राजभक्तों और गैर-राजभक्तों को प्रभावित किया। उन्होंने शाही आवासों में फेरबदल किया है। वह शाही घराने को सिकोड़ना चाहेंगे। बिना ताज के किंग चार्ल्स तृतीय के चित्र वाले नए डाक टिकट रॉयल मेल द्वारा जारी किए गए थे। साथ ही, चार्ल्स ने टर्मिनल 5 का नाम उनके नाम पर रखने के हीथ्रो के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया, बल्कि यह सम्मान अपनी मां के लिए भी प्रस्तावित किया। टर्मिनल दो 2014 में रानी का टर्मिनल बन गया। पूर्व में, डायना के साथ चार्ल की टूटी शादी ने उन्हें अलोकप्रिय बना दिया था। अब स्थिति बदल रही है। लोग चार्ल्स और उनकी रानी कैमिला को स्वीकार करने को तैयार हैं। प्रिंस ऑफ वेल्स के रूप में, किंग चार्ल्स ने 1976 में ब्रिटिश नौसेना से अपने खंडित वेतन के साथ प्रिंस ट्रस्ट की शुरुआत की। यह वंचित पृष्ठभूमि वाले लोगों के लिए पहला अनुदान प्रदान करता है। उनकी अन्य रुचियों में जलवायु परिवर्तन, युवा लोगों के लिए रोजगार की संभावनाएं और अंतर-धार्मिक संबंध शामिल हैं। राज्याभिषेक के साथ एक भारतीय संबंध भी है। अब तक, रानियों ने राज्याभिषेकों के लिए प्रसिद्ध 105-कैरेट कोह-ए-नूर हीरा पहना है, जो आंध्र प्रदेश के गोलकुंडा में खनन किया गया था। कोहिनूर को 1911 में क्वीन मैरी के मुकुट पर एक क्रॉस में लगाया गया था। फिर भी, विवाद से बचने के लिए हीरे को ताज से हटा दिया गया और सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए टॉवर ऑफ लंदन भेज दिया गया। राज्याभिषेक के बाद, राजा को शाही घराने और कामकाजी राजघरानों की संख्या को कम करने की योजना है।

## आप की बात

### भाकपा व आरएसएस

**चुनाव आयोग** ने 3 दलों का राष्ट्रीय राजनीतिक दल का दर्जा छीन लिया इनमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-भाकपा भी शामिल है। उसने राष्ट्रीय दल की मान्यता ऐसे समय गंवाई जब वह अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने जा रही है। भाकपा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-आरएसएस की स्थापना एक ही कालखंड में हुई ऐसे में सवाल है कि दोनों की स्थिति में जमीन आसमान का अंतर क्यों है? संघ प्रेरित भाजपा इस समय देश की सबसे बड़ी पार्टी है, जबकि इसके उलट भाकपा अब राष्ट्रीय पार्टी नहीं रही। संघ की स्थापना वर्ष 1925 में विजयदशमी के दिन हुई थी तो भाकपा की उसी साल क्रिसमस सप्ताह 26 दिसंबर में हुई। भले ही वामपंथियों को राजनीतिक स्वरूप भारत में मिला हो किंतु उनका वैचारिक बीजारोपण 27 अक्टूबर 1920 को तत्कालीन सोवियत संघ के ताशकंद में हो चुका था और उनके नेता 1943 तक मॉस्को से संचालित कम्युनिस्ट इंटरनेशनल से दिशा निर्देश प्राप्त करते रहे। वहीं आरएसएस भारतीय प्रज्ञा का मूल रूप है और अपनी स्थापना से ही उसकी रक्षा हेतु प्रतिबद्ध है जबकि वामपंथियों की मान्यता है कि भारत अंतरराष्ट्रीय समुदाय का एक अंग है तथा राष्ट्रवाद की तुलना में अंतरराष्ट्रवाद महत्वपूर्ण है।

**- परमवीर,** मेरठ

### कर्नाटक चुनाव

**कर्नाटक** विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस द्वारा जारी घोषणापत्र में कई तरह की मुफ्त रेवड़िया बांटने की घोषणा की गई है। पिछले कुछ महीनों से चुनाव आयोग व सुप्रीम कोर्ट तक मुफ्त की रेवड़ियों के बारे में अपनी नाखुशी जाहिर कर चुके हैं। हमारे देश में बहुसंख्यक गरीब मतदाता हैं जो ऐसे मुफ्त के लोकलुभावन वायदों में फंस कर अपना कीमती वोट लुटा बैठते हैं। यदि राजनीतिक दल गरीबों के उत्थान के लिए ही यह सब कर रहे हैं तो क्यों नहीं वह अपना पार्टी फंड इस पर खर्च करते हैं? आज कई राज्य कर्ज के दलदल में गले तक फंसे हैं। यदि चुनाव जीतने के लिए की गई घोषणाएं पूरी की जाएं भविष्य में कई राज्यों की अर्थव्यवस्था मटियामेट हो जाएगी। कई राज्य केंद्र द्वारा भी कर्ज देने की सीमा कब की पार कर भी चुके हैं। अब मुफ्त की रेवड़ियों के लिए पैसे कहां से लाएंगे? नरेन्द्र मोदी एक चुनाव सभा में कह चुके हैं कि यदि कांग्रेस की घोषणाओं पर अमल होने लगे तो कर्नाटक का खजाना खाली हो जाएगा, पर इन पर अमल नहीं हो पाएगा। भाजपा को विश्वास है कि ऐसे लोकलुभावन वादों के बावजूद कांग्रेस को सफलता नहीं मिलेगी।

**- सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### नौकरियों का संकट

**विश्व आर्थिक मंच** की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार अगले चार वर्षों के दौरान नियोक्ता 6 करोड़ नब्बे लाख नई नौकरियां सृजित तो करेंगे मगर 8 करोड़ 30 लाख पुरानी नौकरियां समाप्त भी कर देंगे। इसके परिणाम स्वरूप 1 करोड़ 40 लाख नौकरियों का नुकसान होने जा रहा है। हकीकत में इसका असर और खराब पड़ने वाला क्योंकि तब तक रोजगार पाने के लाइन में करोड़ों लोग और जुड़ जायेंगे। यह रिपोर्ट 800 से अधिक कंपनियों के सर्वेक्षणों पर आधारित है और उन व्यवधानों को उजागर करती है जो वैश्विक नौकरी बाजार को हिला देंगे। कई कंपनियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता-एआई व अन्य मशीनों जैसी नई तकनीकों को अपनाने की ओर कदम बढ़ा चुकी हैं। वैसे भी एआई के सकारात्मक उपयोग से ज्यादा नकारात्मक उपयोग होना शुरू भी हो चुका है। दुनिया भर के ऑनलाइन ट्यूटोरियल क्लासेज के शेयर मूल्य लगातार गिरते जा रहे हैं। यह सब एआई के कारण हो रहा है। इसके जनक ज्योफ्री हिन्टन ने गूगल से इस्तीफा देते हुए अपने शोध पर पछतावा भी व्यक्त किया है। दुनिया भर में नौकरियों के बढ़ते संकट पर तत्काल ध्यान देना जरूरी है।

**- जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### खड़गे के बोल

**सूरत** कोर्ट द्वारा राहुल गांधी को सजा देने और उनकी सदस्यता खत्म होने के मामले के बाद भी लगता है कांग्रेस ने कोई सबक नहीं लिया है। जैसे-जैसे कर्नाटक विधानसभा में चुनावी रंगत जमने लगी है नेताओं के कड़वे बोल जुबां पर आने लगे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने प्रधानमंत्री को जहरीला सांप संबोधित कर साबित कर दिया है कि सौ-सौ डंडे खाएंगे पर भीड़ में घुस कर तमाशा जरूर देखेंगे। आज कांग्रेस पूरी तरह बिखरी हुई है। विधानसभाओं के साथ ही अगले वर्ष लोकसभा के चुनाव भी है। इन हालातों में कांग्रेस को किसी मृत संजीवनी विद्या की जरूरत है ताकि वह फिर से सांस ले सके। लेकिन लगता है शीर्ष नेतृत्व और आलाकमान इसको लेकर संजीदा नहीं है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष की जुबान का फिसलना किसी भी दशा में उचित नहीं है। यह न केवल राजनीतिक मर्यादाओं को तार-तार करने वाली बात है बल्कि स्वयं को अनुशासित मानने वाली कांग्रेस पार्टी के लिए शर्मनाक भी। यह प्रवृत्ति कांग्रेस के लिए घातक सिद्ध हो सकती है।

**- अमृतलाल मारू,** इन्दौर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

# युवाओं को कट्टे से कलम की ओर ले जा रहे हैं हमः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**निकाय** चुनाव के पहले चरण में 28 जगहों पर संवाद कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार से दूसरे चरण के चुनाव प्रचार में भी उतरे। मुख्यमंत्री ने आजमगढ़, संतकबीर नगर, मऊ और बलिया में जनसभा कर कमल का फूल खिलाने की अपील की। मुख्यमंत्री ने एक तरफ जहां डबल इंजन सरकार के कार्यों को गिनाया वहीं विपक्ष की जनविरोधी भावनाओं पर भी चर्चा की।

आजमगढ़ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया के अंदर आजगमढ़ को कभी उसके ओज और तेज के जाना जाता था। मगर 2017 पहले जिनके पास सत्ता की बागडोर थी, उन लोगों ने इसका केवल दोहन करने का काम किया। हमारे युवाओं के हाथों में कलम के स्थान पर कुछ लोगों ने कट्टा देने का काम किया। आज समय बदल चुका है और हम युवाओं को कट्टे से कलम की ओर ले जा रहे हैं। हम अपने युवाओं को तमंचे नहीं, टैबलेट दे रहे हैं। उन्हें तकनीकी से जोड़कर स्किल्ड बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले आजमगढ़ पहचान के लिए मोहताज था। यहां के लोगों को दूसरे शहरों में होटल और धर्मशालाओं में कमरे तक नहीं मिलते थे। जिन लोगों ने ये संकट पैदा किया था, आज उससे मुक्त करके आजमगढ़ को पूर्वांचल एक्सप्रेस से जोड़ा जा चुका है। यहां एयरपोर्ट बन रहा है और अब कट्टा नहीं कलम के लिए महाराज सुहेलदेव के नाम पर विश्व विद्यालय भी शुरू हो चुका है, शीघ्र ही उसका प्रशासनिक भवन बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार आजमगढ़ से एक कलाकार सांसद बना। परिणाम ये रहा कि यहां हरिहरपुर संगीत महाविद्यालय बनाया गया। सूडान से यूपी के 431 लोग अबतक वापस लाए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आजमगढ़ से हर शहर की बेहतरीन कनेक्टिविटी हो गयी है। पांच साल पहले कोई आया हो वो आज आएगा तो आजमगढ़ को पहचान भी नहीं पाएगा। पूर्व सीएम पांच साल पहले चुनाव प्रचार करने आए थे, आज वो भी सड़क मार्ग से आएंगे तो पहचान नहीं पाएंगे। संतकबीर नगर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मध्य काल के महान संत कबीर के आगमन के पूर्व मगहर के बारे में माना जाता था कि यह ऊसर भूमि है। मगहर में मृत्यु का मतलब सीधे नरक की बात होती थी, लेकिन संत कबीर ने उस धारणा को बदला। मगहर में उनकी महापरिनिर्वाण स्थली है। डबल इंजन सरकार ने संत कबीर अकादमी बनाकर उनके मूल्यों, आदर्शों व समाज में समता-समरसता के मूल्यों की स्थापना व शोध को बढ़ावा देने को प्रोत्साहित किया है। जो मगहर मध्यकाल में नरक का प्रतीक माना जाता था। डबल इंजन की सरकार में वह स्वर्ग सा प्रतीत हो रहा है। छह वर्ष में प्रदेश में हुए परिवर्तन इन बातों की तरफ ध्यान आकर्षित करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संतकबीर नगर से बहने वाली आमी छह साल पहले तक प्रदूषित थी। पालतू पशु उसके जल को ग्रहण कर ले तो मर जाता था। आज मगहर में आमी नदी स्वच्छ, निर्मल, अविरल है। आपके बगल में मुंडेरवा चीनी मिल बंद हो गई थी। पिछली सरकारों ने किसानों पर गोली चलवाई। हमारी सरकार ने न सिर्फ चीनी मिल स्वीकृत की, बल्कि वहां की मिल पेराई भी कर रही है। यहां के किसानों के लिए यह सम्मान का माध्यम बना। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का लिंक एक्सप्रेसवे संतकबीर नगर होते हुए गोरखपुर जा रहा है।

## मऊ की कानून व्यवस्था को व्हीलचेयर पर लाने वाले आज खुद व्हीलचेयर पर हैंः मुख्यमंत्री

**लखनऊ/मऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने मऊ जनपद में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि याद कीजिए जो लोग पर्व और त्योहारों में मऊ की कानून व्यवस्था को व्हीलचेयर पर लाने का काम करते थे, आज वो स्वयं व्हीलचेयर में पड़े हुए हैं और सांस लेने के लिए तरस रहे हैं। ये वही जनपद है जहां रामलीला का आयोजन नहीं हो पाता था। यह वही जनपद है, जहां बारी-बारी से सपा और बसपा इन पेशेवर अपराधियों और माफिया को अपने सानिध्य में लेकर के अराजकता करने की छूट देते थे, लेकिन आज जब उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आई तो जो कानून व्यवस्था को व्हीलचेयर पर ले जाने वालों को ही व्हीलचेयर पर पहुंचाने का काम कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी स्वामी सहजानंद सरस्वती की प्रगतिशील सोच ने इस जनपद को दिशा दी थी। स्वर्गीय कल्पनाथ राय जी का योगदान मऊ विस्मृत नहीं कर सकता। एक ओर इन प्रगतिशील सोच के महापुरुषों का योगदान इस जनपद को बढ़ाने के लिए रहा, लेकिन बीच के कालखंड में बुआ और बबुआ की पार्टी ने इस क्रांति की भूमि को कर्फ्यू में बदलने का कार्य किया था। सीएम ने यहां भाजपा का बोर्ड बनाने की अपील भी की। बलिया में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज हमारे व्यापारी और नागरिक सीना तानकर चल रहे हैं। अपराधी गले में तख्ती बांधकर जान की भीख मांगता हुआ दिखाई देता है। पहले जिन शहरों में शोहदों का आतंक था, 2017 के बाद वही शहर सेफसिटी के रूप में उभरकर सामने आए हैं। सीएम योगी ने कहा कि उन्होंने बलिया की निर्भीकता को प्रदर्शित करती हुई कहावत बलिया में घर त कौन बात का डर के बारे में कहा कि यह कहावत बलिया के ओज को व्यक्त करने वाली है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा जब.जब देश को जरूरत पड़ी बलिया सबसे पहले खड़ा हुआ। देश को आजादी 1947 में मिलीए लेकिन बलिया ने 1942 में ही खुद को आजाद घोषित कर दिया था। आपातकाल के दौरान जब लोकतंत्र के गला घोंटा जा रहा था तब जय प्रकाश नारायण के नेतृत्व में चंद्रशेखर जी जैसे इस मिट्टी के लाल देश को बचाने के लिए आगे आए।

## मुख्यमंत्री आज अयोध्या, बस्ती, सिद्धार्थनगर व सुलतानपुर में करेंगे जनसभा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को सिद्धार्थनगर, बस्ती सुलतानपुर तथा अयोध्या भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करेगें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 11 बजे जिला कारागार के सामने बीएस, ग्राउण्ड, सिद्धार्थनगर तथा दोपहर 12:20 जीआईसी इंटर कालेज, बस्ती में जनसभा को सम्बोधित करेंगें। जबकि दोपहर 01:55 बजे सर्कस ग्राउण्ड, जीआईसी विवेकनगर सुलतानपुर तथा दोपहर 03:20 बजे जीआईसी अयोध्या का मैदान अयोध्या में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेगें।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी गुरूवार को मुरादाबाद व मेरठ के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार को मिर्जापुर में विभिन्न जनसभाओं को संबोधित करेंगे। केशव प्रसाद मौर्य दोपहर 12:30 बजे नारायण लॉन टेंट हाउस, अहरौर तथा दोपहर 2 बजे पाटरी सेंटर, चुनार, मीरजापुर में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं दोपहर 03:35 बजे बुद्धप्रतिमा स्थल चक कोटार पहडी, हलिया, मीरजापुर में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करेंगे और भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक गुरुवार को अम्बेडकर तथा कानपुर में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। ब्रजेश पाठक सुबह 11:05 बजे वैभव रेजीडेन्सी, अकबरपुर में प्रबुद्ध वर्ग के साथ चाय तथा सुबह 11:30 बजे शिवाय लॉन पटेलनगर, अकबरपुर अम्बेडकर नगर में आयोजित जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे। वहीं दोपहर 01:50 बजे डीएवी एकेडमी टाण्डा, अम्बेडकरनगर में आयोजित जनसभाओं को सम्बोधित करेंगें और भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे। तत्पश्चात् दोपहर 03 बजे मन्दाकिनी लाजा, साकेत नगर, कानपुर में पूर्व छात्र नेता बैठक तथा दोपहर 03:50 बजे एक्सेस कोचिंग सेंटर काका देवए कानपुर में नवमतदाता सम्मेलन सम्बोधित करेंगे। वहीं सायं 04:45 बजे मर्चेन्ट टिम्बर हॉल, कानपुर में प्रबुद्ध सम्मेलन को सम्बोधित करेंगें।

## गेहूं खरीद के शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त किया जाए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ गेहूं, दलहन, तिलहन, ज्वार व बाजरा की खरीद की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में क्रय केंद्रों के माध्यम से गेहूं खरीद के निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास सुनिश्चित किए जाए। इस कार्य में ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधानों का सहयोग लिया जाए। किसानों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। गेहूं खरीद बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी स्थानीय स्तर पर कोई अच्छी रणनीति भी अपना सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में असमय बारिश और ओलावृष्टि के कारण गेहूं की गुणवत्ता प्रभावित हुई हैं, इसे ध्यान में रखते हुए कृषकों के हित में यूआरएस मानक के अन्तर्गत खरीदे जाने वाले गेहूं में वैल्यू कट किसानों से नहीं करने का निर्णय लिया गया है। इसका व्ययभार राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। इसका व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए, साथ ही जनपद में मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम से भी गेहूं की खरीद हो रही है, इसका भी वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार कराकर किसानों को लाभान्वित कराया जाए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष ज्वार व बाजार की एमएसपी बहुत अच्छी है। इनमें प्रोटीन की मात्रा भी बहुत अच्छी रहती है। इस वर्ष 5 लाख टन ज्वार व बाजरा को प्रोक्योर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, इसलिए किसानों को इन फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिये प्रोत्साहित किया जाए। जिन जनपदों की मंडियों में दलहन व तिलहन (चना, मसूर, सरसों) की आवक अधिक है और मंडियों का भाव एमएसपी से कम या समकक्ष है, वहां पर आवश्यकतानुसार नए क्रय केन्द्र खुलवाकर इन्हें अधिक से अधिक मात्रा में प्रोक्योर किया जाए।

## कांग्रेस ने सुविधा पूर्वक मतदान कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयुक्त को लिखा पत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव के अंतर्गत प्रथम चरण के कल होने वाले मतदान में समाज के हर तबके और हर वर्ग के लोगों को बिना किसी भय, पक्षपात और बिना किसी रोक-टोक के सुविधापूर्वक मतदान कराने के लिए हर संभव सुरक्षा व्यवस्था और सहयोग के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने राज्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखकर मांग की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने राज्य निर्वाचन आयोग को लिखे पत्र में कहा है कि निर्वाचन में मतदान करना हर मतदाता का अधिकार है। लोकतंत्र के इस पवित्र पर्व में उत्साह पूर्वक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान कराना चुनाव आयोग की संवैधानिक एवं नैतिक जिम्मेदारी भी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र में आगे लिखा है कि यह पत्र लिखने की आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि विगत दिनों रामपुर उपचुनाव में कुछ शरारती तत्वों द्वारा कुछ लोगों को मतदान करने से रोका गया था जिसकी खबरें लगातार मीडिया के माध्यम से प्रसारित एवं प्रकाशित भी हुई थी। ऐसे में लोकतंत्र की मर्यादा और गरिमा बनाए रखने के लिए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराए जाने के लिए अपने स्तर से समुचित कार्रवाई करें।

## सिंगापुर से आए प्रतिनिधिमंडल से आर्थिक गतिविधियां पर हुई गहन चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने ईएमडी और एसआईपीओ के प्रमुख व वरिष्ठ निदेशक फ्रांसिस चोंग और एसआईपीओ के प्रमुख व निदेशक काह मेई चान के नेतृत्व में आए 8 सदस्यीय सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। बैठक में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए व्यापार और उद्योग मंत्रालय (एमटीआई), सिंगापुर गणराज्य सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के मध्य हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के कार्यान्वयन पर चर्चा की गई।

मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने प्रतिनिधिमंडल को मुरादाबाद और सहारनपुर के आस-पास के क्षेत्रों में कौशल विकास केन्द्रों और फ र्नीचर निर्माण की इकाइयों की स्थापना के लिए पता लगाने का सुझाव दिया। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि सहारनपुर क्षेत्र में फ र्नीचर निर्माण के लिए पहले से ही कुशल श्रमशक्ति उपलब्ध है और सहारनपुर हिमालय की तलहटी में स्थित होने के कारण लकड़ी आधारित उद्योगों के लिए कच्चे माल के रूप में अच्छी गुणवत्ता वाली लकड़ी उपलब्ध है। बैठक के दौरान सहयोग के आपसी क्षेत्रों की पहचान के लिए संयुक्त भागीदारी समिति की संरचना और प्रमुख कार्यों पर चर्चा की गई। जेपीसी की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री और सिंगापुर के व्यापार संबंधों के प्रभारी मंत्री करेंगे। इसमें नमामि गंगे और ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग, औद्योगिक विकास प्राधिकरणए ऊर्जा और शहरी विकास जैसे विभागों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी शामिल होंगे। जेपीसी का मुख्य कार्य शहरी विकासए उद्योग विकास, एमएसएमई उन्नयन और कौशल विकास के क्षेत्रों में साझेदारी की संभावना का पता लगाना होगा।

प्रतिनिधिमंडल ने 1322 से अधिक घरों को कवर करते हुए कुढ़ा केशवपुर (अयोध्या) में सिंगापुर द्वारा शुरू की जा रही पहली पायलट परियोजना की अद्यतन प्रगति से अवगत कराया। परियोजना का उद्देश्य पेयजल आपूर्ति की स्थिरता को बढ़ाना, पीने योग्य पानी की आपूर्ति को बढ़ावा देना और जल आपूर्ति नेटवर्क की गुणवत्ता और प्रबंधन में सुधार करना है।

## बारिश के चलते जर्जर सरकारी इमारत की छत गिरी, चार को सकुशल बाहर निकाला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** लखनऊ में बुधवार शाम को बड़ा हादसा होते-होते बच गया। राजधानी के वीआईपी गेस्ट हाउस के पास सरकारी इमारत की छत गिर गई। सर्वेंट क्वार्टर की छत गिरने से मलबे में चार लोग फंस गए। हांलाकि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। जिन्हें राहत और बचाव दल के सदस्यों ने मशक्कत के बाद सुरक्षित निकाल लिया। हजरतगंज के डालीबाग में इलाके में बिल्डिंग गिरने की खबर पाकर मौके पर पहुँचे राहत और बचाव दल के लोगों ने अंदर फंसे लोगों को सीढ़ी और हाइड्रोलिक क्रेन के सहारे उतारा। जानकारी के अनुसार अंदर एक ही परिवार के कुछ लोग फंसे थे। जिनमें एक महिला सहित 5 लोगों को सकुशल निकाला गया है। राजधानी लखनऊ में बुधवार दोपहर से ही रुक-रुक कर बारिश हो रही है। संभवत: इसी वजह से ये हादसा हुआ है। हालांकि सरकारी इमारत की हालत भी अच्छी नहीं थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि पहले से जर्जर मकान, बारिश की वजह से गिर पड़ा। हादसे की खबर मिलते ही लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार मौके पर पहुंचे। उन्होंने जायजा लिया। राहत और बचाव कार्य में जुटे लोगों से स्थिति की जानकारी ली। डीएम गंगवार ने बताया रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। सभी 5 फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। वहीं यहां रह रहे लोगों ने बताया कि इमारत काफी जर्जर हालत में है। सरकार से कई बार इसके मरम्मत या कहीं अन्य सुरक्षित ठिकाना दिए जाने की मांग की जा चुकी है। लेकिन अब तक किसी का ध्यान इन ओर नहीं गया। आखिरकार वही हुआ जिसका उन्हें अंदेशा था। बारिश के बाद बुधवार शाम अचानक छत गिर गई। बताया जा रहा है कि छत का एक हिस्सा ढह गया है। आसपास के लोगों ने बताया कि इमारत जर्जर होने की वजह से अपना घर ख़ाली भी कर चुके हैं।

## सपा को झटका, पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा समर्थकों सहित भाजपा में शामिल

● निकाय चुनाव में पूरे प्रदेश में लहराएगा भाजपा का परचमः भूपेंद्र सिंह चौधरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी को निकाय चुनाव के प्रथम चरण के मतदान से पहले बुधवार उस समय एक बार फिर झटका लगा जब पार्टी के नेता व पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा बुधवार को अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने प्रदेश कार्यालय पर उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इसके अलावा समाजवादी महिला सभा की प्रदेश उपाध्यक्ष शीला सिंह, ब्लॉक प्रमुख संध्या पटेल और उन्नाव के सपा नेता विवेक सिंह पटेल समेत अन्य नेता प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए। भूपेन्द्र सिंह पटेल ने दूसरे दलों को छोड़कर भाजपा में आए लोगों को पटका पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय राय, रामप्रताप सिंह चौहान, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में अन्य दलों के नेता भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे है। उन्होंने कहा प्रदेश में हो रहे नगर निकाय चुनाव में पूरे प्रदेश में भाजपा का परचम लहराएगा। उन्होंने कहा भाजपा सरकार पूरे देश में बिना भेदभाव के विकास कार्य करा रही है। नगर निकाय चुनाव के बाद प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्य कराकर आधारभूत ढांचे को और मजबूत किया जाएगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मुद्दाविहीन विपक्ष निकाय चुनाव में अपनी हार की आहट से हताश है। उसके नेता प्रचार के लिए नहीं निकल रहें।

एसी कमरों में बैठकर बयानबाजी करने वाले नेताओं का जनसरोकार से काई मतलब नहीं है। जनता सपा-बसपा के कुशासन को आज भी नहीं भूली है। इनके शासन में अपराध व भ्रष्टाचार चरम पर था। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सपा सरकार में उत्तर प्रदेश में अराजकता चरम पर थी। दंगाइयों और अपराधियों को सपा के शासनकाल में खुला संरक्षण मिलता था लेकिन 2017 में प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद उत्तर प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ।

## पर्दानशी महिलाओं की पहचान सुनिश्चित किए बिना न मिले मतदान की अनुमतिः भाजपा

● सत्तारूढ़ पार्टी ने राज्य निर्वाच आयोग को ज्ञापन सौंपकर की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी ने राज्य निर्वाचन आयोग को ज्ञापन सौंपकर निकाय चुनाव में पर्दानशी महिलाओं की पहचान सुनिश्चित किए बिना मतदान की अनुमति न देने का आग्रह किया है। पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय राय के नेतृत्व में राज्य निर्वाचन आयुक्त को ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयंबक त्रिपाठी, प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह, प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह एवं ओम प्रकाश श्रीवास्तव सम्मिलित थे। प्रदेश महामंत्री संजय राय ने कहा कि पर्दानशी महिलाएं यदि बिना पहचान के मतदान करेंगी तो फर्जी मतदान की संभावना बढ़ जाएगी।

इसीलिए निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान कराने के लिए पर्दानशी महिलाओं की पहचान सुनिश्चित कराने का निर्वाचन आयोग से आग्रह किया है। पार्टी ने यह भी आग्रह किया है कि कोई भी व्यक्ति निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य पहचान पत्र प्रस्तुत करके ही मतदान करे, ताकि किसी भी तरह की फर्जी वोटिंग को रोका जा सके। प्रदेश में अति संवेदनशील व संवेदनशील बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए जाने का भी पार्टी ने आग्रह किया है।

## विकास की परिवर्तन यात्रा में यूपी तीव्र गति से आगे बढ़ रहा हैः स्वतंत्र देव



● सिंगापुर का प्रतिनिधिमण्डल जल शक्ति मंत्री से मिला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सिंगापुर** का प्रतिनिधिमण्डल ने बुधवार को जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से मुलाकात की। गोमतीनगर के किसान बाजार स्थित राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन मुख्यालय में आयोजित बैठक में सिंगापुर के आयोध्या प्रोजेक्ट के तहत किए जा रहे कार्यों पर चर्चा हुई।

जल शक्ति मंत्री ने सिंगापुर से आए सदस्यों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास की परिवर्तन यात्रा में यूपी तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। जल जीवन मिशन के तहत यूपी में एक करोड़ से अधिक परिवारों को नल से जल पहुचाया गया है। सरकार का लक्ष्य 2024 तक 2 करोड़ 65 लाख ग्रामीण परिवारों तक नल से जल की सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों को कन्नौज निर्मित 'इत्र' ओडीओपी का विशेष उत्पाद उपहार स्वरूप भेंट किया। सिंगापुर से आए सदस्यों ने बताया कि उनको अयोध्या में जल जीवन मिशन और नमामि गंगे योजना से बहुत सीखने को मिलेगा। बैठक में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव और राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अधिशासी निदेशक बृजराज सिंह यादव भी मौजूद रहे।

## नगर निकाय चुनाव भाजपा हारेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि पूरे प्रदेश में नगर निकाय चुनाव भाजपा हारेगी। भाजपाइयों में हार का डर इतना है कि पहली बार नगर निकाय के चुनाव में वह कई हेलीकॉप्टरों से पूरे प्रदेश में प्रचार कर रहे हैं। भाजपा धन बल का दुरूपयोग कर पूरे प्रदेश में चुनाव जीतना चाहती है। इसलिए भाजपाई सड़कों के गड्ढों, जाम, छुट्टा जानवरों और नाली नालों की गंदगी बदबू से मुंह छिपाकर बचकर निकल जाना चाहते हैं। जनता की जनसमस्याओं से भाजपा का कोई सरोकार नहीं है।

अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में बहुत विकास कार्य किये गये जिन्हें भाजपा ने बर्बाद कर दिया। भाजपा सरकार ने समाजवादी पार्टी की सरकार के चल रहे विकास कार्यों को रोक दिया। भाजपा विकास विरोधी है। जनता को बिजली का बिल महंगा देना पड़ रहा है। हाउस टैक्स बढ़ गया है। शहरों में कूड़ा भरा पड़ा है। सड़कों पर सांड घूम रहे हैं। भाजपा सरकार ने पूरे प्रदेश के शहरों में ट्रैफिक व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री सच नही बोलते है। मुख्यमंत्री एक ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था की बात करते है। यह एक ट्रिलियन क्या होता है, जनता नहीं समझती है। सरकार बेरोजगारी के भी गलत आंकड़े देती है। इसी झूठ को सच दिखाने के लिए भाजपा सरकार ने अमेरिका की एक एजेंसी को 200 करोड़ रूपये में ठेका दिया है। अखिलेश यादव ने स्थानीय मतदाताओं से कहा कि आधे मन से कुछ नहीं होता है। पूरे मन से चुनाव जिताए। आगे लोकसभा के चुनाव हैं। भाजपा को हराना है। भाजपा ने महंगाई, बेरोजगारी बहुत बढ़ा दी है। भाजपा ने महंगाई चरम सीमा पर पहुंचा दिया है।

आटा महंगा खरीदना पड़ रहा है। दूध, तेल, दाल, सभी चीजों के दाम बढ़ गये हैं। भ्रष्टाचार चरम पर है। अपराध, अन्याय, अत्याचार बहुत बढ़ गया है।

## प्रदेश के सभी जिलों में कल निकाली जाएगी मार्शल रैली

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स

● मुख्य सचिव ने रैली के स्वागत व सुरक्षा के समुचित प्रबंध करने के सभी जिलाधिकारियों को दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त मण्डलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ खेल, लोक शिकायत और बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग आदि के कार्यों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 25 मई से प्रारंभ हो रहे हैं। 5 मई को लखनऊ में गेम्स के लोगो, मैस्कॉट व एंथम की लांचिंग होगी तथा 3 जून को वाराणसी में गेम्स का समापन होगा।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी जनपदों में गेम्स के अंतर्गत मशाल रैली निकालने का निर्णय लिया गया है। यह रैली 5 मई को लखनऊ से चारों दिशाओं में निकाली जाएगी, जो सभी जनपदों से गुजरेगी, अत: सभी जिलाधिकारी मशाल रैली के स्वागत एवं सुरक्षा का समुचित प्रबंध सुनिश्चित कराएं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक मूवमेंट बिल्ड करना है। हर शहर को पता चलना चाहिए कि प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराया जाए। मशाल रैली में प्रतिभाग करने के लिए जनपद के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को आमंत्रित किया जाए। मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारियों द्वारा भी इस रैली में प्रतिभाग किया जाए और वह स्वयं भी मशाल को लेकर कुछ दूर तक चलें। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोगों को बदलते उत्तर प्रदेश से परिचित कराने के लिए यह प्रतियोगिता एक अच्छा अवसर है। जिस प्रकार से जी-20 की बैठक के लिए चयनित शहरों में सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया गया था, उसी प्रकार से गोरखपुर में भी सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जाए। यह कार्य परमानेन्ट नेचर का होना चाहिए। इसके अलावा लखनऊ व वाराणसी में जी-20 की बैठकों के दौरान कराए गए सौन्दर्यीकरण कार्यों को और बेहतर किया जाए ताकि लोग प्रदेश में हो रहे बदलाव को महसूस कर सकें और प्रदेश की अच्छी व सकारात्मक छवि लेकर जाए।

### आईजीआरएस की शिकायतों का हो समयबद्ध निस्तारण

**जनसुनवाई** की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि आईजीआरएस में प्राप्त होने वाली शिकायतों के गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण के आधार पर जनपदों की रैंकिंग की जाती है, जिसकी समय-समय पर मुख्यमंत्री द्वारा भी समीक्षा की जाती है। अत: आईजीआरएस पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का गुणवत्ता के साथ समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। जनपद में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के लिए निर्धारित समय पर अधिकारी कार्यालय में बैठें, इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। नगर निकाय चुनावों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि किसी भी जनपद से गड़बड़ी की शिकायतें नहीं आनी चाहिए। चुनाव को निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए पूरी सजगता से कार्य करें।

# पांच लाख मतदाता चुनेंगे शहर की सरकार

**संवाददाता।** सीतापुर

**शहर** की सरकार बनाने के लिए निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों कर्मचारियों का सीतापुर के आरएमपी इंटर कालेज के मैदान पर मेला जुटा। यहां से निर्वाचन ड्यूटी में लगाए गए अधिकारी, कर्मचारी आज 4 मई को होने वाले मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए रवाना हुए। मंडलायुक्त रोशन जैकब ने सीतापुर पहुंचकर मतदान पूर्व की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। प्रेक्षक डा. इंद्रमणि त्रिपाठी, जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम अनुज सिंह, एसपी घुले सुशील चंद्रभान, सीडीओ अक्षत वर्मा, एडीएम रामभरत तिवारी, एएसपी दक्षिणी एनपी सिंह, एएसपी उत्तरी प्रकाश कुमार और अन्य अधिकारियों से जानकारियां जुटा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीतापुर में कुल 11 निकाय है, जिनमें 6 नगर पालिका सीतापुर, मिश्रिख, बिसवां, महमूदाबाद, लहरपुर और खैराबाद, जबकि पांच नगर पंचायत महोली, सिधौली, तंबौर, पैंतेपुर और हरगांव शामिल है, इनपर अध्यक्ष पद के लिए 95 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं, जबकि सभासद पद के लिए 227 प्रत्याशी है। सभासद के एक पद का निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है। 11 निकायों को 22 जोन और 55 सेक्टर में बांटा गया है। 178 मतदान केंद्र के लिए

- 95 अध्यक्ष, 227 सभासद के भाग्य का फैसला आज मतपेटियों में हो जाएगा बंद
- सीतापुर में 11 निकायों को 22 जोन और 55 सेक्टर में हैं बांटा गया , 178 मतदान केंद्र, 542 बूथ बनाए गए हैं
- 2168 मतदान कार्मिकों पर मतदान कराने की है जिम्मेदारी, 240 मतदान कार्मिक रखे गए रिजर्व
- डीएम अनुज सिंह, एसपी घुले सुशील चंद्रभान टीम रवाना होने के दौरान करते रहे भ्रमण, 46 आरओ, 56 एआरओ किए गए हैं नियुक्त

542 बूथ बनाए गए है, जिनपर 4 लाख 93 हजार 535 मतदाता मतों का प्रयोग कर प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 4 मई को मत पेटियों में कैद कर देंगे। 145 संवेदनशील, 71 अतिसंवेदनशील और 17 अतिसंवेदनशील प्लस मतदान बूथ बनाए गए है। पुलिस ने 11 निकाय को दो जोन में बांटकर 25 इंस्पेक्टर, 75 एसआई, 2 डिप्टी एसपी गैरजनपद के लगाए है। एपीटीसी के 250 प्रशिक्षु, 400 एसआई जिले के तैनात किए गए है। इसके अलावा 11 निकायों के प्रभारी सीओ बनाए गए है। दो कंपनी पीएसी, एक कंपनी एसएसबी, 1500 आरक्षी, 1100 होमगार्ड भी ड्यूटी निभाएंगे। पिंक बूथों पर 450 महिला आरक्षियों की तैनाती रहेगी। 13 थानों पर विशेष क्यूआरटी टीमें रहेंगी। खास बात ये है कोई भी बूथ पर स्थानीय पुलिस कर्मी तैनात नहीं रहेगा। इसी के साथ इंस्पेक्टर रैंक के 22 जोनल अधिकारी बनाए गए है। एसआई रैंक के 55 पुलिस अधिकारी नियुक्त किए गए है। 52 पिकेट, 26 बेरियर लगाकर मतदान पहले सीमाओं को सील कर दिया गया है। मतदान कर्मियों के रवाना होने से एक दिन पहले पुलिस लाइन में प्रेक्षक डा. इंद्रमणि त्रिपाठी और जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी अनुज सिंह, पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह ने निर्वाचन ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों की ब्रीफिंग की। आपको बता दें कि 2168 निर्वाचन कर्मियों के कंधों पर मतदान कराने की ड्यूटी है। 240 मतदान कार्मिकों को रिजर्व में रखा गया है। 46 आरओ, 56 एआरओ मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए लगाए गए है। 6 आरओ, 12 एआरओ को रिजर्व भी रखा गया है।

# लखीमपुर खीरी में 480 बूथों पर पड़ेंगे वोट

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**जिले** में निकाय चुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बृहस्पतिवार को मतदान होगा। इसके लिए बुधवार सुबह तय स्थल से पोलिंग पार्टियों की रवानगी शुरू हो गई। जिले में चुनाव को लेकर 116 मतदान केंद्र पर 480 बूथ बनाए गए हैं। बुधवार सुबह सात बजे से पोलिंग पार्टियों की रवानगी शुरू हो गई। नगर पालिका लखीमपुर एवं पंचायत खीरी व ओयल के लिए राजापुर मंडी से पोलिंग पार्टियां रवाना हो रही हैए जबकि अन्य पालिका व पंचायतों के लिए संबंधित तहसीलए ब्लॉक मुख्यालय व स्कूलों से रवानगी शुरू हुई। बुधवार को माण् प्रेक्षक शाहिद मंजर अब्बास रिजवीए डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर पहुचकर पार्टी रवानगी की प्रगति जानी। मतदान कार्मिकों से संवाद करते हुए शुभकामनाएं दी। इस दौरान सीडीओ अनिल कुमार सिंहए एडीएम संजय कुमार सिंहए एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह पूरे परिसर में भ्रमण सील रहकर एक.एक पोलिंग पार्टियों को उनके गंतव्य के लिए रवाना कराया। इसी के साथ अन्य नगरीय निकायों के लिए पार्टी रवानगी स्थल पर संबंधित उप जिला मजिस्ट्रेट ने अपनी देखरेख में सभी पार्टियों को गंतव्य के लिए रवाना कराया। समाचार लिखे जाने तक सभी पोलिंग पार्टियां अपने गंतव्य को न केवल सकुशल पहुंच गई बल्कि जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट में प्रशासन को मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टी पहुंचने की रिपोर्ट भी दी। डीएम ने निकाय चुनाव को लेकर बताया कि निकाय चुनाव को लेकर मतदाताओं द्वारा मतदान का प्रयोग किया जाएगा। इसको लेकर



सभी नगर पालिका व नगर पंचायत क्षेत्र में होने वाले मतदान केंद्र को लेकर पोलिंग पार्टियों को रवाना कर दिया गया है। सुरक्षा में किसी तरीके की कोई चूक ना हो। इसलिए भारी संख्या में पुलिस फोर्स को लगाया गया है।

### रवाना हुईं पोलिंग पार्टियां

**लखीमपुर** नगर पालिकाए ओयल एवं खीरी टाउन नगर पंचायत के लिए पोलिंग पार्टियां लखीमपुर मंडी समिति से रवाना हुई। नगर पालिका गोला के लिए गोला मंडी सेए मोहम्मदी के लिए मोहम्मदी मंडी एवं पलिया के लिए मंडी पलिया से रवाना हो रही हैं। वहीं धौरहरा के लिए तहसील धौरहराए निघासन के लिए जिला पंचायत इंटर कॉलेजए भीरा के लिए मंडी पलिया और बरवर के लिए मंडी समिति मोहम्मदीए सिंगाही के लिए ब्लॉक सभागार निघासनए मैलानी के लिए मंडी समिति गोला से पोलिंग पार्टियों की रवाना होकर अपने गंतव्य मतदान केंद्रों पर सकुशल जा पहुंची।

# आज सात बजे से शुरू होगा मतदान

- पुलिस ने किया नगर में पैदल मार्च

**संवाददाता।** मोहम्मदी -खीरी

**चार मई** नजदीक आ गयी है, सात बजे से मतदान शुरु हो जाएगा, शान्तिपूर्ण मतदान के लिए पुलिस ने नगर मे पैदल मार्च किया, तथा आम जनता से निडरतापूर्वक मतदान की अपील की। जहां अराजक तत्वों पर पुलिस की नजर टेहडी नजर आ रही है, वहीं सभी दलों में चुनाव की तिथि नजदीक आने से चुनाव प्रचार में तेजी आ गयी। जहां समर्थकों का रूठना-मनाना शुरू है वही सपा प्रत्याशी को उसी के सिपहसलार साथ में रहकर प्रत्याशी की पीठ में छुरी मारने का योजनावद्ध तरीके से काम कर रहे है। गैर सपाई जहां जुड़ रहे है वही सपाई, विशेष रूप से जिम्मेदार पदों पर बैठे नेता, अपने प्रत्याशी को पटकनी देने की चालें चल रहे हैं। कुछ पुराने सपाइयों ने, जो इस बार सभासद पद का चुनाव लड़ रहे है, पार्टी द्वारा उपेक्षा कर दूसरे प्रत्याशियो को सिम्बल दिए जाने से सपा प्रत्याशी की राहो में कांटे से बिखेर दिये है। अगर सपा में यह अन्तर्कलह बन्द नहीं हुई तो भाजपा को चौथी पाली खेलने से कोई रोक नहीं सकता। जैसे जैसे मतदान की घड़ी नजदीक आ रही है वैसे-वैसे पार्टी भक्ती एवं निष्ठा, बिकती नज़र आने लगी है। भीतरघातियों की पौ बारह हो रही है। इस सबसे बेखबर सपा एवं भाजपा प्रत्याशी नगर में मतदाताओं के बीच जाकर जनसम्पर्क अभियान के अन्तर्गत जनता से मिनौती कर वोट मांग रहे है। वही सपा भी



काटे की टक्कर दे चुनाव को रोमांचक बनाए हुए है। दोनों दल समर्थको के साथ प्रात: छ: बजे से ही पचासों कार्यकर्ताओं एवं पार्टी जनों तथा समर्थको के साथ नगर के मोहल्लो में घर-घर जाकर पुन: मौका देने की विनती करते दिखाई दे रहे है। इस जन सम्पर्क अभियान में उन्हें जनता का आर्शीवाद भी प्राप्त हो रहा था। भाजपा प्रत्याशी पहले भाजपा के गढ़ वाले वार्डो में ही घुसे रहते थे परन्तु इस बार वो भाजपा के गठ वाले मोहल्लो सहित मुस्लिम वार्डो में भी वोट मांगते नजर आ रहे है। सपा प्रत्याशी कार्तिक तिवारी पिछले चुनाव की भाति मतदाताओ में अपनी पकड़ को मजबूत बनाने के लिये हर सम्भव प्रयास कर रहे है। उन्हें नाराज सपाई, जो उन वार्डो से र्निदलीय प्रत्याशी के रूप के में सामने है उनका भी विरोध झेलना पड़ रहा है, परन्तु चुनाव दिलचस्प दिखाई दे रहा है। इस बार अधिकाश सभासद पिछली बार के दुबारा नगर पालिका पहुचने के लिऐ बेताब है।

# निकाय चुनाव : जिलाधिकारी-पुलिस अधीक्षक ने दिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**नगर** निकाय सामान्य निर्वाचन.2023 को स्वतन्त्रए निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने नगरीय निकाय क्षेत्र लखीमपुर व खीरी का भ्रमण कियाए जोनल एवं सेक्टर की जिम्मेदारी संभाल रहे अफसरों से जानकारी प्राप्त करते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। डीएम व एसपी ने निर्देश दिया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के साथ-साथ सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जाए।



### मतदान केंद्रों पर गहनता से परखीं व्यवस्थाएं

**बुधवार** को जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने भ्रमणसील रहकर नगरीय निकाय क्षेत्र लखीमपुर एवं खीरी के विभिन्न मतदान स्थलों का स्थलीय भ्रमण कर मतदाताओं के लिए जरूरी एवं मूलभूत सुविधाओं की पड़ताल की। दोनों अधिकारियों ने खीरीटाउन स्थित जिला पंचायत इंटर कॉलेज, परिषदीय विद्यालय सहित खीरीए लखीमपुर नगरीय निकाय के विभिन्न मतदेय स्थलों पर व्यवस्थाओं को परखा और संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने मौजूद पुलिस अधिकारियों को निष्पक्षतापूर्वक आचरण का निर्देश दिया।

# महिला मतदाताओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए बने 11 पिंक बूथ

**संवाददाता।** सीतापुर

**सीता** की नगरी सीतापुर में चार मई को होने वाले मतदान को लेकर महिला मतदाताओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए 11 पिंक बूथ बनाये गये हैं जहां पर महिला मतदान कर्मी की ड्यूटी लगायी गयी है साथ ही सुरक्षा के लिए 450 महिला पुलिस कर्मी भी मुस्तैद की गयी हैं। पिंकू बूथों को गुब्बारों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है जो मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। पिंक बूथ पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाये गये हैं जिन पर मतदान करने के लिए संदेश भी लिखा गया है कि छोड़ो अपने सारे काम,पहले चलो करें मतदान।

# एसडीएम ने रवाना की पोलिंग पार्टियां



**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी

**नगर** निकाय के चुनाव को देखते हुए मंडी समिति मोहम्मदी नगर पालिका मोहम्मदी और नगर पचायत बरबर मे मतदान केन्द्रों पर पोलिंग पार्टियां उप जिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव तथा अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के सहयोग से पोलिंग बूथ के लिए रवाना की जा रही हैंए जिसमें उचित मात्रा में पुलिस बल भी लगाया गया है एतथा पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के लिए बड़ी संख्या में चार पहिया वादों को लगाया गया है, तथा 13 मई को मंडी समिति में मतगणना भी होगी।

### शांतिपूर्ण और सकुशल मतदान हेतु पुलिस ने किया रूट मार्च

**सीतापुर।** आज 4 मई को होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण और सकुशल मतदान सम्पन्न कराने के लिए पुलिस बल ने बाइक रैली निकालकर लोगों को सुरक्षा का जहां एहसास कराया वहीं गड़बड़ी करने वालों को संदेश दिया कि यदि उन्होंने गड़बड़ी करने की सोंची भी तो उनकी खैर नहीं होगी। नगर की सड़कों पर पुलिस बल ने बाइक रैली निकालकर शांतिपूर्ण माहौल में मतदान करने का संदेश दिया।

# एसीएमओ ने किया पीएचसी औरंगाबाद और सदरपुर उपकेंद्र का औचक निरीक्षण

- उपकेंद्र के निरीक्षण में राज्य विशेषज्ञ को सब कुछ मिला अपडेट

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**प्राथमिक** स्वास्थ्य केंद्र औरंगाबाद और उप केंद्र सदरपुर का अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉण् अनिल कुमार गुप्ता द्वारा औचक निरीक्षण बुधवार को किया गया। इस दौरान ब्लॉक पसगवां के सदरपुर उपकेंद्र पर सीआईवीएचएसएनडी का सपोर्टिव सुपरविजन टीएसयू की राज्य विशेषज्ञ स्वेता पाण्डेय और जिला विशेषज्ञ अंशुमान पाण्डेय के द्वारा किया जा रहा था। एसीएमओ डॉ. कुमार गुप्ता द्वारा उपकेंद्र पर एएनएम द्वारा बनाए गई ड्यू लिस्ट का निरीक्षण किया गया। इस दौरान वहां पर रंगोली भी बनाई गई थी। बच्चों का टीकाकरण हो रहा था। बीएमआई और खून की जांच भी की जा रही थी, साथ ही शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच भी की जा रही थी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र औरंगाबाद में डॉक्टरए लैब टेक्नीशियन, पैरामेडिकल स्टाफ सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान राज्य विशेषज्ञ स्वेता पाण्डेय के द्वारा भी समस्त आवश्यक उपकरण सीआईएचएसएनडी के जो होने चाहिए वो देखे गए जो सभी उपलब्ध थे एवं



एएनएम के द्वारा गर्भवती महिलाओ की सभी जांचे जा रही थीं। ड्यू लिस्ट अपडेट मिली और आंगनबाड़ी के द्वारा पोषण कार्नर बना के सभी गर्भवती को अच्छे से पोषण से संबंधित परामर्श दिया जा रहा है। अंशुमान पाण्डेय के द्वारा बताया गया की आशा की डायरी पूर्ण है और आशा संगिनी ने अच्छे से एचआरपी गर्भवती महिलाओं की लिस्टिंग की है और उनका रेगुलर फॉलोअप कर रही है। इसके साथ साथ घर-घर जाकर के बच्चों के टीकाकरण की जांच भी टीम के द्वारा की गई और संतुष्टि प्रकट की गई।

# बरसात से कम हुआ मतदान तो कइयों का बिगड़ेगा गणित

**संवाददाता।** सीतापुर

**नगर** निकाय चुनाव को लेकर पिछले 15 दिनों से प्रत्याशियों के लिए बज रहे ढोल नगाड़ो का शोर तो मंगलवार की शाम थम गया लेकिन उसकी जगह बुधवार की सुबह बादलों की गड़गड़ाहट से आसमान भर गया। सुबह से सूरज और बादलों के बीच लुका-छिपी चलती रही दोपहर होते-होते बादलों ने झमाझम बरसना शुरु कर दिया। गुरुवार को निकाय चुनाव के लिए मतदान होना है, ऐसे में अगर मौसम का यही हाल गुरुवार को भी बना रहा तो क्या होगा, इस सवाल ने निकाय चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशियों को हिला कर रख दिया है। इसकी एक वजह यह भी है कि मौसम विज्ञान विभाग ने अगले पांच दिनो तक मौसम का हाल ऐसे ही रहने का एलर्ट जारी किया है। शहरी सरकार के चुनाव में वोटर की बेरुखी वैसे भी सामने आती रहती है। गत निकाय चुनाव में सीतापुर

- मतदान के एक दिन पहले हुई झमाझम बारिश, आज भी है बदली, और बारिश की सम्भावना
- पोलिंग शुरु होते ही बरसने लगा पानी तो क्या होगा बना सवाल, प्रशासन पोलिंग पार्टियों को उपलब्ध करा रहा पॉलीथीन
- मतदान केन्द्रों पर बारिश से बचाव के लिए लगाएंगें पॉलीथीन, वोटर को घर से कैसे निकालेंगें बन रही योजना

जिले में मात्र 48.06 प्रतिशत मतदान हुआ था। अब अगर मतदान शुरु होते ही बादलों ने बरसना शुरु कर दिया तो मतदान का प्रतिशत कितना नीचे जाकर रुकेगा, कहना मुश्किल है जो चिंता प्रत्याशियों को है कुछ वैसी ही चिंता मतदान प्रतिशत बढ़ाने में जुटे प्रशासन को भी है। बूथों पर भेजे जाने वाले बैलेट पेपर और कागजात भीग न जाएं इसके लिए सभी पोलिंग पार्टियों को पॉलिथीन उपलब्ध कराई गयी है। अपर जिला अधिकारी रामभरत तिवारी के मुताबिक जिन मतदान केन्द्रो पर मतदाताओं को बारिश से बचाने के लिए पर्याप्त छाया नहीं है, उन सभी मतदान केन्द्रो पर पॉलिथीन लगाकर मतदाताओं को बारिश से बचाने की व्यवस्था की जाएगी,लेकिन बेचारे प्रत्याशी क्या करे बादलों ने जिनकी धड़कने बढ़ा दी है। कारण है कि बारिश हुई तो शहरी मतदाताओं को घरो से निकालकर बूथो तक पहुंचाना बड़ी चुनौती से कम नहीं होगा। मतदान कम हुआ तो यह किसके लिए अभिशाप और किसके के लिए वरदान बनेगा। इस सवाल ने प्रत्याशियो की जमी-जमाई गणित को गड़बड़ा दिया है।

# आवारा कुत्तों का आतंक बेकाबू, एक बच्चे की ली जान

- खना गोटिया गांव के दो बच्चों को बुरी तरह नोच कर घायल कर दिया
- ईदगाह के पास आम के पेड़ के करीब खेलते चार-पांच बच्चे पर हिंसक कुत्तों के झुंड ने किया हमला

**संवाददाता।** बरेली

थाना सीबीगंज क्षेत्र में हिंसक कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है, आए दिन हिंसक कुत्ते किसी ना किसी घटना को अंजाम दे रहे हैं। मंगलवार को इन कुत्तों ने खना गोटिया गांव के दो बच्चों को बुरी तरह नोच कर घायल कर दिया, अस्पताल ले जाने के दौरान एक बच्चे की मौत हो गई जबकि दूसरे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। दोनों घटनाएं गांव में अलग-अलग जगह हुई।पहली घटना शाम 6रू00 बजे ईदगाह के पास की है, बताया जाता है कि ईदगाह के पास आम के पेड़ लगे हैं वहां पर चार-पांच बच्चे खेल रहे थे इसी दौरान हिंसक कुत्तों के झुंड ने बच्चों पर हमला कर दिया। इस दौरान हिंसक कुत्तों ने 10 वर्षीय मोहम्मद अयान को अपनी चपेट में ले लिया और उसे पूरी तरह नोच कर घायल कर दिया, कई जगह से उसका मांस नोच लिया,अन्य बच्चे घबरा कर जान बचाते हुए पेड़ पर चढ़ गए। बच्चों की चीख-पुकार सुन आसपास के लोग घटनास्थल पर दौड़े और हिंसक कुत्तों को भगाया। घटना की जानकारी पर अयान के पिता मोहम्मद इरफान भी मौके पर पहुंच गए और उसे अस्पताल लेकर दौड़े, अस्पताल ले जाने के दौरान डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद घर में चीख-पुकार मच गयी। मृतक छह भाई-बहनों में सबसे छोटा था और पूरे घर का लाडला था। वह गांव में है मदरसे में पढ़ता था। घटना के बाद पूरे गांव में गमगीन माहौल है और लोग अपने बच्चे को लेकर डरे हुए है। मृतक के पिता मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते हैं। दूसरी घटना गांव में नहर के पास रहने वाले मुस्तकीम के घर हुए। उन्होंने बताया कि उनका 5 वर्षीय बेटा अर्श घर के बाहर खेल रहा था इसी दौरान करीब 8-10 की संख्या में कुत्तों का झुंड वहां पहुंचा और उनके बच्चे को खींच कर ले जाने लगा चीख-पुकार सुन उन्होंने लाठी लेकर कुत्तों को भगाया लेकिन तब तक कुत्ते बच्चे को घायल कर चुके थे उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार चल रहा है। एक दिन के भीतर गांव में हुई दो घटनाओं के बाद ग्रामीण खौफजदा है और हिंसक कुत्तों के झुंड से डरे हुए है।

## क्विक न्यूज

### सर्विलांस टीम ने व्यापारी से 61 लाख कैश किया बरामद

**बरेली।** नगर निगम चुनावों से पूर्व कल शाम सर्विलांस टीम ने एक सर्राफा कारोबारी के पास 61 लाख रुपए बरामद किए मामले की जांच जारी है फरीदपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला कानूनगोयान के रहने वाले सर्राफ ऋषभ जायसवाल की होंडा सिटी गाड़ी से नकटिया पुलिस चौकी के पास सर्विलांस टीम ने 61 लाख रुपए बरामद किए । सीओ प्रथम श्वेता यादव ने बताया कि फरीदपुर में कानूनगोयान के रहने वाले सर्राफ ऋषभ जायसवाल अपनी होंडा सिटी गाड़ी से सोमवार दोपहर बाद बरेली की ओर आ रहे थे स्टेटिक सर्विलांस टीम के मजिस्ट्रेट आनंद सागर, एसआई अजय कुमार की टीम चेकिंग कर रही थी पुलिस चौकी के पास गाड़ी को रोका जिसकी तलाशी में 61 लाख रुपयों से भरा बैग मिला ऋषभ जायसवाल कैश से संबंधित कोई भी साक्ष्य पुलिस और मजिस्ट्रेट को मुहैया नहीं करा पाए कैश को कैंट थाने में जमा कराया गया वैसे ही घटना की जानकारी के परिजनों को मीटिंग कई व्यापारी नेता मौके पर पहुंचे और मामले को रफा-दफा कराने की कोशिश की लेकिन उन्हें कामयाबी नहीं मिली इस संबंध में इनकम टैक्स विभाग को सूचना दी गई इनकम टैक्स विभाग की टीम मामले में पूछताछ कर रही है इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में किसान की मौत

बरेली। मोटरसाइकिल सवार एक किसान को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव भोलापुर नामी खेड़ा निवासी 38 वर्षीय मोहम्मद आजाद की बीती रात नवाबगंज थाना क्षेत्र में पीलीभीत मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों को बताया कि वह कल शाम मोटरसाइकिल से अपने किसी परिचित के घर दावत में शामिल होने के लिए गया था जहां पर रात में घर वापस लौटते समय पीलीभीत मार्ग पर अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उसके घरवालों को सूचना दी जो मौके और पहुंचे और शव की शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजकर टक्कर मारने वाले वाहन को तलाशने की कोशिश शुरू कर दी।

### स्कूटी सवार महिला सिपाही पर पलटा ट्रक, हालत नाजुक

**बरेली।** ड्यूटी पूरी होने के बाद घर लौट रही स्कूटी सवार एक महिला पर अचानक रास्ते से गुजर रहा ट्रक पलट गया जिससे महिला सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गई उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बरेली किला थाना क्षेत्र में सिटी सब्जी मंडी के पास आज सुबह हुई सड़क दुर्घटना में किला थाने में तैनात महिला सिपाही सरिता वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गई बताया जाता है कि सरिता वर्मा किला थाने में तैनात है और बीती रात ड्यूटी पूरी करने के बाद वह अपनी स्कूटी से अपने घर वापस लौट रही थी लेकिन रास्ते में ही जब वह सिटी सब्जी मंडी के पास पहुंची अचानक उसे ओवरटेक कर रहा एक ट्रक बेकाबू होकर पलट गया और सरिता वर्मा स्कूटी समेत ट्रक के नीचे दब गई मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह उसे ट्रक के नीचे से बाहर निकाला और घटना की जानकारी पुलिस को दे दी वहीं घटना के बाद ट्रक का चालक मौका देखकर फरार हो गया सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने सरिता वर्मा को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराने के बाद ट्रक को कब्जे में लेकर उसके चालक के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी सरिता की हालत नाजुक बनी हुई है।

### लल्ला गद्दी का रिश्तेदार बताकर दबंग करता है शोषण

**बरेली** । जनपद बरेली के थाना सुभाष नगर क्षेत्र के गांव सनईया की रहने वाली एक पीड़िता वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय दबंग से परेशान होकर पहुंची। पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके पिता की मृत्यु 6 माह पूर्व हो चुकी है, वह पांच बहने हैं। पीड़िता ने बताया पिता की मौत के बाद पीड़िता के गांव का एक दबंग उस पर लगातार गंदी नजर रखने लगा और बहाने से उसके घर आ धमका। जिसकी शिकायत पीड़िता ने दबंग के परिवार वालों से की तब उन लोगों ने कहा कि हम लल्ला गद्दी के रिश्तेदार हैं, तुम हमारा क्या कर लोगी। पीड़िता ने आरोप लगाते हुए बताया की दबंग लगातार अवैध असलहा के दम पर उसके साथ बलात्कार करता रहा और साथ ही उसके अश्लील फोटो खींच लिए। जब पीड़िता ने विरोध किया दबंग ने अश्लील फोटो को वायरल करने की धमकी देते हुए कई बार बलात्कार किया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। साथ ही बोला कि अगर तूने कहीं और शादी की तो तेरे चेहरे पर तेजाब डालकर तुझे कहीं का नहीं छोडूंगा। दबंग युवक जो अपने आप को लल्ला गद्दी का रिश्तेदार बताता है उसकी दबंगई व अत्याचार के डर से पीड़िता अपनी बहनों सहित डरते डरते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और लगातार दुराचार करने वाले दुराचारी के खिलाफकठोर कार्यवाही की मांग की।

### झुलसी अवस्था में मिली युवती की मौत

बरेली। विवाह के तीन दिन बाद झुलसी अवस्था में मिली युवती की इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव अगरास में मंगलवार की सुबह झाड़ियों में नग्न अवस्था में मिली शाही थाने के गांव दाडा खाई निवासी तोताराम की लड़की 23 वर्षीय मुन्नी की एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उस पर तेजाब डालकर जलाने का प्रयास किया था पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से एक उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जांच के दौरान पता चला कि मुन्नी का विवाह घटना से 3 दिन पहले फरीदपुर थाने के गांव भगवानपुर निवासी देवेंद्र से हुआ था सोमवार को उसका भाई अजय उसे बुलाकर मायके ले गया था जहां से वह रात में अचानक गायब हो गई और अगले दिन झाड़ियों में पाई गई जांच के बाद पुलिस ने उसके पिता और बहनोई को गिरफ्तार कर लिया जिन्होंने बताया कि मुन्नी गांव के युवक से प्यार करती थी लेकिन उसका विवाह देवेंद्र से कर दिया गया वह उसके साथ रहना नहीं चाहती थी और उस इसी के चलते सोमवार को उसको फतेहगंज पश्चिमी के गांव अगरास ले जाने के बाद गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की गई और फिर तेजाब डालकर जला दिया और उसे मृत समझकर छोड़ आए लेकिन सुबह होने पर लोगों ने उसे देखकर घटना की जानकारी पुलिस को दे दी। जांच के बाद पुलिस ने पिता और बहनोई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### डिप्रेशन में आकर युवक ने लगाई फांसी

**बरेली।** युवक ने पंखे के कुंडे में फंदा डालकर फांसी लगा ली परिवार वालों ने बताया डिप्रेशन के कारण युवक ने फांसी लगाई है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा।थाना बारादरी के मोहल्ला संजय नगर निवासी 20 वर्षीय विनोद पुत्र ओमप्रकाश ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी । मृतक के भाई मुकेश ने बताया हम सब पांच भाई हैं विनोद संजय नगर में अपने माता पिता के साथ रहता है । हम चार भाई मुकेश , मनोज , अर्जुन और संजीव दिल्ली में रहकर व्यापार करते हैं। विनोद इंटर का छात्र था और काम भी करता था विनोद ने एक ई रिक्शा खरीदा था वह रिश्ता टूट गया था जिसकी वजह से विनोद को नुकसान हुआ था । विनोद नुकशान के कारण विनोद डिप्रेशन में रहने लगा विनोद ने मंगलवार की दोपहर में घर के अंदर कमरे में पंखे के कुंडे में साड़ी का फंदा लगाकर जान दे दी।

# संजय सिंह ने मांगे वोट

**अमेठी।** बुधवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजय सिंह ने भाजपा नगर पंचायत प्रत्याशी अंजू कसौधन के समर्थन में जनसम्पर्क किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजय सिंह ने अमेठी टाउन में लोगों से सम्पर्क किया और भाजपा के उम्मीदवार अंजू कसौधन को जिताने की अपील किया। डॉ. संजय सिंह ने जनसम्पर्क के दौरान भारतीय जनता पार्टी की सरकार की उपलब्धियों के बारे में भी लोगों को बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश और योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। जनसम्पर्क के दौरान अमेठी टाउन के लोग बड़े ही आत्मीयता से पूर्व राज्य सभा साँसद डॉ संजय सिंह से मिले और भाजपा के पक्ष में समर्थन देने का आश्वासन दिया।


जनसम्पर्क करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री

इस दौरान क्षेत्र के यज्ञ नारायण उपाध्याय, धीरेन्द्र सिंहए फूल चन्द्र कसौधन, अवनीश सिंह सभासद प्रत्याशी, अभिषेक सिंह, सोनू गौतम प्रत्याशी भाजपा वार्ड 9, रिजवान खान भाजपा प्रत्याशी वार्ड 6, डॉ त्रिवेणी सिंह, महेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, लाल जी तिवारी, अभय प्रताप सिंह जिला पंचायत सदस्य, हरीश सिंह, प्रमोद पांडेय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया



**ऊंचाहार।** निकाय चुनाव को लेकर प्रेक्षक कंचन वर्मा आईजी रजिस्टार लखनऊ व जनपद की खाद्य एवं विपणन अधिकारी सोनी गुप्ता ने नगर स्थित मतदेय स्थलों समेत पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नगर पंचायत चुनाव को लेकर बुधवार को प्रेक्षक्षक रजिस्टार लखनऊ ने खाद्य एवं विपणन अधिकारी के साथ पूर्व माध्यमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय मुस्तफाबाद स्थित बनाए गए पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान बिजलीए पानीए स्वच्छता समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान व्यवस्थाएं दुरुस्त पाए जाने के बाद जनपद वापस लौट गई। इस मौके पर एसडीएम सिद्धार्थ चौधरीए तहसीलदार अजय कुमार गुप्ताए नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी निखिलेश कुमार मिश्र कोतवाल बालेंदु गौतम समेत प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

# शांतिपूर्वक चुनाव को लेकर मुस्तैदी

**● 15543 मतदाता मतदान कर बनाएंगे नगर पंचायत का पहला नगर पंचायत अध्यक्ष**

**संवाददाता।** शिवगढ़ रायबरेली

**पहली बार** अस्तित्व में आई नवसृजित नगर पंचायत शिवगढ़ में मतदान के इन्तजार की घड़ियां समाप्त हुई। नगर पंचायत शिवगढ़ में पहली बार हो रहे निकाय चुनाव में आज नगर पंचायत के 15543 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपनी पसन्द के उम्मीदवार को मतदान करेंगे।

मतदान के साथ ही उम्मीदवारों का भविष्य मत पेटी ने बन्द हो जाएगा। गौरतलब हो कि क्षेत्र की शिवगढ़एशिवलीएभवानीगढ़एपिपरीए ढेकवाए सरायछात्रधारीएकुम्हरावां सहित 7 ग्राम पंचायतों को मिलाकर शिवगढ़ नगर पंचायत बनाई गई हैए जनसंख्या एवं क्षेत्रफल की दृष्टि से नगर पंचायत में कुल 14 वार्ड बनाए गए है। मतदान के लिए कुल 9 मतदेय स्थलों में 18 बूथ बनाये गये हैं। नवसृजित शिवगढ़ नगर पंचायत में कुल 15543 मतदाता हैं। जिनमें 7548 महिला मतदाता और 7995 पुरुष मतदाता शामिल हैं। शिवगढ़ में पहली बार होने जा रहे निकाय चुनाव में मतदान को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष की सीट अनुसूचित जाति महिला होने पर भाजपा ने जहां सुमन गौतम पत्नी रामनाथ को अपना उम्मीदवार बनाया है तो वहीं कॉग्रेस ने सुमन देवी कोएसपा ने गीता रावत पत्नी पप्पू रावत को अपना उम्मीदवार बनाया है। निर्दलीय उम्मीदवार अर्चना पासी पत्नी राजकुमार पासी व निर्दलीय उम्मीदवार भगवान देई को मिलाकर कुल 5 उम्मीदवार नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं बसपा से कोई उम्मीदवार नहीं है। नगर पंचायत के 14 वार्डों में कुल 60 प्रत्याशी सभासद का चुनाव लड़ रहे हैं। राजनीतिक जानकारों की माने तो मतदाताओं की चुप्पी से सस्पेंस बरकरार है कि इस नवसृजित नगर पंचायत का कौन पहला चेयरमैन बनेगा और कौन नहीए यह तो मतगणना के बाद ही पता चलेगा। थानाध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि बृहस्पतिवार को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान चलेगा।।

**आज सार्वजनिक अवकाशः** रायबरेली जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी ;नगरीय निकायद्ध श्रीमती माला श्रीवास्तव ने शासन के निर्देशानुसार जनपद रायबरेली में नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत अध्यक्षोंध्सदस्यों के मतदान के दृष्टिगत जनपद में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचनए 2023 के प्रयोजनार्थ दुकान या वाणिज्यिक अधिष्ठानों में 04 मई 2023 को जनपद रायबरेली में बन्दी दिवस घोषित किया है ।

# जैवसुरक्षा समिति पुनर्गठित

**वाराणसी। कुलपति** प्रो. सुधीर कुमार जैन ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की संस्थागत जैवसुरक्षा समिति का पुनर्गठन किया है। विज्ञान संस्थान के निदेशक की अध्यक्षता वाली यह समिति मुख्य रूप से यह सुनिश्चित करेगी कि अनुसंधान के दौरान ट्रांसजेनिक जीवों (ऐसे जीव जिनमें किसी बाहरी जीन को डाला गया है) का व्यक्तिगत एवं पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित उपयोग किया जाए और ये किसी भी प्रकार से दूसरे जीव जंतुओं के लिए हानिकारक नहीं हो। सीडीआरआई, लखनऊ, में वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. भूपेन्द्र नारायण सिंह. समिति में जैवप्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, के प्रतिनिधि होंगे। डॉ. रिचा आर्या, जन्तु विज्ञान विभाग, विज्ञान संस्थान, बीएचयू, समिति की सदस्य सचिव बनाई गई हैं। जैवसुरक्षा समिति जोखिम वाले जीवों अथवा जेनेटिकली इंजीनियर्ड जीवों पर काम करने वाले संस्थानों में आपात योजना तैयार करने में संस्थान को सहयोग देती है। डॉ. विनोद तिवारी, फार्मास्युटिकल इंजीनियरिंग, आईआईटी–बीएचयू, समिति में बाहरी विशेषज्ञ के रूप में शामिल किये गए हैं, जबकि प्रो. गोपाल नाथ, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, चिकित्सा विज्ञान संस्थान, जैवसुरक्षा अधिकारी नामित किये गए हैं। प्रो. पवन कुमार सिंह, आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग, कृषि विज्ञान संस्थान, प्रो. राजेश कुमार मल्ल, पर्यावरण एवं धारणीय विकास संस्थान, डॉ. समर सिंह, सेन्टर फॉर एक्सपेरिमेन्टल मेडिसीन एंड सर्जरी, चिकित्सा विज्ञान संस्थान, तथा डॉ. अखिलेश कुमार, वनस्पति विज्ञान विभाग, विज्ञान संस्थान, समिति में बतौर आंतरिक विशेषज्ञ शामिल किये गए हैं।

**कटिंग मेमोरिल इंटर कॉलेज नदेसर पार्क में खेल का आनंदः**वाराणसी। वाराणसी में लोगों तक खेल को पहुंचाने की अपनी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए टाटा इंडियन प्रीमियर लीग के डिजिटल राईट होल्डर जियो सिनेमा ने वाराणसी कटिंग मेमोरिल इंटर कॉलेज नदेसर पार्क में फैंस को आमंत्रित कर लीग के उत्साह को चरम पर पहुँचा दिया। यहाँ पर हज़ारों लोग अपनी पसंदीदा टीमों का उत्साह बढ़ाने के लिए एकत्रित हुए जो वीकेंड के दौरान जबरदस्त एक्शन में थीं।

## सड़क मरम्मत की मांग को लेकर किसानों का धरना जारी

**सकलडीहा/चन्दौली।** उकनी वीरमराय बुधवार को तीसरे दिन भी मांगों के समर्थन में भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के सदस्यों का धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान किसानों ने उकनीबीरमराय से दुदौली जाने वाली मार्गए सहकारिता विभाग के गोदाम में क्रय केंद्र व उर्वरक की उपलब्धता की मांग को लेकर मुखर रहे। चेताया मांग पूरी होने तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। मंडल अध्यक्ष दीनानाथ श्रीवास्तव ने कहा पूर्व की सरकार में उकनी वीरमराय से दुदौली होते बरठी व तुलसी आश्रम तक जाने वाला सड़क मरम्मत कराया गया थाए लेकिन मरम्मत के अभाव में सड़क जर्जर हो गया है। शिकायत के बाद भी मरम्त कार्य नहीं हो रहा है। इसके अलावा उकनी वीरमराय में सहकारिता विभाग द्वारा निर्मित गोदाम में क्रय केंद्र खोलने व उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग की। जिलाध्यक्ष शेषनाथ यादव ने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व गोदाम संचालित क्रय केंद्र से किसानों को काफी सहूलियत मिलती थी। लेकिन क्रय केंद्र काफी समय से बंद है।

# सेकेण्ड्री/सीनियर सेकेण्ड्री/कामिल फाजिल की परीक्षाएं 17 से 24 मई तक

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित सेकेण्ड्री/सीनियर सेकेण्ड्री/कामिल एवं फाजिल परीक्षा वर्ष 2023 तक की परीक्षाएं 17 मई से दिनांक 24 मई 2023 के मध्य सम्पन्न होगी। मौलवी मुंशी (सेकेण्ड्री) की परीक्षाएं प्रथम पाली पूर्वान्ह 08:00 बजे से 11:00 बजे तक तथा आलिम (सीनियर सेकेण्ड्री) की परीक्षाएं द्वितीय पाली अपरान्ह 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे के मध्य सम्पन्न होंगी।जिले में मोशन कोटा बना शिक्षा का सबसे बड़ा हब 78: बच्चों ने हासिल की श्रम्म् में सफलता रायबरेली शहर में मोसन कोटा जनपद का सबसे बड़ा शिक्षा हब बन गया हैं। सभी शैक्षिक संस्थानों को पीछे कर सफलताओं की शिखर चूम रहा है। लगातार बच्चे पढ़कर सफलता हासिल कर रहे हैं।भारत के राजस्थान राज्य के कोटा जिले से संचालित होने वाला मोसन कोटा अब रायबरेली में



भी बच्चों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करा रहा है।रायबरेली शहर के डिग्री कॉलेज चौराहा के समीप भारतीय जीवन बीमा कंपनी के सामने स्थित मोशन कोटा शैक्षिक संस्थान बच्चों के भविष्य के उद्धार को सवारने और जीवन में कुछ अच्छा करने की इच्छा रखने वाले बच्चों की सपनों को साकार कर रहा है मोशन कोटा आईआईटी की तैयारी करने के लिए अग्रणी संस्थानों में एक है इस संस्थान की नींव 2007 में नितिन विजय ने रखी जो स्वयं आईआईटी बीएचयू से ग्रेजुएट है। संस्थान लगातार पिछले 16 सालों से बेहतर रिजल्ट दे रहा है इस वर्ष 2023 में 5933 या 70: विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की जो कि आईआईटी जेई एडवांस परीक्षा में सम्मिलित होंगे मोसन कोटा पिछले कई सालों से लगातार सबसे ज्यादा सिलेक्शन पिक्चर दे रहा है सबसे बेहतरीन प्रदर्शन उन विद्यार्थियों ने दिया है जो औसत नंबर बोर्ड परीक्षा में हासिल किए थे।

## क्विक न्यूज

### जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में मतदान कार्मिकों को दिया प्रशिक्षण

**अमेठी।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन.2023 को शांतिपूर्णए सकुशल एवं निष्पक्षता पूर्ण सम्पन्न कराने के लिये निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश के निर्देश के क्रम में एवं जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार मिश्र के आदेश के क्रम में प्रथम पाली में 104 एवं द्वितीय पाली में 104 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में दिया गया। मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण अजय कुमार सिंह सहायक नोडल अधिकारी के निर्देशन में मास्टर ट्रेनर संजय वर्माए संजय प्रकाश, देवेश शर्मा, संदीप सिंह, प्रदीप श्रीवास्तवए मोहम्मद असलम, नरेंद्र कुमार के द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतपेटिका को खोलने एवं उसे सील करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### अज्ञात वाहन से बाइक की टक्कर, दो की हुई मौत

**अमेठी।** जिले के जगदीशपुर क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि मंगलवार रात एक विवाह समारोह में शिरकत करने जा रहे तीन मोटरसाइकिल युवकों को जगदीशपुर थाना क्षेत्र के पालपुर गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी दी। पुलिस के अनुसार इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार नारायण (40) और श्यामू (35) की मौके पर ही मृत्यु हो गई।उन्होंने बताया कि इस हादसे में रामबरन नामक एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण

**सोनभद्र।** हाइड्रिल मैदान रॉबर्ट्सगंज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत की जाने वाली तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से बुधवार को जिलाधिकारी चन्द्रविजय सिंह, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ. यशवीर सिंह द्वारा अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम हेतु पार्किंग स्थल, बैरीकेटिंग, हेलीपैड, साफसफाई, मंच पण्डाल इत्यादि के लिए की जाने वाली तैयारियों का जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### बारिश से मौसम हुआ सुहाना, उमस भरी गर्मी से मिली राहत

**शिवगढ़,रायबरेली।** उमस भरी गर्मी के बीच बुधवार को दोपहर बाद क्षेत्र में करीब 45 मिनट तक लगातार मूसलाधार बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया है, लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिल गई है। बुधवार की सुबह रिमझिम बारिश होने के बाद उमस भरी गर्मी बढ़ गई थी जिसको लेकर लोग व्याकुल होने लगे थे दोपहर बाद 3 बजे से करीब 3 बजकर 45 मिनट तक लगातार मूसलाधार बारिश होने से उमस भरी गर्मी से राहत मिल गई है। जिन घरों में शादी विवाह एवं विभिन्न आयोजन थे उन्हें बेमौसम बारिश के चलते काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा।

### 51 फीट ऊंचा, 21 फीट लंबा धर्मध्वज हुआ स्थापित

**सोनभद्र।** चुर्क स्थित वन रेंज कार्यालय के सामने नवनिर्मित आदि शक्ति सदा शिव मंदिर धर्म स्थल तपोभूमि परिसर में बुधवार को वैदिक रीति से पूजन अर्चन कर 51 फीट ऊंचा एवं 21 फीट लंबा धर्मध्वज स्थापित किया गया। यहा जंगली दास भिखारी बाबा 21मई से नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ एवं रामकथा कराएंगे। आयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी ने बताया कि बुधवार को आचार्य राधेकृष्ण तिवारी व आचार्य रेवती तिवारी के जरिए वैदिक रीति से पूजन अर्चन कर 51 फीट ऊंचा 21 फीट लंबा धर्मध्वज स्थापित किया गया है।

### जीवन भर की यात्रा के लिए शुरुआत की पहल

**वाराणसी।** जीवन भर की यात्रा सही शुरुआत के साथ प्रारंभ होती है और रॉयल कैनिन इस यात्रा को सभी पेट्स ओनर के लिए समृद्ध और मूल्यवान बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। परस्परता के सिद्धांत पर आधारित, जिस तरह से हम व्यापार करते हैं, उसके फंडामेंटल गाइडिंग प्रिंसिपल में से एक, रॉयल कैनिन ने पहली बार प्रमुख स्टेकहोल्डर यानी वेटरिनेरियन और ब्रिडर्स के साथ पार्टनरशिप की है ताकि उन्हें एक ऐसा प्लेटफार्म प्रदान किया जा सके जहां वे अपने कीमती ज्ञान को साझा कर सकें जिससे कि प्रत्येक पेट्स ओनर को जीवन की शुरुआत के समय में गुजरना पड़ता है।

### शहरों में इसकी सेवाओं के बारे में जागरुकता बढ़ाना

**वाराणसी।** शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक लोगों तक अपनी पहुंच को और आगे बढ़ाते हुए गोरखपुर शहर में स्थित लाईफकेयर हॉस्पिटल उन लोगों के लिए उम्मीद की किरण है जो इलाज में सहायता चाहते हैं। परिवार द्वारा संचालित यह मल्टी-स्पेशलटी अस्पताल सेवाओं की व्यापक रेंज पेश करता है जिसमें, जनरल सर्जरी, यूरोलोजी, गायनेकोलोजी, ऑर्थोपेडिक्स, प्लास्टिक सर्जरी और डायलिसिस शामिल हैं।

## श्रीपत ब्रम्ह बाबा इंटर लॉकिंग मार्ग का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**सकलडीहा/चन्दौली।** ईटवा गांव में लम्बे समय से श्रीपत ब्रम्हबाबा मंदिर तक जाने वाला मार्ग का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा था। ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह के पहल पर निर्माण कार्य शुरू होने से ग्रामीणो को काफी खुशी है। बुधवार को बीडीओ अरूण कुमार पांडेय व ज्वाइंट बीडीओ केके सिंह ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य को शीध्र पूरा कराने का निर्देश दिया। ईटवा गांव में श्रीपत ब्रम्ह बाबा मंदिर तक जाने वाले मार्ग का शिलान्यास का बोर्ड लगाकर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया था। जिसके कारण मंदिर तक आने जाने वाले भक्तों को काफी परेशानी होता था। इसको लेकर ग्राम प्रधान गुलाब मौर्या व समाजसेवी बंटू पांडेय द्वारा ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह से प्रयास करके इंटर लॉकिंग निर्माण कार्य को शुरू कराया । बीडीओ अरूण कुमार पांडेय व ज्वाइंट बीडीओ के के सिंह निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया।

# पोलिंग पार्टियां रवाना, निकाय चुनाव के लिए मतदान आज, पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती

**● 100 वार्डो के 1325 मतदान केन्द्रों के लिए जिलाधिकारी की मौजूदगी में हुई रवानगी**

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**नगर निकाय** चुनाव के लिए बुधवार की सुबह पोलिंग पॉर्टियां अपने गंतव्यों पर कड़ी सुरक्षा के बीच रवाना हो गई। जिलाधिकारी एस राजलिंगम की मौजूदगी में पोलिंग पार्टियां रवाना हुई।पुलिस लाइन से सुबह दस बजे से पोलिंग पार्टियों की रवानगी का सिलसिला शुरू हो गया।

उधर, गंगापुर नगर पंचायत चुनाव के लिए राजातलाब तहसील से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। गौरतलब है कि निकाय के लिए 100 वार्डो से लगभग 16 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का



प्रयोग करेगें। चुनाव के लिए कुल 1325 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें से 145 बूथों को अतिसंवेदनशील प्लस के रूप में चिन्हित किया गया है। चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये हैं। चप्पे–चप्पे पर फोर्स की तैनाती की गई है। संवेदनशील बूथों पर ड्रोन कैमरे से रखी जाएगी। इसके साथ ही जनपद की सीमाओं पर चौकसी बढ़ा दी गई है। जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने मीडिया से बातचीत में कहा कि चुस्त–दुरूस्त व्यवस्था के साथ सभी पोलिंग बूथों के लिए पोलिंग पार्टियों रवाना हो चुके हैं साथ ही पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती अतिसंवेदनशील क्षेत्र में किया गया है।

# प्रियदर्शिनी क्लब ने हर्षोल्लास के साथ मनाया वार्षिकोत्सव

**ऊंचाहार।** एनटीपीसी की महिला संस्था प्रियदर्शिनी लेडीज़ क्लब ने दो दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक अभय कुमार समैयार व महाप्रबंधकगणों ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिसके बाद लेडीज़ क्लब की अध्यक्षा श्रीमती मनीषा समैयार ने उदार वचनों से सभी का स्वागत किया। क्लब की जनरल सेक्रेटरी रश्मी सिन्हा ने प्रियदर्शिनी लेडीज़ क्लब की वार्षिक गतिविधियों के बारे में सभी को बताया और उनकी झलकियां भी प्रस्तुत की। शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई। पहले दिन श्शुभारंभ एक नए सफर का विषय पर लेडीज़ क्लब की सदस्याओं द्वारा नाट्य मंचन भी किया गया। दूसरे दिन बाल भवन के बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समैयार ने समारोह में उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा कि



प्रियदर्शिनी लेडीज़ क्लब की ओर से की जाने वाली विभिन्न गतिविधियां अत्यंत सराहनीय हैं। ग्रामीण समाज के सरोकार के लिए नियमित तौर पर जनकल्याण कार्यक्रमों को संचालित कर प्रियदर्शिनी लेडीज़ क्लब समाज की एक जिम्मेदार संस्था के रूप में उभरकर सामने आ रहा है। महिलाओं का कौशल विकास कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में क्लब के द्वारा जो कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं वे वास्तव में प्रशंसनीय हैं। हमें आशा है कि पूर्व की भांति ही प्रियदर्शिनी लेडीज़ क्लब अपने माध्यम से समाज कल्याण के प्रति समर्पित होकर लगातार कार्य करता रहेगा।

# पेज एक का शेष

## पुतिन पर...

कहा कि उन्होंने खबर देखी थी लेकिन मैं उन्हें किसी भी तरह से मान्य नहीं कर सकता। हम बस उसके बारे में नहीं जानते। उन्होंने कहा, ...हम देखेंगे कि तथ्य क्या हैं। वास्तव में तथ्य क्या हैं यह जाने बिना इस पर टिप्पणी करना या अनुमान लगाना वास्तव में कठिन है। कथित ड्रोन हमला 14 महीने के संघर्ष में एक महत्वपूर्ण वृद्धि होगा। यूक्रेन कथित तौर पर युद्ध को रूसी शक्ति के केंद्र में ले गया है। रूस मंगलवार को अपना वार्षिक विजय दिवस मनाने की तैयारी कर रहा है। क्रेमलिन के एक बयान के मुताबिक, हम विजय दिवस, नौ मई को होने वाली परेड, जहां विदेशी गणमान्य नागरिकों की मौजदूगी संभावित है, से पहले इन कार्रवाई को एक सुनियोजित आतंकवादी कृत्य और रूस के राष्ट्रपति की हत्या के एक प्रयास के रूप में देखते हैं। कथित हमले की खबर आने से कुछ समय पहले मॉस्को के महापौर सर्गेई सोब्यानिन ने रूस की राजधानी में ड्रोन के इस्तेमाल पर पाबंदी का आदेश जारी किया।

## कांग्रेस शांति...

को बढ़ाती है। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास है कि कर्नाटक औद्योगिक विकास, कृषि विकास के साथ ही स्वास्थ्य और शिक्षा में नंबर–। बने। लेकिन कांग्रेस क्या चाहती है? कांग्रेस कर्नाटक को... दिल्ली में जो उनका शाही परिवार बैठा है, उस परिवार का नंबर–। एटीएम बनाना चाहती है। मोदी ने कांग्रेस पर गाली देने की संस्कृति का आरोप लगाते हुए कर्नाटक के लोगों से अपील की कि वे जब 10 मई को मतदान केंद्रों पर जाएं और मतदान करें तो जय बजरंग बली बोल कर उसे सजा दें। इसके बाद अंकोला में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके नेता उनसे नफरत करते हैं और उन्हें गाली देते हैं क्योंकि उन्होंने उनकी भ्रष्ट व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया है।

## निकाय चुनाव...

कौशांबी, ललितपुर, फतेहपुर, प्रतापगढ़, उन्नाव, हरदोई, लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, गोंडा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, गोरखपुर, देवरिया, महाराजगंज, कुशीनगर, गाजीपुर, वाराणसी, चंदौली और जौनपुर में लगभग 2.40 करोड़ मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। दूसरे चरण का मतदान 11 मई को होगा और मतगणना 13 मई को होगी।

## सर्वशक्तिमान पीएम...

जनता को लूट रही थी तो आप क्या कर रहे थे? ठेकेदार संघ ने चिट्ठी लिखी, सर्वज्ञानी जी का कोई जवाब नहीं आया। ठेकेदार आत्महत्या करते हैं, लेकिन समस्या नहीं दिखती। बाद में बीदर की चुनावी सभा में भी प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री पर हमला बोला। उन्होंने कहा, ये सर्वशक्तिमान, सर्वज्ञानी और 56 इंच के सीने वाले हैं, इनका सपना कैसे टूट गया? इन्हीं की सरकार ने तो सपना तोड़ा है। इनकी सरकार लूट रही थी तो ये आंख बंद करके सपना देख रहे थे।

## बेअंत सिंह...

कि शीर्ष अदालत ने राजोआना की ओर से शीर्ष अधिवक्ता मुकुल रोहतगी तथा अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल के एम नटराज की दलीलें सुनने के बाद दो मार्च को दोषी की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। वकील ने अपनी दलील में कहा था कि दया याचिका पर लंबे समय से कोई फैसला नहीं करने और उसकी सजा को बरकरार रखने से उसके मूलभूत अधिकारों का हनन हुआ है। राजोआना की दया याचिका एक दशक से भी ज्यादा वक्त से सरकार के पास लंबित है। पिछले वर्ष 11 अक्टूबर को शीर्ष अदालत ने कहा था कि राजोआना की याचिका पर सुनवाई के लिए तीन न्यायाधीशों की पीठ बनाई जाएगी। राजोआना के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा था कि उनका मुवक्किल 26 वर्षों से जेल में है। उन्होंने कहा कि शीर्ष न्यायालय के फैसलों के आधार पर उनके पास यह एक ठोस आधार है कि संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन की स्वतंत्रता के संरक्षण का अधिकार) का हनन हुआ है। शीर्ष न्यायालय ने राजोआना की मौत की सजा को उम्र कैद में तब्दील करने पर केंद्र के फैसला करने में नाकाम रहने को लेकर 28 सितंबर को नाखुशी जताई थी। रोहतगी ने कहा कि राजोआना जनवरी 1996 से जेल में है और उसकी दया याचिका मार्च 2012 में दायर की गई थी। उन्होंने कहा कि उनका मुवक्किल 2007 से मौत की सजा का सामना कर रहा है।

## समलैंगिक जोड़ों...

था। पीठ के सदस्यों में न्यायमूर्ति एस. के. कौल, न्यायमूर्ति एस. आर. भट, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा भी शामिल हैं। न्यायालय में जब याचिकाकर्ताओं के वकीलों ने दलील दी कि देश भर में युवा समलैंगिक जोड़े विवाह करना चाहते हैं, तब पीठ ने कहा कि हम इस पर नहीं जाएंगे कि समाज के एक बड़े हिस्से को या समाज के एक छोटे हिस्से को क्या स्वीकार्य है, बल्कि संविधान के अनुसार विचार करेंगे। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि याचिकाकर्ता अपनी समस्याओं के बारे में या अपने सुझाव उन्हें दे सकते हैं और समिति उन पर गौर करेगी तथा कानून के दायरे में उसका समाधान करने के लिए यथासंभव प्रयास करेगी। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता अटार्नी जनरल को या सॉलिसिटर जनरल को अपने सुझाव दे सकते हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि दोनों पक्षों की ओर से पेश हुए वकील एक बैठक कर सकते हैं, जिसमें इन मुद्दों पर चर्चा की जा सकती है। मेहता ने कहा कि इसके लिए दूसरे पक्ष का स्वागत है।

## पुनर्विचार करने...

था, उसकी बुधवार को बैठक नहीं हुई। पटेल ने कहा, यदि स्थिति उत्पन्न होती है, तो समिति पवार के उत्तराधिकारी पर निर्णय लेगी और निर्णय सर्वसम्मत होगा। जब पार्टी ने उन्हें इस पर पुनर्विचार करने के लिए कहा, उन्होंने अपने निर्णय पर विचार करने के लिए समय मांगा और जब तक अंतिम निर्णय नहीं हो जाता, तब तक उनके उत्तराधिकारी पर विचार करने का कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने कहा, कोई रिक्ति नहीं है। साथ ही पटेल ने कहा, पवार अध्यक्ष रहें या न रहें, वे पार्टी की पहचान और आत्मा हैं। पटेल से उन खबरों के बारे में पूछा गया जिनमें कहा गया कि एनसीपी नेता सुप्रिया सुले राष्ट्रीय अध्यक्ष और अजित पवार महाराष्ट्र इकाई प्रमुख हो सकते हैं। कुछ खबरों में यह भी कहा गया कि पटेल पवार की जगह ले सकते हैं। पटेल ने कहा कि पार्टी पवार को अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए राजी करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, पार्टी कार्यकर्ताओं को धैर्य रखना चाहिए और सामूहिक रूप से (पवार के फैसले के विरोध में) अपने पदों से इस्तीफा देना बंद कर देना चाहिए।

## कृष्ण जन्मभूमि...

को भी कहा है। इस मामले में प्रतिवादियों में यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड, कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटी शाही मस्जिद ईदगाह की प्रबंधन समिति, श्री कृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट, कटरा केशव देव, डीग गेट, मथुरा और श्री कृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान, कटरा केशव देव, डीग गेट, मथुरा शामिल हैं। वादियो ने ईदगाह मस्जिद पर हिंदू समुदाय के अधिकार का दावा करते हुए निषेधाज्ञा की घोषणा करने का अनुरोध करते हुए सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत में दीवानी मुकदमा दायर किया था। उनकी दलील है कि इस मस्जिद का निर्माण हिंदू मंदिरों को तोड़कर किया गया और ऐसा निर्माण मस्जिद नहीं हो सकता क्योंकि कभी किसी वक्फ का गठन नहीं किया गया और वह भूमि कभी मस्जिद निर्माण के लिए नहीं थी।

## गर्मी का...

इसमें स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों को भी जोड़ा है, इस प्रश्न पर बताया गया कि इसे धीरे–धीरे शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम इस पर काम कर रहे हैं लेकिन कुछ जगहों पर स्वास्थ्य संबंधी आंकड़े आसानी से उपलब्ध नहीं हैं। महापात्र और उनकी टीम ने अधिकतम तापमान, न्यूनतम तापमान, आर्द्रता, गर्म हवा और लू की अवधि को ध्यान में रखते हुए पिछले साल पूरे देश के लिए लू के खतरे का विश्लेषण किया था। विश्लेषण से हीट हजार्ड स्कोर तैयार करने में मदद मिलेगी, जिसका उपयोग विशिष्ट स्थानों के लिए प्रभाव–आधारित लू संबंधी अलर्ट जारी करने के लिए शुरुआत के रूप में किया जाएगा। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि गर्मी सूचकांक तापमान और आर्द्रता को ध्यान में रखते हुए स्पष्ट तापमान प्रदान करता है। हीट हजार्ड स्कोर संख्याओं के संदर्भ में गंभीरता को दर्शाएगा, जैसे 1 से 10 के पैमाने पर। उन्होंने कहा कि अमेरिका के गर्मी सूचकांक और भारत के हीट हजार्ड स्कोर के बीच प्रमुख अंतर यह है कि भारतीय सूचकांक में गर्मी की स्थिति को बढ़ाने वाले अन्य मापदंडों पर भी विचार किया जाता है।

# भारत-मालदीव ने हिंद महासागर क्षेत्र में शांति स्थिरता एवं सुरक्षा के महत्व को दोहराया

भाषा। माले

**भारत** और मालदीव ने बुधवार को हिंद महासागर क्षेत्र में शांति, स्थिरता एवं सुरक्षा बनाए रखने के महत्व को दोहराया। दोनों ही देशों ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच अंतरराष्ट्रीय कानून तथा नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को सम्मान देने के महत्व को रेखांकित किया।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मालदीव की रक्षा मंत्री मारिया दीदी के निमंत्रण पर सोमवार को यहां पहुंचे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और प्रगति (सागर) की सोच के अनुरूप माले में मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स (एमएनडीएफ) के एकाथा हार्बर की आधारशिला संयुक्त रूप से रखी। यहां कोस्ट गार्ड हार्बर और सिफावारु में मरम्मत केंद्र का विकास भारत की सहायता से क्रियान्वित की जा रही सबसे बड़ी परियोजनाओं में से एक है। सिंह और दीदी ने इस दौरान द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को बढ़ाने तथा भारत और मालदीव के बीच दीर्घकालिक साझेदारी को मजबूत करने पर बातचीत की। सिंह की मालदीव यात्रा के अंत में जारी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, उन्होंने आपसी चिंता के अनेक क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा की और रक्षा एवं सुरक्षा के क्षेत्रों में अपना सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। इसमें कहा गया, दोनों मंत्रियों ने क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के महत्व को दोहराया और साझा सुरक्षा चुनौतियों पर ध्यान देने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत को रेखांकित किया।

मालदीव की रक्षा मंत्री ने सिंह की यात्रा को दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग साझेदारियों में बड़ा मील का पत्थर बताया। उन्होंने आईएनएस ऐरावत पर सिंह की मेजबानी में आयोजित स्वागत समारोह के लिए भारतीय रक्षा मंत्री को धन्यवाद दिया। दीदी ने कहा, इस समारोह में भारत और मालदीव के बीच मौजूदा समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और मित्रता का जश्न मनाया गया। यह समारोह सालों से जारी सहयोग और आपसी सम्मान के मजबूत बंधों का प्रमाण है।



कोलंबो में श्रीलंका की यात्रा के दौरान वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी श्रीलंका के प्रधान मंत्री दिनेश गुनावर्दना से मिलते हुए

# सर्बिया में किशोर ने स्कूल में की गोलीबारी, आठ बच्चों व एक सुरक्षाकर्मी की मौत

एपी। बेलग्रेड

**सर्बिया** में एक किशोर ने राजधानी बेलग्रेड के एक स्कूल में बुधवार सुबह गोलीबारी की, जिसमें आठ बच्चों और एक सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई। आरोपी किशोर को हिरासत में ले लिया गया है। सर्बिया पुलिस ने एक बयान में यह जानकारी दी।



पुलिस ने बताया कि गोलीबारी करने वाले किशोर ने अपने स्कूल की कक्षाओं का रेखाचित्र बनाया था और उन लोगों की भी सूची बनाई थी जिन्हें वह निशाना बनाना चाहता था।

एक स्थानीय अधिकारी के अनुसार मध्य बेलग्रेड के स्कूल में एक छात्र के पिता ने बताया कि किशोर उनकी बेटी की कक्षा में घुस गया और उसके शिक्षक और फिर उसके सहपाठियों पर गोलीबारी की। ज्यादातर छात्र पिछले दरवाजे से भागने में सफल रहे। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वेसलिन मिलिक ने कहा कि गोलीबारी करने वाले किशोर ने कक्षाओं के रेखाचित्र बनाए थे और उन बच्चों की एक सूची बनाई थी जिन्हें वह मारना चाहता था। मिलिक ने कहा कि गोलीबारी के बाद किशोर ने खुद पुलिस को फोन किया। इससे पूर्व पुलिस ने बताया था कि आरोपी किशोर कोस्टा केकमेनोविक व्लादिस्लाव रिब्निकर स्कूल का छात्र है और उसका जन्म 2009 में हुआ था। उन्होंने बताया कि किशोर ने गोलीबारी के लिए अपने पिता की बंदूक का इस्तेमाल किया। गोलीबारी में एक शिक्षक और छह बच्चे घायल भी हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सर्बिया में सार्वजनिक स्थानों, खासतौर पर स्कूलों में गोलीबारी की घटनाएं बेहद दुर्लभ हैं। देश में गोलीबारी की पिछली घटना 2013 में हुई थी, जिसमें एक पूर्व सैनिक ने 13 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। स्थानीय मीडिया चैनलों पर प्रसारित फुटेज में स्कूल के बाहर बच्चों को लेकर चिंतित अभिभावकों की भीड़ नजर आई। वहीं, पुलिसकर्मी संदिग्ध को गिरफ्तार कर सड़क पर खड़े पुलिस वाहन की तरफ ले जाते दिखाई दिए। पुलिस ने कहा कि उसे सुबह आठ बजकर 40 मिनट के आसपास व्लादिस्लाव रिबनिकार प्राइमरी स्कूल में गोलीबारी की सूचना मिली। व्लादिस्लाव रिबनिकार प्राइमरी स्कूल मध्य बेलग्रेड का एक जाना-माना स्कूल है। पुलिस ने गोलीबारी की घटना के बाद इस स्कूल के आसपास के इलाके को सील कर दिया। सर्बिया में प्राइमरी स्कूलों में कक्षा आठ तक के बच्चे पढ़ते हैं। गोलीबारी के दौरान स्कूल में मौजूद रहे एक छात्रा ने कहा, संदिग्ध बहुत शांत और सौम्य स्वभाव का था। वह पढ़ाई में भी अच्छा था, लेकिन हम उसके बारे में ज्यादा नहीं जानते थे। छात्रा ने कहा, वह (संदिग्ध किशोर) दूसरों से ज्यादा घुलता-मिलता नहीं था। मुझे यकीनन ऐसा कुछ होने का अंदेशा नहीं था। एक अन्य छात्र ने बताया कि किशोर ने पहले शिक्षक पर गोली चलाई और फिर छात्रों की तरफ बंदूक घुमा दी, जो जान बचाने के लिए मेज के नीचे छिप गए।

# ईरान के राष्ट्रपति ने की सीरिया के राष्ट्रपति के साथ बैठक

एपी। दमिश्क

**ईरान** के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद से बुधवार को मुलाकात की और दोनों नेताओं ने देशों के बीच सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी है।

सीरिया में राष्ट्रपति बशर अल असद की सरकार के खिलाफ मार्च 2011 से शुरू हुए विद्रोह के बाद ईरान ने लगातार उनकी सरकार को समर्थन दिया है, साथ ही बड़ी संख्या में सैन्य सलाहकार तथा ईरान समर्थित हजारों लड़ाके असद के पक्ष में लड़ने के लिए भेजे हैं।

रूस और ईरान के मजबूत सहयोग से सीरिया के सरकारी बल हाल के वर्षों में देश के बड़े हिस्से पर अपनी पकड़ बना पाए हैं।

टेलीविजन चैनल अल-मयादीन को दिए एक साक्षात्कार में रईसी ने पुनर्निर्माण प्रयासों और युद्ध के कारण देश छोड़ कर जा चुके लोगों से वापसी का आह्वान किया था।

रईसी के दमिश्क अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचने पर सीरिया के आर्थिक मामलों के मंत्री समेर अल खलील ने उनका स्वागत किया।

सीरिया के सरकारी मीडिया ने अपनी खबर में बताया कि बैठक के दौरान रईसी ने असद से कहा, सीरिया की सरकार और उसकी जनता ने काफी मुश्किलों का सामना किया है। आज हम यह कह सकते हैं कि आप सभी समस्याओं से उबर गए हैं तथा प्रतिबंधों के बावजूद आप जीते हैं।

# एक और महिला ने ट्रंप पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया

एपी। न्यूयॉर्क

**अमेरिका** के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर एक और महिला ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। जेसिका लीड्स (81) ने न्यूयॉर्क में ज्यूरी के सामने अपनी गवाही में कहा है कि ट्रंप ने 1970 के दशक के अंत में एक विमान में उनके साथ अश्लील हरकत की थी। लीड्स ने ई. जीन कैरल्स नाम की एक महिला की ओर से ट्रंप के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप में दर्ज कराए गए मुकदमे की सुनवाई के दौरान यह गवाही दी। कैरल्स ने दावा किया था कि पूर्व राष्ट्रपति ने मैनहैट्टन के एक डिपार्टमेंटल स्टोर में उनके साथ यौन दुर्व्यवहार किया था।



इस बीच, ट्रंप के वकील ने ज्यूरी को बताया कि पूर्व राष्ट्रपति ने मामले से जुड़े कुछ बड़े सवालों के जवाब देने का फैसला किया है। उन्होंने एक हलफनामे के जरिए अपना पक्ष रखा है, जिसके अंश ज्यूरी के सामने सुनाए जा सकते हैं। उत्तर कैरोलाइना निवासी लीड्स ने ज्यूरी के सामने दी गई गवाही में कहा कि वह और ट्रंप न्यूयॉर्कि सिटी जा रहे एक विमान में अगल-बगल की सीट पर बैठे थे, तभी ट्रंप ने उनका स्तन पकड़ लिया और उनकी स्कर्ट के अंदर हाथ डालने लगे। लीड्स के मुताबिक, इसके कुछ ही सेकेंड बाद उन्होंने यह कहते हुए खुद को ट्रंप के चंगुल से छुड़ाया कि उन्हें इसकी जरूरत नहीं है और फिर वह पीछे की सीट पर जा बैठीं। उन्होंने कहा, कोई बातचीत नहीं हुई थी। यह एकदम आश्चर्यजनक था। उन्होंने आरोप लगाया, ट्रंप मेरा चुंबन लेने, अपनी तरफ खींचने की कोशिश कर रहे थे। वह और भी अश्लील हरकतें कर रहे थे। ऐसा लग रहा था, मानो उनके पास असंख्य हाथों की ताकत है। ऐसा लग रहा था, मानो हम दोनों के बीच संघर्ष हो रहा हो। मामले में एक अन्य महिला के भी ट्रंप के खिलाफ गवाही देने की संभावना है। हालांकि, ट्रंप ने अलग-अलग महिलाओं द्वारा खुद पर लगाए गए यौन उत्पीड़न और यौन दुर्व्यवहार के आरोपों को लगातार खारिज किया है।

## ईरान ने होरमुज जलडमरूमध्य में तेल टैंकर को जब्त किया, अमेरिकी नौसेना का दावा

**दुबई।** ईरान ने होरमुज जलडमरुमध्य में बुधवार को एक तेल टैंकर जब्त कर लिया, जिस पर पनामा का ध्वज लगा हुआ है। अमेरिकी नौसेना ने यह जानकारी दी। अमेरिकी नौसेना के मध्य-पूर्व स्थित पांचवें बेड़े ने पोत की पहचान नियोवी के रूप में की है। उसके अनुसार, ईरान के अर्द्धसैनिक बल रिवोल्युशनरी गार्ड ने पोत को जब्त किया। हाल के दिनों में इस खाड़ी देश द्वारा जब्त किया गया यह दूसरा पोत है। नौसेना ने एक तस्वीर जारी की है जिसमें देखा जा सकता है कि ईरानी अर्द्धसैनिक बल के दर्जनों पोत, टैंकर को चारों ओर से घेरे हुए हैं। नौसेना ने कहा, टैंकर को ईरान के बंदर अब्बास तट से लगे ईरानी जल क्षेत्र की ओर जाने के लिए मजबूर किया गया।

## क्विक न्यूज

### नेपाल में जड़ी-बूटी एकत्र करने के दौरान लापता हुए छह लोगों में से तीन के शव मिले

**काठमांडू।** नेपाल के दो पर्वतीय क्षेत्रों में हिमस्खलन की चपेट में आने से छह लोगों के लापता हो जाने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने बुधवार को तीन शव बरामद कर लिए। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। हिमस्खलन की चपेट में आए लोग यारशागुम्बा जड़ी-बूटी एकत्र कर रहे थे, जिसे जीवन रक्षक और यौन शक्ति बढ़ाने वाली माना जाता है। यह कैटरपिलर कवक के रूप में भी जानी जाती है और हिमालय के ऊंचे स्थानों पर पाई जाती है। मायरिपब्लिका अखबार की खबर के अनुसार, सुरक्षाकर्मियों ने दो महिलाओं और एक पुरुष के शव बरामद किए हैं, जो दार्चुला जिले के पर्वतीय क्षेत्र में मंगलवार को हुए हिमस्खलन में लापता हुए पांच लोगों में शामिल थे। हिमस्खलन में 12 लोग बर्फ के नीचे दब गए थे, जिन्होंने जड़ी-बूटी एकत्र करने के लिए वहां तंबू लगा रखे थे। उनमें से सात लोगों को सुरक्षाकर्मियों और स्थानीय लोगों की मदद से बचा लिया गया। पुलिस उपाधीक्षक ईश्वरीदत्त भट्ट के हवाले से खबर में बताया गया है कि ए शव उस स्थान से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर पाए गए, जहां से वे तीनों लोग लापता हुए थे। उन्होंने कहा, शव का पता चलने पर नेपाल पुलिस और हमारी टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि एक अन्य घटना में, यारशागुम्बा एकत्र करते समय 32 वर्षीय एक महिला हिमस्खलन की चपेट में आने से लापता हो गई। यारशागुम्बा जड़ी-बूटी की अंतराष्ट्रीय बाजार में काफी मांग है।

### शांति मिशन वार्ता के बीच पोप ने रूसी ऑर्थोडॉक्स चर्च के दूत का अभिवादन किया

**वेटिकन सिटी।** पोप फ्रांसिस ने बुधवार को यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने की कोशिश करने के लिए एक गुप्त मिशन का खुलासा करने के कुछ ही दिनों बाद रूसी ऑर्थोडॉक्स चर्च के विदेशी दूत को बधाई दी। मेट्रोपॉलिटन एंथोनी ने सेंट पीटर्स स्क्वायर में फ्रांसिस के साप्ताहिक आम दर्शन में भाग लिया और फिर अंत में फ्रांसिस का अभिवादन किया। उन्होंने पोप को एक प्रतिमा भेंट की, जिसपर फ्रांसिस ने आशीर्वाद दिया। एंथोनी को बाद में फ्रांसिस के एक सहयोगी द्वारा मंच से नीचे ले जाते हुए देखा गया। फ्रांसिस ने श्रोताओं के सामने अपनी टिप्पणी में हंगरी की अपनी सप्ताहांत यात्रा के दौरान दिए गए संबोधन को दोहराया, जिस दौरान उन्होंने युद्ध को समाप्त करने के लिए बार-बार आह्वान किया। बुडापेस्ट में उन्होंने एंथनी के पूर्ववर्ती मेट्रोपॉलिटन हिलारियन से पैट्रिआर्क किरिल के विदेशी दूत के रूप में मुलाकात की थी। किरिल रूसी चर्च के प्रमुख है जिन्होंने क्रेमलिन के युद्ध का पुरजोर समर्थन किया और इसे धार्मिक आधार पर उचित ठहराया। हंगरी से लौटने के दौरान एक संवाददाता सम्मेलन में उनसे पूछा गया कि क्या हिलारियन और रूस के साथ रिश्ते कायम रखने वाले हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन युद्ध में मध्यस्थता की भूमिका निभा सकते है। फ्रांसिस ने जवाब दिया, आप कल्पना कर सकते है कि इस बैठक में हमने केवल लिटिल रेड राइडिंग हूड के बारे में ही बात नही की, है न? उन्होंने युद्ध को समाप्त करने के लिए जो भी करना पड़े, वह करने की अपनी इच्छा को दोहराया।

### चीन में मई दिवस की छुट्टी के दौरान विस्फोट, नौ की मौत

**बीजिंग।** चीन में मई दिवस की छुट्टी के दौरान एक पेट्रोकेमिकल संयंत्र में हुए विस्फोट में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। इसी दिन हुए एक विमान हादसे में तीन अन्य लोग मारे गए। बचावकर्मियों ने उत्तरी प्रांत शानदोंग के लाओशेंग शहर में औद्योगिक क्षेत्र में स्थित झोंगहुआ समूह संयंत्र में सोमवार को हुए विस्फोट में मारे गए नौ श्रमिकों के शव बरामद किए। औद्योगिक क्षेत्र की प्रबंधन समिति ने बुधवार को एक बयान में कहा कि हादसे के बाद एक व्यक्ति लापता है और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समिति ने कहा कि विस्फोट के कारणों की जांच के लिए एक अंतर्विभागीय कार्यबल का गठन किया गया है।

# यूक्रेन की मदद के लिए गोला-बारूद का उत्पादन बढ़ाना चाहता है यूरोपीय संघ

एपी। ब्रसेल्स

**यूरोपीय** संघ (ईयू) ने गोला-बारूद का उत्पादन बड़े पैमाने पर बढ़ाने के लिए नई योजनाओं की घोषणा की है। यूरोपीय संघ का प्रयास रूस के साथ युद्ध में उलझे यूक्रेन की मदद करना और संगठन की भू-राजनीतिक साख में सुधार लाना है। विश्लेषकों के अनुसार रूस के कब्जे वाले इलाके को वापस पाने के लिए यूक्रेन जवाबी कार्वाई शुरू करने के लिए तैयार हो रहा है लेकिन उसका गोला-बारूद खत्म होने को है। उनके मुताबिक, पश्चिमी सहयोगियों ने यूक्रेन को गोला-बारूद उपलब्ध कराया भी है लेकिन, यूक्रेन ने सहयोगियों से और अधिक गोला-बारूद की मांग की है।

यूरोपीय संघ के आंतरिक बाजार आयुक्त थिएरी ब्रेटन ने कहा, "हमें यूक्रेन की मदद करनी चाहिए, उन्हें जरुरी गोला-बारूद मुहैया कराना चाहिए। हमें पता है कि वास्तव में जमीन पर क्या हो रहा है"।

वह यूक्रेन को गोला-बारूद उपलब्ध कराने और सदस्य देशों के भंडार को फिर से भरने के लक्ष्य के साथ वित्तपोषण के लिए कम से कम एक अरब यूरो (1.1 अरब अमेरिकी डॉलर) का उपयोग करना चाहता है। इसके लिए आधी राशि यूरोपीय संघ कोष से प्रदान की जाएगी जबकि शेष राशि सदस्य देशों द्वारा दी जाएगी।

ब्रेटन ने कहा कि यूरोपीय संघ के पास अब भी एक बड़ा उत्पादन आधार है। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि यूरोप अगले साल तक यूक्रेन के लिए बड़ी मात्रा में गोला-बारूद का उत्पादन करने में सक्षम हो सकता है। इस बीच, अमेरिकी अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका यूक्रेन को लगभग 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त सैन्य सहायता भेज रहा है।

# वायुसेना प्रमुख श्रीलंका के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री से मिले

भाषा। कोलंबो

**भारतीय** वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी. आर. चौधरी ने श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने से मुलाकात की और द्विपक्षीय तथा रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। एयर चीफ मार्शल चार दिवसीय यात्रा पर सोमवार को यहां पहुंचे थे। वह एयर मार्शल एस. के. पथिराना के आमंत्रण पर यहां आए हैं। भारतीय वायुसेना ने ट्वीट किया, श्रीलंका की यात्रा के तहत सीएसए एयर चीफ मार्शल वी. आर. चौधरी ने राष्ट्रपति, रक्षा राज्य मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और श्रीलंकाई वायुसेना और नौसेना के कमांडरों से भी मुलाकात की। कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने ट्वीट किया, एयर चीफ मार्शल चौधरी ने राष्ट्रपति से मुलाकात की तथा रक्षा क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाने के संबंध में चर्चा की। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने श्रीलंका के प्रधानमंत्री गुणवर्धने से भी मुलाकात की। गुणवर्धने ने भारतीय वायुसेना की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया। उन्होंने रक्षा राज्य मंत्री प्रेमिता बंडारा तेनाकून और राष्ट्रीय सुरक्षा पर सलाहकार सागला रत्नायका से भी मुलाकात की।

## एयर चीफ मार्शल वी. आर. चौधरी ने श्रीलंका में शहीद भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी

**कोलंबो।** भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी. आर. चौधरी ने 1987 से 1990 के बीच श्रीलंका में शांतिरक्षक मिशन के दौरान शहीद हुए वीर भारतीय सैनिकों को बुधवार को श्रद्धांजलि दी। वायुसेना प्रमुख श्रीलंका की चार दिवसीय यात्रा के लिए सोमवार को यहां पहुंचे। वह श्रीलंका के अपने समकक्ष एयर मार्शल एस.के. पथिराना के निमंत्रण पर यहां आए हैं। भारतीय उच्चायोग ने यहां ट्वीट किया, श्रीलंका में वीर भारतीय सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को नमनउ वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने आज आईपीकेएफ मेमोरियल में श्रद्धांजलि अर्पित की। वर्ष 1987 से 1990 के बीच भारतीय शांति रक्षा बल (आईपीकेएफ) के अभियानों के दौरान लगभग ।,200 सैनिक शहीद हुए थे। अभियान के दौरान भारतीय सेना के लगभग 2,500 अधिकारी भी घायल हुए थे। आईपीकेएफ का गठन 1987 में हस्ताक्षर किए गए भारत-श्रीलंका समझौते के तहत हुआ था। इसका उद्देश्य श्रीलंका में गृह युद्ध को समाप्त करना था।

**PUBLIC NOTICE**

Please be informed that we, Ankit Pasricha and Parul Pasricha, son and daughter of Jeewan Pasricha, R/o 10-C, MIG Flats, Gulabi Bagh, New Delhi-110007, are the mutated/ owners of Flat No. 10-C, MIG Flats, Gulabi Bagh, New Delhi-110007. However, the original Conveyance Deed for the said flat was issued in the name of Smt. Asha Pasricha, which has file number F24 (55)82/ MIG/G, has been lost. We have filed an FIR with LR No. 387153/2023 on 27/04/2023 to report the loss of the Conveyance Deed. Any person(s) claiming any right or interest, having any objection or found in possession of original documents, may contact us within 15 days from the date of this notice at the above-mentioned address and phone numbers (9811185007 / 9899790341).

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to the public at large, that my client Mrs. Anju Arora, W/o Sh. Ajay Arora, R/o 236-E MIG Flats Rajouri Garden, New Delhi-110027, has disowned and severed all her legal and social ties with her Brother Mr. Ajay Kumar Arora and Sister-in-Law Mrs. Sunita Arora W/o Ajay Kumar Arora. Henceforth, both of them would have no claim in her moveable and immovable properties/assets. Anybody dealing with them shall do so at their own risks, costs and consequences. My client shall not be responsible for their any act of omission and commission. **ARUSH KAPOOR ADVOCATE Office- 5C / 64 NEW ROHTAK ROAD, KAROL BAGH NEW DELHI - 110005| CONTACT : 09910950400**

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client, Shri SUNIL KUMAR CHAWLA, son of Shri K L Chawla, resident of SFS Flat no. 387 (on Second Floor) in Pocket GH-13, Category-II, Paschim Vihar, New Delhi-63 have lost/misplaced the original documents issued by DDA (i.e. Possession Letter, Possession Slip and NOC for Water and Electricity, etc.) in respect of DDA SFS CATEGORY-II FLAT No. 387, in Pocket - GH-13, Paschim Vihar, New Delhi-110063 issued by DDA vide File No. F.136(131)89/SFS. An FIR to this effect has been lodged in PS-Crime Branch, Delhi bearing LR No. 390454/2023 dated 28/04/2023.

Any person(s) claiming any right, interest over documents or found in possession of original documents, may write/contact above named person at above address/phone no. 9910022490 or to Dy. Director (LAB)H or Director (H)-1, Vikas Sadan, INA, New Delhi, within 15 days from the date of publication of this notice.

**Achin Sharma (Advocate)**
G-2/210 and 210A, Tulsi Tower,
Alaknanda Market, New Delhi
9810221449, 9650865007

# भारतीय नौसेना प्रमुख ने सिंगापुर के रक्षा मंत्री से मुलाकात की

भाषा। सिंगापुर

**भारतीय** नौसेना के प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने बुधवार को सिंगापुर के रक्षा मंत्री डॉ एनजी इंग हेन से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच मजबूत और लंबे समय से चले आ रहे द्विपक्षीय रक्षा संबंधों की पुष्टि की। सिंगापुर के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि उन्होंने क्षेत्रीय सुरक्षा विकास और विश्वास निर्माण के लिए बहुपक्षीय मंचों का लाभ उठाने के महत्व पर भी चर्चा की। बयान में कहा गया है कि एक मई से चार मई तक सिंगापुर का दौरा कर रहे एडमिरल हरि ने 13वीं अंतरराष्ट्रीय समुद्री रक्षा प्रदर्शनी और सम्मेलन, एशिया(आईएमडीईएक्स) के इतर सिंगापुर के रक्षा मंत्री डॉ एनजी से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। कुमार चार मई, 2023 को अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा सम्मेलन (आईएमएससी) के आठवें संस्करण में भी भाग लेंगे। उनकी यह यात्रा सिंगापुर और भारत के बीच मजबूत और लंबे समय से चले आ रहे द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को दर्शाती है।



# भारतीय पर्वतारोही अनुराग मालू की नेपाल में सफल सर्जरी हुई

**काठमांडू।** नेपाल के अन्नापूर्ण पर्वत पर हाल में घायल अवस्था में मिले भारतीय पर्वतारोही अनुराग मालू की बुधवार को सफल ट्रेकियोस्टोमी सर्जरी की गई। अनुराग के भाई ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अनुराग की सेहत में सुधार हो रहा है। बचावकर्मियों ने अनुराग (34) को करीब पखवाड़े भर पहले नेपाल में अन्नपूर्णा पर्वत चोटी पर जीवित पाया था। राजस्थान के किशनगढ़ निवासी अनुराग मध्य अप्रैल में कैम्प-3 से करीब 6,000 फुट की ऊंचाई से गिरने के बाद लापता हो गए थे। बचावकर्मियों के एक दल ने लगातार तीन दिनों की तलाश के बाद 20 अप्रैल को उन्हें करीब 5,800 मीटर की ऊंचाई पर एक गहरी दरार में जीवित पाया था।

अनुराग को पोखरा में मणिपाल हॉस्पिटल ले जाया गया और फिर बेहतर उपचार के लिए काठमांडू लाया गया। आशीष मालू ने पीटीआई-भाषा से कहा, अनुराग की सफल ट्रेकियोस्टोमी सर्जरी हुई है। ट्रेकियोस्टोमी सर्जरी के दौरान, गर्दन के सामने के हिस्से को खोला जाता है ताकि एक व्यक्ति को सांस लेने में मदद करने के लिए श्वास नली में एक ट्यूब डाली जा सके। आशीष ने कहा, हमें उम्मीद है कि अगले 3-4 दिनों में उन्हें वेंटिलेटर से हटा लिया जाएगा।

# गाजा पर इजराइली हमले में फलस्तीनी व्यक्ति की मौत, पांच अन्य घायल

एपी। यरुशलम

**इजराइली** हवाई हमले में बुधवार को एक फलस्तीनी व्यक्ति मारा गया और पांच अन्य घायल हो गए। फलस्तीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इजराइली क्षेत्र पर मंगलवार को फलस्तीनी चरमपंथियों द्वारा कई रॉकेट दागे जाने के जवाब में इजराइल के लड़ाकू विमानों ने गाजा में लक्षित हमले किए। हालांकि, सूर्योदय होने के बाद हिंसा थमती नजर आई, क्योंकि दोनों पक्षों ने संकेत दिया कि वे टकराव बढ़ाना नहीं चाहते। उल्लेखनीय है कि लगभग तीन महीने से भूख हड़ताल कर रहे एक फलस्तीनी कैदी की इजराइल की हिरासत में मंगलवार को मौत हो गई, जिसके बाद फलस्तीन के चरमपंथियों ने इजराइली क्षेत्र को रॉकेट से निशाना बनाया था। इजराइली सेना ने मंगलवार देर रात कहा था कि उसने चरमपंथी समूह हमास द्वारा तटीय क्षेत्र में किए जा रहे रॉकेट हमलों के जवाब में हवाई हमले शुरू कर दिए हैं। उग्रवादी इस्लामी जिहाद समूह के एक नेता खादर अदनान (45) ने विरोध के तौर पर कैदियों द्वारा लंबे समय तक भूख हड़ताल का चलन शुरू करने में मदद की थी।

# ब्रिटेन के शाही परिवारों के समारोहों में भारत के साथ जुड़ाव बहुत पुराना

भाषा। लंदन

**महारानी** विक्टोरिया अपने सभी प्रमुख शाही समारोहों में भारतीयता को शामिल करने वाली ब्रिटिश शाही परिवार की पहली सदस्य थीं और अब 200 साल बाद महाराजा चार्ल्स तृतीय के इस सप्ताहांत में होने वाले राज्याभिषेक में यह इतिहास परिलक्षित होगा। ब्रिटिश मूल की भारतीय इतिहासकार और लेखक श्राबणी बसु ने यह बात कही।

लंदन में रहने वाली श्राबणी ने विक्टोरिया एंड अब्दुल : द एक्स्ट्राऑर्डिनरी ट्रू स्टोरी ऑफ द क्वीन्स क्लोजेस्ट कॉन्फिडेंट किताब लिखी है। इस पर फिल्म भी बनी जो ऑस्कर में नामित हुई थी। फिल्म में विक्टोरिया का किरदार डेम जूडी डेंच ने निभाया था। श्राबणी ने दावा किया कि शनिवार को वेस्टमिंस्टर एबे में होने वाले समारोह के परिसर की साज-सज्जा भारत के प्रति महारानी विक्टोरिया के लगाव की झलक पेश करेगी।

भारतीय मूल की इतिहासकार ने राज्याभिषेक से कुछ दिन पहले लंदन के बकिंघम पैलेस के सामने स्थित विक्टोरिया मेमोरियल में दिए गए एक साक्षात्कार में कहा, महारानी विक्टोरिया के साथ भारत का जुड़ाव ऐसा ही रहा है। इसकी एक वजह उन्हें उर्दू सिखाने वाले अब्दुल करीम से उनका जुड़ाव भी है। वह भारत को पसंद करती थीं। हालांकि उम्र संबंधी कारणों से वह कभी भारत नहीं गईं।



श्राबणी ने कहा, वह भारत जाने को उत्सुक रहती थीं और अपने हर समारोह में वह सुनिश्चित करती थीं कि बकिंघम पैलेस से वेस्टमिंस्टर एबे तक उनकी शोभायात्रा में भारतीय एस्कॉर्ट भी हो। इस बीच ब्रिटेन के सबसे बड़े राजशाही विरोधी समूह रिपब्लिक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ग्राहम स्मिथ ने ट्राफल्गर स्क्वायर और मध्य लंदन में राज्याभिषेक समारोह के मार्ग पर प्रदर्शनों की अपनी योजना जाहिर की है। यह समूह देश में निर्वाचित राष्ट्र प्रमुख का रास्ता बनाने के लिए राजशाही को समाप्त करने की वकालत करता है।

## बेलारूस में विमान से उतारे गए असंतुष्ट पत्रकार को आठ साल कैद की सजा

**ताल्लिन (एस्टोनिया)।** बेलारूस की एक अदालत ने एक असंतुष्ट पत्रकार को अशांति फैलाने और सत्ता हथियाने की साजिश रचने के मामले में दोषी ठहराते हुए आठ साल कैद की सजा सुनाई रमन प्रतासेविच के खिलाफ इस मामले में मुकदमा चला और बुधवार को अदालत ने उसे आठ साल कैद की सजा सुनाई। प्रतासेविच और उसकी रूसी महिला मित्र को मई 2021 में उस वक्त गिरफ्तार किया गया था जब यूनान से लिथुआनिया के लिए जा रही उनकी रेनएयर की उड़ान को बेलारूस की राजधानी मिन्स्क में उतारे जाने का आदेश दिया गया था।

**PUBLIC NOTICE**

"This is to inform the public at large that, Mrs. Neetu Gupta W/o Mr. Sanjay Gupta (Aadhar No. 962233267722) & Mr. Anupam Gupta (Aadhar No.841142747288) both R/o D-13A/11, Second Floor, Model Town-II, North West Delhi, Delhi-110009, who are the owner of the property i.e. Entire Second Floor without roof of Property bearing No. D-13A/11, (Block No. D-13A, Prop. No. 11), Land area measuring 573.07 sq. yds. i.e. 479.86 sq. mtrs., situated at Model Town, Delhi-09, (hereinafter referred to as "the said property", having purchased the same by virtue of Sale Deed dated 01-06-2022 executed by M/s Aay Jay Realtech Pvt. Ltd. (Doc. No. 8676). The said Property has been mortgaged by the owner with RBL Bank Limited. Some Property Paper regarding this property i.e. Original Sale Deed dated 23-12-2017 executed in favour of M/s Aaj Jay Realtech Pvt. Ltd. duly regd. Doc. No. 15307 in Bk-1, Vol. No. 7260 at Pages. 86-101, dated 23-12-2017 has been lost by the owner and is not traceable and if anybody found the same and such document is in his/her possession then kindly return to the address mentioned below and if any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 07 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, charges, lien etc.

**VIPUL KR. RAHEJA (ADVOCATE)**
**Chamber No. 55, Civil Side,**
**Tis Hazari Courts, Delhi**

# भारत की छवि खराब नहीं की जानी चाहिए: धनखड़



**डिब्रूगढ़ (असम)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि भारत दुनिया का सबसे जीवंत लोकतंत्र है और किसी को इसकी छवि खराब करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। धनखड़ ने यहां डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ लोग यह झूठी बात फैलाकर देश के बाहर उसकी लोकतांत्रिक छवि को धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत में लोगों को उनके अधिकार प्राप्त नहीं हैं। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा, जब सब कुछ ठीक चल रहा है, तो किसी को हमारे लोकतंत्र को बदनाम क्यों करना चाहिए? देश के बाहर और अंदर यह बात क्यों करनी चाहिए कि हमारे लोकतांत्रिक मूल्य नहीं हैं? मैं पूरे विश्वास से कह सकता हूं कि भारत आज धरती पर सबसे जीवंत लोकतंत्र है।

उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि उन्हें कोई रास्ता निकालना चाहिए ताकि देश के बारे में नुकसानदेह और नापाक मंसूबे वाली सोच को जड़ से खत्म कर दिया जाए। उपराष्ट्रपति ने छात्रों, युवाओं, बुद्धिजीवियों और मीडिया से देश के राजदूत के रूप में काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस तरह के विमर्श का कोई तथ्यात्मक आधार नहीं है और हम उन लोगों का समर्थन नहीं कर सकते जो देश के अंदर और बाहर हमारी विकास यात्रा और लोकतांत्रिक मूल्यों को दागदार कर रहे हैं।

धनखड़ ने दावा किया कि अमेरिका सहित कुछ बाहरी विश्वविद्यालयों से इस तरह के झूठे विमर्श पैदा किए जा रहे हैं, जहां कुछ भारतीय छात्र और संकाय अपने ही देश की आलोचना करते हैं। उन्होंने कहा, आपको कुछ ऐसे नेता मिल जाएंगे जो दुनिया भर में घूमकर अपने देश की आलोचना करेंगे...लेकिन यह भारत की संस्कृति नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जब विपक्ष में थे तब तत्कालीन प्रधानमंत्री पी वी नरसिंह राव ने उन्हें देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना था। यह हमारी संस्कृति है और हमें अपनी मातृभूमि में विश्वास करना होगा और अपने राष्ट्रवाद की महानता को स्वीकार करना होगा।

हालांकि, धनखड़ ने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन इससे पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर विदेश में अपने भाषणों में सरकार की आलोचना करने को लेकर इसी तरह के आरोप लगाए थे। उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि संसद संवाद, चर्चा और विचार-विमर्श के लिए है और अवरोध तथा हंगामे की जगह नहीं है। उन्होंने सवाल किया, हम एक राजनीतिक साधन के रूप में व्यवधान और गड़बड़ी को कैसे हथियार बना सकते हैं? हम इस पवित्र मंच को कैसे दूषित होने दे सकते हैं? उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है और अब निवेश के लिए एक पसंदीदा स्थान है। उन्होंने कहा, हम अब पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था हैं और वास्तव में गर्व की बात यह है कि हमने अपने पूर्व औपनिवेशिक आकाओं को पीछे छोड़ दिया। हम मौजूदा दशक के अंत तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद करते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि वर्ष 2014 भारत के राजनीतिक इतिहास में एक मील का पत्थर था जहां देश का विश्व भर में मान बढ़ा।

## अदालत ने मानहानि शिकायत पर बीबीसी, अन्य को समन जारी किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने भाजपा नेता द्वारा दायर आपराधिक शिकायत पर बुधवार को बीबीसी, विकिमीडिया और इंटरनेट आर्काइव को समन जारी किया। भाजपा नेता ने इन्हें 2002 के गुजरात दंगों पर बने एक वृत्तचित्र को प्रसारित करने या आरएसएस और विहिप को बदनाम करने वाली किसी भी अन्य सामग्री को प्रकाशित करने से रोकने का अनुरोध किया है। शिकायतकर्ता ने कहा कि बीबीसी के वृत्तचित्र इंडिया: द मोदी क्वेश्चन ने भाजपा, आरएसएस और विहिप जैसे संगठनों को बदनाम किया है। अदालत को बताया गया कि सरकार द्वारा वृत्तचित्र पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, श्रृंखला को समर्पित एक विकिपीडिया पृष्ठ इसे देखने के लिए लिंक प्रदान करता है और सामग्री अभी भी इंटरनेट आर्काइव पर उपलब्ध है। विकिमीडिया फाउंडेशन, विकिपीडिया का वित्तपोषण करता है जबकि इंटरनेट आर्काइव, अमेरिका आधारित एक डिजिटल लाइब्रेरी है।

# केदारनाथ में बर्फबारी के कारण यात्रा स्थगित रही, यात्रियों को कई स्थानों पर रोका गया

**देहरादून।** केदारनाथ में लगातार भारी बर्फबारी और बारिश के कारण बुधवार को यात्रा स्थगित रही जबकि धाम की ओर जा रहे श्रद्धालुओं को ऋषिकेश, श्रीनगर, सोनप्रयाग सहित कई स्थानों पर आगे बढ़ने से रोक दिया गया। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने केदारनाथ में भारी बर्फबारी के चलते तीर्थयात्रियों से फिलहाल यात्रा पड़ावों में ही ठहरने का अनुरोध किया है। कुमार ने एक ट्वीट में कहा है, आज भी श्री केदारनाथ धाम में भारी बर्फबारी जारी है। श्री केदारनाथ यात्रा आज के लिए रोकी गई है। सभी यात्री सुरक्षित स्थानों व यात्रा पड़ावों में जहां हैं वहीं बने रहें और केदारनाथ धाम की ओर न आएं। खराब मौसम के मद्देनजर यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लेने कुमार स्वयं मंगलवार को केदारनाथ गए थे।

केदारनाथ में लगातार बर्फबारी के कारण पुलिस, तीर्थयात्रियों को ऋषिकेश, श्रीनगर, गौरीकुंड, फाटा, सोनप्रयाग सहित कई स्थानों पर आगे बढ़ने से रोक रही है और उन्हें मौसम सुधरने तक वहीं रूकने को कहा जा रहा है। तीर्थयात्रियों को यह भी सलाह दी जा रही है कि अगर वे चाहें तो इस दौरान बदरीनाथ या गंगोत्रीयमुनोत्री की यात्रा कर सकते हैं। गढ़वाल रेंज के पुलिस महानिरीक्षक करण सिंह नग्न्याल ने बताया कि केदारनाथ में लगातार मौसम खराब बना हुआ है जिसके कारण तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते उन्हें विभिन्न स्थानों पर रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में दैनिक आधार पर समीक्षा करने के बाद फैसले लिए जा रहे हैं।

ऋषिकेश के उपजिलाधिकारी सौरभ असवाल ने बताया कि किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने ऋषिकेश में धर्मशाला व होटलों का ब्यौरा तैयार रखा हुआ है। उन्होंने बताया कि यात्रा में व्यावधान आने के कारण तीर्थयात्रियों को उनकी जरूरत के हिसाब से कमरे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस बीच, शाम को केदारनाथ पैदल मार्ग पर हिमनद का एक हिस्सा टूटकर आ गया जिसके कारण मार्ग यातायात के लिए बंद हो गया। रूद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने नंदन सिंह रजवार ने बताया कि भैरव और कुबेर हिमनद का एक हिस्सा टूट कर पैदल मार्ग पर आ गया है। उन्होंने बताया कि राज्य आपदा प्रतिवादन बल तथा रूद्रप्रयाग जिला आपदा प्रबंधन बल की टीमें मौके पर तैनात हैं लेकिन मौसम साफ होने के बाद ही पैदल रास्ते से बर्फ हटाई जा सकेगी।

# बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का कांग्रेस के पास कोई प्रस्ताव नहीं: मोइली

**मेंगलुरु।** कांग्रेस के घोषणापत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध का उल्लेख करने के खिलाफ संघ परिवार के कड़े विरोध के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एम. वीरप्पा मोइली ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का कोई सुझाव नहीं है। उडुपी में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने नफरत की राजनीति के खिलाफ उच्चतम न्यायालय की कड़ी टिप्पणियों की पृष्ठभूमि में घोषणापत्र में बजरंग दल जैसे संगठनों के खिलाफ कार्रवाई का उल्लेख किया था।

मोइली ने कहा कि राज्य सरकारों को ऐसे संगठनों पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, अब सरदार वल्लभभाई पटेल की पूजा करने वाली भाजपा भूल जाती है कि पटेल ने एक समय आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन बाद में जवाहरलाल नेहरू ने इस निर्णय को रद्द कर दिया था।

मोइली ने कहा, नफरत की राजनीति पर उच्चतम न्यायालय का रुख बहुत स्पष्ट है। इसी के मद्देनजर हमने अपने घोषणापत्र में इसका वर्णन किया था, लेकिन हमारा बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का कोई इरादा नहीं है। केरल कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने आज इसे स्पष्ट कर दिया है। इस बीच, मंगलुरु में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान हनुमान की तुलना एक संगठन से करके भगवान हनुमान के भक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने भगवान हनुमान पर आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए प्रधानमंत्री से माफी की मांग की। उन्होंने कहा, किसी ने भी बजरंगबली को अपमानित करने का अधिकार प्रधानमंत्री को नहीं दिया है।



रूपनगर में शिअद अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल अपने पिता और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल की अस्थियों को सतलज नदी में विसर्जित करते हुए।

## आयकर विभाग ने पश्चिम बंगाल के विधायक कृष्ण कल्याणी से जुड़े परिसरों पर छापे मारे

**कोलकाता।** आयकर विभाग के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट से जीतने और बाद में तृणमूल कांग्रेस का वापस दामन थाम लेने वाले कृष्ण कल्याणी के आवास सहित विभिन्न परिसरों पर बुधवार को छापे मारे। आयकर विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। छापे विधायक के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायतों से जुड़े हैं। कल्याणी राज्य विधानसभा में लोक लेखा समिति (पीएसी) के अध्यक्ष भी हैं। भाजपा की मांग के बावजूद उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा नही दिया है। अधिकारी ने बताया कि आयकर विभाग ने पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज में कल्याणी के आवास पर, उनके कारोबारी साझेदार के मालदा स्थित ठिकाने पर छापे मारे। साथ ही कल्याणी के कोलकाता स्थित कार्यालय पर भी छापेमारी की गई। आयकर विभाग के अधिकारी ने बताया, हमारी टीम कृष्ण कल्याणी के विभिन्न ठिकानों तथा उनके एक कारोबारी साझेदार से जुड़े परिसरों पर छापे मार रही है। ए छापे आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत से जुड़े हैं। कल्याणी उत्तर दिनाजपुर से तृणमूल कांग्रेस के नेता हैं। विधानसभा चुनाव से पहले 2021 में वह भाजपा में शामिल हो गए थे और रायगंज सीट से जीते थे, उसी वर्ष अक्टूबर में वह भाजपा छोड़कर तृणमूल में वापस आ गए थे। छापेमारी को लेकर तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच जुबानी जंग हुई। तृणमूल कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा, ऐसा लगता है कि प्रदेश भाजपा और उसके नेता तय कर रहे है कि केंद्रीय एजेंसियों द्वारा किसके घर पर छापा मारा जाए। भाजपा अपने राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए केंद्रीय एजेंसियो का दुरुपयोग कर रही है। भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि वे यह स्पष्ट करें कि कृष्ण कल्याणी भाजपा विधायक है या टीएमसी नेता हैं। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा, तृणमूल कांग्रेस हमेशा शिकायत करती है कि केंद्रीय एजेंसियां भाजपा नेताओं और विधायकों के घरों पर छापा नही मारती हैं। कृष्ण कल्याणी अभी भी भाजपा विधायक है, उन्हे अब स्पष्ट करना चाहिए कि वह तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए है या नही।

## चालू वित्त वर्ष में हाइड्रोजन ट्रेन का परीक्षण शुरू करने की योजना

**इंदौर।** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी ने बुधवार को कहा कि देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन विकसित किए जाने की परियोजना पर काम जारी है और रेलवे नए जमाने के इस हरित ईंधन से दौड़ने वाली रेलगाड़ी का परीक्षण मौजूदा वित्त वर्ष में ही शुरू करना चाहता है। लाहोटी ने इंदौर में संवाददाताओं को बताया, उत्तर रेलवे ने हाइड्रोजन ट्रेन विकसित करने का ठेका पहले ही दे दिया है और इसपर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि चूंकि हाइड्रोजन ट्रेन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई तकनीकी है और देश में पहली बार ऐसी ट्रेन विकसित हो रही है, इसलिए रेलवे इसे तैयार करने के लिए बेहद सख्त समयसीमा तय करने के बजाय इस परियोजना को उम्दा तरीके से पूरा करने के उद्देश्य से काम कर रहा है। लाहोटी ने कहा, हम चाहते है कि देश में इसी वित्त वर्ष में हाइड्रोजन ट्रेन का परीक्षण शुरू हो जाए। रेलवे बोर्ड अध्यक्ष ने यह भी कहा कि देश में हाइड्रोजन से ट्रेन चलाना बहुत बड़ी तकनीकी सफलता होगी। विश्वभर में हाइड्रोजन ट्रेन की तकनीक अभी विकास के क्रम में है। हम जैसे-जैसे इस नई तकनीक को सीखेंगे, इसे वैसे-वैसे आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि देश में 75 वंदे भारत ट्रेन चलाई जाएंगी और इसे अमलीजामा पहनाने के लिए रेलवे हर महीने औसतन ऐसी तीन रेलगाड़ियां चला रहा है। लाहोटी, इंदौर और इसके आसपास चल रही रेल परियोजनाओं की समीक्षा के लिए आयोजित विभागीय बैठक में शामिल होने आए थे। रेलवे बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने इंदौर रेलवे स्टेशन को नए सिरे से विकसित किए जाने, महू-खंडवा रेल मार्ग को मीटर गेज से ब्रॉड गेज में बदलने तथा अन्य परियोजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को काम की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश दिए।

## सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादी मार गिराए

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के निकट सुरक्षाबलों ने बुधवार को घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी और इस क्रम में दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। श्रीनगर में रक्षा प्रवक्ता कर्नल एमरॉन मौसावी ने यहां बताया कि कुपवाड़ा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने खुफिया जानकारी मुहैया कराई थी कि नियंत्रण रेखा के पार से माछिल सेक्टर की ओर आतंकवादियो की घुसपैठ की कोशिश हो सकती है। सोमवार से ही जवानो को सतर्क कर दिया गया था। इस बेहद दुर्गम तथा उबड़-खाबड़ स्थान पर घुसपैठ को रोकने के लिए समन्वित प्रबंध किए गए थे। भारतीय सेना तथा जम्मू कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान दल को घुसपैठ के संभावित स्थानो पर तैनात किया गया था। कर्नल मौसावी ने कहा कि सतर्क जवानो ने बारिश, कम दृश्यता तथा कम तापमान जैसी खराब मौसमीय परिस्थितियों का लगातार दो रातों तक डट कर सामना किया और बुधवार सुबह जवानो को आतंकवादी दिखाई दिए। इसके बाद भीषण गोलीबारी हुई और दोनो आतंकवादी मारे गए। घटनास्थल से दोनो आतंकवादियो के शव, दो एके रायफल, छह एके-47 मैग्जीन, 159 एके-47 गोलियां, दो हथगोले, खाने का सामान, पाकिस्तानी सिगरेट, और 660 रुपए पाकिस्तानी मुद्रा बरामद हुई है। क्षेत्र की सघन तलाशी ली जा रही है तथा मारे गए आतंकवादियो की पहचान की जा रही है और उनके संगठन के बारे में पता लगाया जा रहा है।

# जेकेएनपीपी संस्थापक के बेटे ने खुला पत्र लिख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से माफी मांगी

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर नेशनल पैंथर्स पार्टी (जेकेएनपीपी) के संस्थापक दिवंगत भीम सिंह के बेटे अंकित लव ने पिछले साल लंदन में सरकार विरोधी प्रदर्शन में हिस्सा लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से माफी मांगी है। साथ ही उनसे आग्रह किया है कि भारत सरकार उन्हें उनकी मां का अंतिम संस्कार करने के लिए देश आने की इजाजत दे। प्रदर्शन के बाद भारतीय उच्चायुक्त ने लव को काली सूची में डाल दिया था। प्रधानमंत्री के नाम एक खुले पत्र में, लव (39) ने कहा कि उन्हें फरवरी 2022 के प्रदर्शन के दौरान उच्चायोग पर अंडे और पत्थर फेंकने का पछतावा है और उन्होंने प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया ताकि वह वापस लौट सकें और अपनी मां जय माला (64) का अंतिम संस्कार कर सकें।

उच्चतम न्यायालय की वकील माला की 26 अप्रैल को मृत्यु हो गई थी और उनके पार्थिव देह को लव के आग्रह पर जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अस्पताल के मुर्दा घर में रख गया है। उन्होंने आग्रह किया था कि जब तक वह अंतिम संस्कार के लिए आ नहीं जाएं पार्थिव देह को मुर्दा घर में रखा जाए।

प्रधानमंत्री को लिखे एक खुले पत्र में लव ने कहा कि उन्हें अपने किए पर बहुत पछतावा है और उच्चायोग पर अंडे और पत्थर फेंकने की अपनी गलती के लिए माफी मांगते हैं। आप कृपया मुझे क्षमा कर दें और मुझे अपनी मां का अंतिम संस्कार करने के लिए जम्मू जाने की अनुमति दे दें तो मैं बहुत आभारी रहूंगा। लव ने कहा, मुझे तत्काल जम्मू पहुंचने की जरूरत है क्योंकि अंतिम संस्कार करने के लिए हर कोई मेरे आने का इंतजार कर रहा है।

यात्रा के लिए भारतीय उच्चायोग द्वारा मंजूरी देने से इनकार करने का उल्लेख करते हुए, उन्होंने कहा, "मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि अब से मैं अपने देश के खिलाफ ऐसा कोई कार्य नहीं करूंगा। मैं अपने देश से बहुत प्यार करता हूं और इसपर मुझे बहुत गर्व है।

अगस्त 2019 में जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का जिक्र करते हुए लव ने कहा, मेरे पिता ने अपनी पूरी जिंदगी लड़ाई लड़ी की कि जम्मू-कश्मीर का भारत में पूरी तरह से विलय हो और आखिरकार पांच अगस्त 2019 को भारत ने जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग मान लिया जिससे मेरे दिवंगत पिता का सपना पूरा हुआ। लव ने कहा कि उनके पास आसपास के कुछ लोगों ने उन्हें गलती करने के लिए "गुमराह किया था, लेकिन उम्मीद जताई कि उन्हें माफ कर दिया जाएगा और उनका वीजा मंजूर हो जाएगा। उन्होंने जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, जम्मू की डीएम अवनी लवासा से अपनी मां का शव मुर्दा घर से स्थानांतरित नहीं करने और और पोस्टमार्टम को टालने का आग्रह किया।

# द केरल स्टोरी संबंधी याचिकाओं पर विचार से सर्वोच्च न्यायालय का इनकार

**● उच्च न्यायालय जाने की सलाह दी**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को विवादित फिल्म द केरल स्टोरी से संबंधित विभिन्न याचिकाओं पर विचार करने से इनकार कर दिया और याचिकाकर्ताओं को उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा। इनमें से एक याचिका जमीयत उलेमा-ए-हिंद की ओर से दायर की गई थी। इन याचिकाओं में आशंका जताई गई थी कि इस फिल्म के प्रदर्शन से समाज में नफरत और दुश्मनी पैदा हो सकती है। यह फिल्म पांच मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म केरल में हिंदू महिलाओं को इस्लाम में धर्मांतरित कर उन्हें आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) में शामिल किए जाने के आरोपों पर आधारित है।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ के समक्ष तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए याचिकाओं का उल्लेख किया गया। इसमें से एक में मांग की गई है कि फिल्म में यह डिस्क्लेमर होना चाहिए कि यह कल्पना पर आधारित है। पीठ ने कहा कि हर मामले में अनुच्छेद 32 को आधार नहीं बनाया जा सकता है और उच्च न्यायालय के अनुभवी न्यायाधीश स्थानीय परिस्थितियों से वाकिफ हैं। इसने कहा, अनुच्छेद 32 के तहत जो राहत मांगी गई है उसे संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत उच्च न्यायालय के समक्ष उचित कार्यवाही के लिए रखा जा सकता है।

संविधान का अनुच्छेद 226 उच्च न्यायालयों के रिट अधिकारों से संबंधित है। पीठ ने कहा कि फिल्म पांच मई को रिलीज होने वाली है, ऐसे में उच्च न्यायालय मामले को जल्द सूचीबद्ध करने पर विचार कर सकता है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने अपनी याचिका में अनुरोध किया था कि यह फिल्म रिलीज करने की अनुमति नहीं देने का केंद्र और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) को निर्देश दिया जाए। उसने याचिका में कहा था कि इस फिल्म से देश में नफरत और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच कटुता पैदा होने की आशंका है।

सुनवाई के दौरान, एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा कि फिल्म के खिलाफ केरल उच्च न्यायालय में एक याचिका दाखिल की गई है और यह पांच मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है और उसी दिन फिल्म पूरे भारत में रिलीज होगी। पीठ ने कहा, उच्च न्यायालय में अनुभवी न्यायाधीश हैं। उन्हें स्थानीय हालात पता हैं। हम सुपर (अनुच्छेद) 226 अदालत क्यों बनें? उसने याचिकाकर्ताओं को उच्च न्यायालय जाने को कहा। उसने कहा कि उच्च न्यायालय उनकी याचिकाओं के जल्द निस्तारण के अनुरोध पर विचार कर सकता है।

# मोदी को 2019 में स्पष्ट कर दिया था, भाजपा के साथ कोई समझौता संभव नहीं: पवार

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र में 2019 में राकांपा के साथ चुनाव-उपरांत गठबंधन करने की इच्छुक थी, लेकिन इसके अध्यक्ष शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को स्पष्ट कर दिया था कि भाजपा के साथ उनकी पार्टी का कोई समझौता नहीं हो सकता है। पवार ने मंगलवार को विमोचित अपनी संशोधित जीवनी लोक माझे सांगाती में यह भी स्वीकार किया कि महाराष्ट्र में 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद जब सरकार गठन को लेकर अनिश्चितता थी तब राकांपा और भाजपा के कुछ नेताओं के बीच अनौपचारिक बातचीत हुई थी। पवार की संशोधित जीवनी में 2015 के बाद की घटनाओं पर रोशनी डाली गई है।

पवार ने लिखा है, भाजपा ने यह संभावना टटोलनी शुरू कर दी थी कि क्या राकांपा के साथ गठबंधन की कोई संभावना हो सकती है, लेकिन मैं इस प्रक्रिया में शामिल नहीं था। यह सिर्फ भाजपा की इच्छा थी और भाजपा के साथ कोई औपचारिक बातचीत नहीं हुई थी। लेकिन दोनों दलों के चुनिंदा नेताओं के बीच अनौपचारिक बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि चूंकि राकांपा की दिलचस्पी कम थी, इसलिए उसने भाजपा के साथ नहीं जाने का फैसला किया और भाजपा को ए साफ-साफ बताना जरूरी था। पवार ने अपनी किताब में लिखा है, इसी के अनुरूप उन्होंने नवंबर 2019 में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

राकांपा नेता ने 20 नवंबर, 2019 को मोदी से मुलाकात की और उन्हें महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद किसानों के संकट से अवगत कराया। पवार ने तब टिप्पणी करने से इनकार कर दिया था कि उनके और मोदी के बीच क्या बातचीत हुई थी, क्योंकि राज्य में सरकार गठन पर अनिश्चितता की स्थिति थी तथा राकांपा, अविभाजित शिवसेना और कांग्रेस गठबंधन की बातचीत कर रहे थे। पवार ने अपनी किताब में कहा है, मैंने मोदी से मुलाकात की और उन्हें बहुत स्पष्ट रूप से कहा कि हमारे (भाजपा और राकांपा) के बीच कोई राजनीतिक समझौता नहीं हो सकता है। लेकिन यह ध्यान रखना होगा कि जब मैं यह कह रहा था तब पार्टी में नेताओं का एक तबका था जो भाजपा से संबंध चाहता था। पवार के भतीजे अजित पवार ने पाला बदला और अल्पकालिक देवेंद्र फडणवीस सरकार में उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। पवार ने दावा किया कि अटल बिहारी वाजपेयी के समय में भी भाजपा, राकांपा के साथ गठबंधन चाहती थी। पवार ने कहा कि 2014 में भी भाजपा द्वारा राकांपा को अपने पाले में लाने की कोशिश की गई थी। राज्य में 2014 के विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा सबसे बड़ी पार्टी थी, लेकिन उसके पास बहुमत नहीं था। शिवसेना, भाजपा, कांग्रेस और राकांपा ने विधानसभा चुनाव में अलग-अलग चुनाव लड़ा था।

# केंद्र ने राज्यों से खरीफ बुवाई के लिए पर्याप्त बीज सुनिश्चित करने को कहा

**नई दिल्ली।** केंद्र ने बुधवार को राज्यों को सलाह दी कि वे सबसे खराब स्थिति के लिए तैयार रहें और कम बारिश की स्थिति में खरीफ की बुवाई के मौसम में बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। मानसूनी बारिश पर अल नीनो के प्रभाव पड़ने की आशंका को लेकर चिंता के बीच केंद्र ने यह सलाह दी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अप्रैल में भविष्यवाणी की थी कि अल नीनो की स्थिति बनने के बावजूद दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम में भारत में सामान्य बारिश होने की उम्मीद है।

आगामी खरीफ बुवाई सत्र की रणनीति तैयार करने के लिए यहां कृषि-खरीफ अभियान-2023 पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। खरीफ अभियान की शुरुआत करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने राज्यों से कृषि क्षेत्र में कच्चे माल की लागत में कटौती, उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने को कहा। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में गारंटीशुदा लाभ समय की मांग है। प्रौद्योगिकी का उपयोग के माध्यम से लागत कम करके और उत्पादन बढ़ाकर खेती को लाभप्रद बनाने में मदद मिल सकती है।

तोमर ने अंदेशा जताया कि यदि कृषि लाभदायक नहीं बना तो आने वाले वर्षों में युवा पीढ़ी खेती का काम नहीं करेगी। कृषि के राज्य का विषय होने की बात करते हुए तोमर ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि राज्य सरकारें बेहतर परिणामों के लिए केंद्रीय कार्यक्रमों और धन को प्रभावी ढंग से लागू करें। केंद्रीय मंत्री ने प्रमुख फसलों की उत्पादकता और उत्पादन बढ़ाने की भी आवश्यकता बताई क्योंकि जनसंख्या में वृद्धि होने के साथ मांग भी बढ़ेगी। तोमर ने कहा, हमें न केवल घरेलू बाजार की मांग को पूरा करने की जरूरत है, बल्कि हमें कृषि वस्तुओं की आपूर्ति की विदेशों की अपेक्षाओं को भी पूरा करना है। उन्होंने राज्यों से नैनो (तरल) उर्वरकों को बढ़ावा देने के लिए भी कहा, जो पहले ही बाजार में लाए जा चुके हैं और किसानों द्वारा उपयोग किए जा रहे हैं।

# न्यायालय ने ईडी निदेशक मिश्रा के सेवा विस्तार को लेकर किया सवाल, पूछा-क्या वह इतने अपरिहार्य है

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक संजय कुमार मिश्रा को और सेवा विस्तार नहीं देने के निर्देश के बावजूद उनके कार्यकाल की अवधि तीसरी बार बढ़ाए जाने पर उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार से बुधवार को सवाल किया कि क्या कोई व्यक्ति इतना जरूरी हो सकता है कि उसके बिना काम नहीं हो सके? शीर्ष अदालत ने कहा कि उसने 2021 के अपने फैसले में स्पष्ट रूप से कहा था कि सेवानिवृत्ति की आयु होने के बाद प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक के पद पर रहने वाले अधिकारियों को दिया गया कार्यकाल का विस्तार छोटी अवधि के लिए होना चाहिए और उसने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया था कि मिश्रा को सेवा में आगे कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा।

न्यायालय ने कहा, क्या संगठन में कोई ऐसा व्यक्ति नहीं है, जो उनकी जिम्मेदारी निभा सके? क्या कोई व्यक्ति इतना जरूरी हो सकता है कि उसके बिना काम ही नहीं हो सके? न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने केंद्र की पैरवी कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, आपके हिसाब से, प्रवर्तन निदेशालय में कोई अन्य व्यक्ति योग्य नहीं है? एजेंसी का 2023 के बाद क्या होगा, जब वह सेवानिवृत्त होंगे? इससे पहले मेहता ने कहा कि मिश्रा का सेवा विस्तार प्रशासनिक कारणों से जरूरी है और वित्तीय कार्वाई कार्य बल (एफएटीएफ) द्वारा भारत के आकलन के लिए महत्वपूर्ण है।

मेहता ने कहा, धनशोधन को लेकर भारत के कानून की अगली समीक्षा 2023 में होनी है और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय में नेतृत्व की निरंतरता महत्वपूर्ण है कि भारत की रेटिंग नीचे न गिरे। उन्होंने कहा कि कार्य बल के साथ पहले से ही बातचीत कर रहा व्यक्ति इससे निपटने के लिए सबसे उपयुक्त है।

सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि हालांकि कोई व्यक्ति इतना अहम नहीं होता कि उसके बाद काम नहीं हो सके, लेकिन ऐसे मामलों में निरंतरता जरूरी होती है। दलीलों की शुरुआत में सॉलिसिटर जनरल ने कुछ जनहित याचिकाएं दायर करने वाले राजनीतिक दलों के उन नेताओं के हस्तक्षेप के अधिकार पर सवाल उठाया, जिन्होंने प्रवर्तन निदेशालय के प्रमुख की सेवा में विस्तार की अनुमति देने वाले संशोधित कानून को चुनौती दी है। शीर्ष अदालत ने मेहता के इस प्रतिवेदन पर असहमति जताई और कहा, केवल इसलिए कि कोई व्यक्ति किसी राजनीतिक दल का सदस्य है, क्या यह उसे याचिका दायर करने की अनुमति नहीं देने का आधार हो सकता है?

# ईशान-सूर्या ने मुंबई को दिलाई पंजाब पर शानदार जीत

भाषा। मोहाली

**ईशान** किशन (75) और सूर्यकुमार यादव (66) के बीच आक्रामक शतकीय साझेदारी की मदद से मुंबई इंडियंस ने बुधवार को आईपीएल के मैच में पंजाब किंग्स को छह विकेट से हरा दिया। पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर लियाम लिविंगस्टोन के नाबाद 82 रन की मदद से तीन विकेट पर 214 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने सात गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

इस जीत के बाद मुंबई नौ मैचों में दस अंक लेकर छठे स्थान पर पहुंच गई जबकि पंजाब दस मैचों में दस अंक लेकर सातवें स्थान पर है। मुंबई ने पारी की तीसरी ही गेंद पर कप्तान रोहित शर्मा का विकेट गंवा दिया लेकिन इस झटके से संभलते हुए ईशान ने 41 गेंद में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से 75 रन बनाए। वहीं सूर्यकुमार ने 31 गेंद में 66 रन की पारी खेली जिसमें आठ चौके और दो छक्के शामिल थे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 116 रन जोड़े। सूर्यकुमार 15वें ओवर में नाथन एलिस की गेंद पर अर्शदीप सिंह को कैच देकर लौटे जबकि अगले ही ओवर में ईशान को अर्शदीप ने रिषि धवन के हाथों लपकवाया। इसके बाद टिम डेविड और तिलक वर्मा ने संकटमोचक की भूमिका निभाते हुए मुंबई को जीत तक पहुंचाया। पिछले मैच में मुंबई की जीत के नायक रहे डेविड ने 10 गेंद में 19 और तिलक ने 10 गेंद में 26 रन बनाए। तिलक ने अर्शदीप को 19वें ओवर में छक्का लगाकर टीम को जीत तक पहुंचाया।



इससे पहले मुंबई की शुरूआत खराब रही और रिषि धवन ने रोहित को पहले ही ओवर में शॉर्ट के हाथों लपकवाया। कैमरन ग्रीन 18 गेंद में 23 रन बनाकर एलिस का शिकार हुए। पंजाब की पारी का आकर्षण लिविंगस्टोन रहे जिन्होंने सत्र का पहला अर्धशतक 32 गेंदों में पूरा किया और 42 गेंद में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से 82 रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा ने मुंबई के लिए अपने 200वें मैच में टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था। पंजाब के विकेटकीपर जितेश शर्मा ने 27 गेंद में नाबाद 49 रन बनाए। दोनों ने चौथे विकेट की अटूट साझेदारी में सिर्फ 56 गेंद में 119 रन जोड़े।

लिविंगस्टोन ने इंग्लैंड के अपने साथी खिलाड़ी जोफ्रा आर्चर को 19वें ओवर में लगातार तीन छक्के जड़े। शर्मा ने स्पिनर पीयूष चावला या तेज गेंदबाज आर्चर किसी को नहीं बख्शा। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और दो छक्के लगाए। आर्चर ने अपने चार ओवर में 56 रन दे डाले और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। मुंबई ने आखिरी 48 गेंदों में 115 रन दिए और लगातार चौथी बार किसी टीम ने उनके खिलाफ 200 से अधिक रन बनाए हैं। एक समय पर पंजाब का स्कोर 12 ओवर में तीन विकेट पर 99 रन था। दोनों ने 13वें ओवर में आर्चर की जमकर धुनाई करके 21 रन निकाले।

चोट से उबरकर लौटे आर्चर बिल्कुल लय में नहीं थे। इसके बाद शर्मा ने भी उन्हें चौका लाया। चावला ने शिखर धवन (30) और मैथ्यू शॉर्ट (27) के विकेट चटकाए थे। धवन को 23 के स्कोर पर जीवनदान मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए। अगली गेंद पर फिर ऊंचा शॉट खेलने के प्रयास में वह विकेट गंवा बैठे।

### स्कोर बोर्ड

**पंजाब किंग्स पारी :** प्रभसिमरन सिंह का ईशान बो अरशद 9, शिखर धवन स्ट ईशान बो चावला 30, मैथ्यू शॉर्ट बो चावला 27, लियाम लिविंगस्टोन नाबाद 82, जितेश शर्मा नाबाद 49, **अतिरिक्त :** 17 रन **कुल योग :** 20 ओवर मे तीन विकेट पर 214 रन **विकेट पतन :** 1 - 13, 2 - 62, 3 - 95 **गेंदबाजी :** ग्रीन 2- 0 - 15 - 0, अरशद 4-0-48-1, आर्चर 4-0-56-0, चावला 4-0-29-2, कार्तिकेय 3-0-24-0, मढवाल 3- 0- 37-0

**मुंबई इंडियंस पारी :** रोहित शर्मा का शॉर्ट बो आर धवन 0, ईशान किशन का आर धवन बो अर्शदीप 75, कैमरन ग्रीन का चाहर बो एलिस 23, सूर्यकुमार यादव का अर्शदीप बो एलिस 66, टिम डेविड नाबाद 19, तिलक वर्मा नाबाद 26, **अतिरिक्त :** सात रन **कुल योग :** 18.5 ओवर मे चार विकेट पर 216 रन **विकेट पतन :** 1- 0, 2- 54, 3-17, 4- 178 **गेंदबाजी :** धवन 3-0-20-1, अर्शदीप 3.5-0-66-1, कुरेन 3-0-41-0, एलिस 4-0-34-2, चाहर 3-0-30-0 बरार 2-0-21-0

# राहुल आईपीएल से बाहर जांच के लिए मुंबई जाएंगे

भाषा। नई दिल्ली



**लखनऊ** सुपर जायंट्स के कप्तान लोकेश राहुल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ टीम के पिछले मैच के दौरान जांघ में गंभीर चोट के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बचे हुए सत्र से बाहर हो गए हैं। राहुल के साथ ही पीटीआई-भाषा इस बात की भी पुष्टि कर सकती है कि टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट के कंधे की स्थिति भी गंभीर है और वह भी इस आईपीएल से बाहर हो गए हैं।

समझा जाता है कि बीसीसीआई की खेल विज्ञान और चिकित्सा टीम के लिए सीनियर बल्लेबाज एवं विकेटकीपर राहुल को लंदन में सात से 11 जून तक होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए तैयार करना मुश्किल होगा।

राहुल को दाहिनी जांघ में यह चोट मार्कस स्टोइनिस की गेंद पर फाफ डु प्लेसिस के कवर ड्राइव को बाउंड्री के पास रोकने की कोशिश के दौरान लगी थी। इस मामले की जानकारी रखने वाले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, लोकेश राहुल इस समय लखनऊ में टीम के साथ हैं। वह बुधवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच देखने के बाद गुरुवार को मुंबई आएंगे। उसका स्कैन (जांच) मुंबई में बीसीसीआई द्वारा निर्दिष्ट चिकित्सा सुविधा में किया जाएगा। उसके मामले के साथ-साथ जयदेव के मामले को भी देखा जाएगा। सूत्र ने यह भी पुष्टि की कि अब तक कोई स्कैन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, जब किसी को इस तरह की चोट लगती है, तो उस क्षेत्र में और उसके आसपास काफी दर्द और सूजन होती है। सूजन को ठीक होने में लगभग 24 से 48 घंटे लगते हैं और उसके बाद ही आप स्कैन कर सकते हैं।

उन्होंने आगे कहा, वह टेस्ट टीम का एक महत्वपूर्ण सदस्य है, इसलिए यह समझदारी भरा होगा कि वह आगे आईपीएल में हिस्सा न ले।

### सीलबंद कवर में हलफनामा जमा करने की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय पहुंची महिला पहलवान, सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने वाली सात महिला पहलवानों ने सीलबंद कवर में हलफनामा दाखिल करने की मांग को लेकर बुधवार को उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। दिल्ली पुलिस ने 28 अप्रैल को बृजभूषण के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की थी। महिला पहलवानों के वकील ने बुधवार को मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायाधीश पी एस नरसिम्हा की पीठ के सामने मसला रखा और कहा कि वे न्यायालय के सामने सीलबंद कवर में हलफनामा जमा करने की अनुमति चाहते है। मामले की सुनवाई बृहस्पतिवार को होगी। उन्होने कहा कि हलफनामे की प्रति सोलिसिटर जनरल को देने मे उन्हें कोई ऐतराज नही है लेकिन यह सार्वजनिक नही होनी चाहिए। पीठ ने इसकी अनुमति दे दी और अग्रिम प्रति सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता को दी जाएगी। मेहता ने पीठ से कहा कि मामले की जांच जारी है तो याचिकाकर्ताओ को यह सामग्री जांच अधिकारी को भी देनी चाहिए।

### प्रदर्शनकारी पहलवानों एवं पुलिसकर्मियों में झड़प

**नई दिल्ली।** यौन उत्पीड़न के आरोपो के संबंध मे भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानो और कुछ पुलिसकर्मियों के बीच कथित तौर पर झड़प हो गई। दिल्ली पुलिस ने इस मामले मे अभी कोई टिप्पणी नही की है। सोशल मीडिया मंचो पर उपलब्ध एक वीडियो में कुछ प्रदर्शनकारियो को एक पुलिस कर्मी पर आरोप लगाते सुना जा सकता है।

### विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में निशांत

**ताशकंद।** भारत के युवा मुक्केबाज निशांत देव ने बुधवार को यहां विश्व मुक्केबाजी चैपियनशिप मे 2021 विश्व चैपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अजरबैजान के सरखान अलीएव पर 5-0 की शानदार जीत दर्ज करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल मे जगह पक्की की। करनाल के 22 वर्षीय मुक्केबाज ने ताक्त और शानदार तकनीक का बेहतरीन सामंजस्य दिखाया। प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज को दूर से पंच लगाने की उनकी योजना कारगर रही। उन्होंने इसके साथ ही अलीएव के मुक्के पर अच्छे से बचाव किया। पिछले सत्र मे भी क्वार्टर फाइनल मे पहुंचने वाले निशांत अब अगले दौर में दक्षिण कोरिया के ली संगमिन से भिड़ेगे।

### भारतीय ट्रैप निशानेबाजों की फाइनल्स में प्रवेश की राह कठिन

**काहिरा।** भारत के शॉटगन निशानेबाज भवनीश मेंदीरत्ता, पृथ्वीराज टी और राजेश्वरी कुमारी आईएसएसएफ विश्व कप मे ट्रैप क्वालीफिकेशन के दूसरे दिन औसत प्रदर्शन ही कर सके जिससे फाइनल मे प्रवेश की उनकी राह कठिन लग रही है। पेरिस ओलंपिक कोटा जीतने वाले मेंदीरत्ता ने चार दौर में 94 स्कोर किया और वह 11वें स्थान पर है। पृथ्वीराज इतने ही स्कोर के साथ 13वे स्थान पर है जबकि राजेश्वरी महिला ट्रैप मे 88 के स्कोर के बाद 55 निशानेबाजों में 14वें स्थान पर है। मेंदीरत्ता ने 25 और 23 का स्कोर किया जबकि पृथ्वीराज का स्कोर 24 और 23 रहा। जोरावर संधू 91 स्कोर करके 36वे स्थान पर है। महिला ट्रैप मे राजेश्वरी के अलावा प्रीति रजक 25वें और श्रेयसी सिंह 27वें स्थान पर है। पांचवां और आखिरी क्वालीफिकेशन दौर कल खेला जाएगा।

# बारिश के कारण रद मैच में बडोनी ने बचाई लखनऊ की लाज

भाषा। लखनऊ



**चेन्नई** सुपरकिंग्स और लखनऊ सुपरजाइंट्स के बीच इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबला बुधवार को यहां बारिश की भेंट चढ़ गया।

लखनऊ सुपरजाइंट्स की पारी में आखिरी ओवर के दौरान बारिश के कारण मैच रोकना पड़ा और इसके बाद भी रुक-रुक कर बारिश होती रही जिससे मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका। इस मैच से दोनों टीमों ने एक-एक अंक साझा किया।

आईपीएल के मौजूदा सत्र में यह पहला मैच है जिसे बारिश के कारण बीच में ही रोकना पड़ा था। दोनों टीमों के नाम अब 10 मैचों में एक समान 11 अंक है। लखनऊ की टीम बेहतर नेटरनरेट के कारण तालिका में दूसरे जबकि चेन्नई तीसरे स्थान पर है।

दूसरी पारी में पांच ओवर का मुकाबला शुरू होने का कटऑफ समय शाम सात बजकर 28 मिनट था लेकिन बारिश और मैदान गीला होने के कारण इसके आधा पहले ही अंपायरों ने मैच रद्द करने का फैसला किया। इससे पहले बारिश के कारण टॉस आधे की देरी से हुआ था जबकि पारी की शुरुआत में 15 मिनट का विलंब हुआ था। बल्लेबाजी के लिए मुश्किल पिच पर हालांकि आयुष बडोनी ने 59 रन की नाबाद पारी खेल कर लखनऊ की लाज बचाई। उनकी पारी से टीम ने बारिश के कारण खेल रोके जाने तक सात विकेट पर 125 रन बनाए। जिस पिच पर दूसरे बल्लेबाज रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे वहां बडोनी ने 33 गेंद की पारी में दो चौके और चार छक्के लगाए। उन्होंने निकोलस पूरन के साथ छठे विकेट के लिए 59 रन की साझेदारी कर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। पूरन 31 गेंद की पारी में सिर्फ 20 रन ही बना सके। टीम ने 15 से 19वें ओवर तक 63 रन जोड़े। चेन्नई के लिए मोईन अली, महीश तीक्षणा और मथीश पथिराना ने दो-दो विकेट लिए। मोईन से चार ओवर में सिर्फ 13 रन दिए जबकि तीक्षणा ने इतने ही ओवर में 37 रन खर्च किए। पथिराना ने 3.2 ओवर में 22 रन दिए। रविंद्र जडेजा ने तीन ओवर में 11 रन देकर एक विकेट लिया। नियमित कप्तान लोकेश राहुल की गैरमौजूदगी में लखनऊ सुपरजाइंट्स के बल्लेबाज शुरू से दबाव में दिखे।

टीम ने पावर प्ले में सिर्फ तीन चौके लगाए और तीन विकेट गंवा दिए। चौथे ओवर में मोईन अली मौजूदा सत्र में काइल मायर्स (14) को दूसरी बार अपनी फिरकी में फंसाया तो वहीं छठे ओवर में महेश तीक्षणा ने लगातार गेंदों पर मनन वोहरा (10) और कप्तान कृणाल पंड्या (शून्य) को चलता किया।

मार्कस स्टोइनिस (छह) ने क्रीज पर आते ही चौका लगाया जिससे पावरप्ले में टीम का स्कोर तीन विकेट पर 31 रन था। रविंद्र जडेजा ने अगले ओवर में स्टोइनिस को बोल्ड कर चेन्नई को बड़ी सफलता दिलाई।

चेन्नई के स्पिनरों ने इसके बाद भी शिकंजा कसे रखा और रन गति तेज करने की कोशिश में करण शर्मा (नौ रन) मोईन की गेंद पर उन्हीं को कैच दे बैठे।

# योग को साप्ताहिक कार्यक्रम में शामिल करने से बड़ी मदद मिली : हरमनप्रीत

भाषा। बेंगलुरू

**भारतीय** पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने बुधवार को कहा कि योग को अपने साप्ताहिक कार्यक्रम में शामिल करने के आश्चर्यजनक परिणाम निकले और इससे उन्हें एकाग्रता बनाए रखने और लचीलापन हासिल करने में मदद मिली। हरमनप्रीत ने कहा, यह साल हमारे लिए काफी व्यस्त है और हमें लगातार प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना है इसलिए हम खुद को मानसिक और शारीरिक रूप से तरोताजा रखने पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारे साप्ताहिक कार्यक्रम में योग को शामिल किया गया और इससे हमें अपनी एकाग्रता बनाए रखने और साथ ही लचीलापन हासिल करने में बहुत मदद मिली। भारतीय टीम अभी नवनियुक्त कोच क्रेग फुलटन की देखरेख में एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोपीय चरण की तैयारियां कर रही है। फुलटन दक्षिण अफ्रीका के रहने वाले हैं। हरमनप्रीत ने कहा, हमने शनिवार की सुबह अपने नए मुख्य कोच क्रेग फुलटन से पहली मुलाकात की। वह प्रत्एक सत्र में नई ऊर्जा लेकर आते हैं और उनके पास हमारे लिए इस साल के लिए बहुत अच्छी योजना है। उन्होंने कहा, हम इस समय अच्छी लय में हैं। हमने प्रो लीग के घरेलू मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है और हम उसी आत्मविश्वास के साथ यूरोपीय चरण में खेलना चाहते हैं।

भारत इस महीने के आखिर में लंदन में बेल्जियम और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ प्रो लीग के मैच खेलेगा और इसके बाद जून में आइंडहोवन में अर्जेंटीना और नीदरलैंड का सामना करेगा। प्रो लीग के बाद भारत अगस्त में चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा और उसके बाद सितंबर में चीन में होने वाले एशियाई खेलों में भाग लेगा।

## एशियाई खेलों के लिए चयन ट्रायल में शीर्ष सितारों से भिड़ेंगे युवा बैडमिंटन खिलाड़ी

**हैदराबाद।** किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन जैसे शीर्ष सितारें एशियाई खेलों के लिए गुरुवार से यहां शुरू हो रहे बीएआई (भारतीय बैडमिंटन संघ) के चार दिवसीय चयन ट्रायल में ऑरलियन्स मास्टर्स चैंपियन प्रियांशु राजावत की अगुआई में युवा ब्रिगेड का सामना करेंगे। विश्व चैम्पियनशिप (2021) के रजत पदक विजेता श्रीकांत और राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन लक्ष्य पिछले कुछ समय से लय में नहीं है ऐसे में यहां के ज्वाला गुट्टा अकादमी में राजावत, राष्ट्रीय चैंपियन मिथुन मंजूनाथ और तोक्यो ओलंपियन साई प्रणीत के सामने खुद को साबित करने का मौका होगा।इन खिलाड़ियों के अलावा पुरुष एकल में मैसनाम मीराबा, भरत राघव, अंसल यादव और सिद्धांत गुप्ता भी मैदान में हैं।

# पहली वैश्विक शतरंज लीग दुबई में

भाषा। दुबई

**दुनिया** की सबसे बड़ी और पहली फ्रेंचाइजी आधारित शतरंज लीग दुबई में 21 जून से दो जुलाई के बीच खेली जाएगी।

पहली वैश्विक शतरंज लीग में छह टीमें होंगी जिनमें छह खिलाड़ी होंगे। इसमें न्यूनतम दो महिला खिलाड़ी और एक आइकन खिलाड़ी होगा। छह टीमें राउंड रॉबिन आधार पर एक दूसरे से खेलेंगी और हर टीम दस मैच खेलेगी।हर मैच में छह बोर्ड होंगे और उनमें साथ में मुकाबले होंगे। शीर्ष दो टीमें फाइनल खेलेंगी और विजेता विश्व चैम्पियन फ्रेंचाइजी टीम होगी।

फिडे और टेक महिंद्रा द्वारा



संयुक्त रूप से शुरू की जा रही लीग का लक्ष्य नए प्रारूप की ओर दुनिया का ध्यान खींचकर खेल के लिए एक ढांचा तैयार करना है जिसमें दुनिया भर के चैम्पियन खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिले।

फिडे उपाध्यक्ष पांच बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद ने कहा , मेरा मानना है कि यह लीग दर्शकों के लिए एक नए अनुभव की शुरूआत होगी जिससे शतरंज की लोकप्रियता बढेगी।

# भारत की निगाहें कंपाउंड वर्ग में सूपड़ा साफ करने पर

भाषा। ताशकंद

**भारतीय** तीरंदाजों ने बुधवार को यहां एशिया कप चरण दो विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट में अपना दबदबा कायम रखते हुए कंपाउंड वर्ग में सूपड़ा साफ करने की ओर कदम बढ़ाया तो वहीं रिकर्व वर्ग में भी दो पदक पक्के किए।

विश्व कप में कई स्वर्ण पदक जीत चुके अभिषेक वर्मा के सामने पुरुष कंपाउंड वर्ग के फाइनल में टीम के साथी खिलाड़ी अमित की चुनौती होगी , जबकि कुशल दलाल कांस्य पदक की दौड़ में बने हुए है।

वर्मा ने कजाकिस्तान के सरेगी खीरच को 148-140 से हराया, जबकि अमित ने सेमीफाइनल में अपने साथी कुशल को 146-144 से मात दी। कंपाउंड वर्ग में महिला तीरंदाजों ने भी दमदार प्रदर्शन किए। रागिनी मार्को ने परनीत कौर को 146-141 और प्रगति ने कजाकिस्तान की एडेल जेक्सेनबिनोवा को 146-141 से हराकर फाइनल में जगह पक्की की। पुरुषों के व्यक्तिगत रिकर्व वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त मृणाल चौहान ने शूट-ऑफ में कजाकिस्तान के एलेक्जेंडर एरेमेनको को मात देकर फाइनल में जगह बनाई। भारतीय तीरंदाज ने शूट-ऑफ में 6-5 (25-26, 29-27, 27-27, 30-24, 27-28, 10-10) से जीत हासिल की। शूट-आउट में भी मुकाबला बराबरी का था लेकिन चौहान का तीर निशाने के केन्द्र के करीब था। वह शुक्रवार को फाइनल में चीन के वांग बाओबिन से भिड़ेंगे। इससे पहले चौहान ने अपने साथी खिलाड़ी इंद्र चंद स्वामी को क्वार्टर फाइनल में 7-। (28-28, 27-26, 28-27, 29-27) से हराया। पूर्व ओलंपियन और विश्व कप में दो बार स्वर्ण पदक जीतने वाले जयंत तालुकदार हालांकि क्वार्टर फाइनल की बाधा पार नहीं कर सके। इस 37 साल के अनुभवी तीरंदाज को कजाकिस्तान के एरेमेन्को एलेक्जेंडर से 3-7 (27-27, 27-28, 25-26, 26-25, 27-28) से हार का सामना करना पड़ा। रिकर्व महिला व्यक्तिगत वर्ग में भी संगीता ने चीन की यागन शियाओली को 6-4 (27-26, 27-27, 26-28, 28-25, 27-27) से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

# पाटीदार की एड़ी की सर्जरी सफल

भाषा। बेंगलुरु

**रॉयल** चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के क्रिकेटर रजत पाटीदार की चोटिल एड़ी की सर्जरी सफल रही। पाटीदार इस चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र से बाहर है। मध्य प्रदेश के 29 वर्षीय क्रिकेटर को आईपीएल सत्र से पहले आरसीबी के प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने से पहले चोट लग गई थी। बाद में उन्हें रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने की प्रक्रिया) के लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) भेजा गया था।

पिछले साल आईपीएल में अपना पहला शतक जड़ने वाले पाटीदार ने प्ले-ऑफ में नाबाद 112 रन बनाए थे। उन्होंने पिछले सत्र में आठ मैचों में 55 से ज्यादा के औसत से रन बनाए थे।

पाटीदार ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी सर्जरी की जानकारी दी।

उन्होंने कहा, अपने सभी समर्थकों से एक जानकारी साझा करना चाहूंगा। मैंने हाल ही में एक चोट से उबरने के लिए सर्जरी करवाई है। यह चोट पिछले मुझे कुछ समय से परेशान कर रही थी। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सर्जरी सही रही और मैं ठीक होने की राह पर हूंउ

उन्होंने कहा, मैं मैदान पर फिर से उतरने और उस काम को करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं, जो मुझे सबसे ज्यादा पसंद है। जल्द वापसी करूंगा।

# पहलवानों का विरोध दिखाता है कि सभी एनएसएफ में एथलीट आयोग की जरूरत : शरथ कमल

भाषा। नई दिल्ली

**महान** टेबल टेनिस खिलाड़ी और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एथलीट आयोग (एसी) के उपाध्यक्ष अचंता शरथ कमल का मानना है कि भारतीय पहलवानों के जारी विरोध ने सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) में एथलीट आयोग की आवश्यकता के मुद्दे को और बल दिया है। बजरंग पूनिया, विनेश फोगट और साक्षी मलिक सहित अन्य पहलवान 23 अप्रैल से राष्ट्रीय राजधानी में धरने पर बैठे हैं यह खिलाड़ी एक नाबालिग सहित सात पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के आरोप में डब्ल्यूएफआई (भारतीय कुश्ती महासंघ) प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे है।

आईओए के एथलीट आयोग का गठन पिछले साल किया गया था। इस आयोग ने शनिवार को पहलवानों के



विरोध पर चर्चा करने के लिए ऑनलाइन बैठक की थी। शरथ को पिछले साल टेबल टेनिस में शानदार प्रदर्शन के लिए खेल रत्न से सम्मानित किया गया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि आयोग और खिलाड़ियों के बीच विश्वास कायम करने की जरूरत है जिससे खिलाड़ी मदद मांगने में हिचके नहीं। पहलवानें ने आईओए से संपर्क किए बिना विरोध के लिए सड़कों पर उतरने का फैसला किया। आईओए अध्यक्ष ने उस समय पहलवानों की इस हरकत की आलोचना की थी। एथलीट आयोग की अध्यक्ष मेरीकॉम की गैरमौजूदगी में इस बैठक का नेतृत्व करने वाले शरथ ने कहा, आयोग की बैठक में विभिन्न विषयों पर एथलीटों के लिए एक मंच बनाने, कार्यशालाओं और गतिविधियों का आयोजन करने जैसी कई चीजों पर चर्चा हुई। इसका एक अन्य महत्वपूर्ण विषय सभी एनएसएफ में एथलीट आयोग के गठन को लेकर आईओए से बात करना था ताकि हम एथलीटों की आवाज को मजबूत कर सकें।

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने कर्नाटक के पूर्व जज को भारतीय बास्केटबॉल महासंघ का प्रशासक बनाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के पूर्व जज पी कृष्णा भट को तुरंत प्रभाव से भारतीय बास्केटबॉल महासंघ का प्रशासक नियुक्त किया। न्यायाधीश पुरूषेंद्र कुमार कौरव ने कहा कि प्रशासक बीएफआई के चुनाव होने तक पद पर बने रहेंगे। उन्होंने प्रशासक को खेल कोड के अनुरूप चुनावी प्रक्रिया जल्दी समाप्त करने के निर्देश भी दिए।

अदालत ने बीएफआई के पदाधिकारियों और कार्यकारी समिति के सदस्यों के चुनाव को लेकर कई याचिकाओं पर यह फैसला सुनाया। याचिका दायर करने वालों में शामिल पांडिच्चेरी बास्केटबॉल संघ ने अदालत को बताया कि वे अत्यधिक तकनीकी आधार पर कई प्रत्याशियों के नामांकन अनुचित तरीके से रद्द करने के निर्वाचन अधिकारी के फैसले से नाराज थे।

# चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त करेगा यूडब्ल्यूडब्ल्यू

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** कुश्ती में चल रही उथल-पुथल से चिंतित विश्व संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के अध्यक्ष नेनाद लालोविच ने यह स्पष्ट करने के लिए कहा है कि देश में इस खेल का संचालन कौन कर रहा है और इसके जवाब में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने अपने मामलों में सरकारी हस्तक्षेप की शिकायत की है।

लालोविच ने 28 अप्रैल को डब्ल्यूएफआई के लिए एक पत्र भेजा है और इसकी प्रति भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के अधिकारी जे पोइवे को भी भेजी है।

विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक सहित भारत के चोटी के पहलवान डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं जिन पर उन्होंने महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। आईओए ने सरकार के कहने के बाद कुश्ती महासंघ के दैनिक कामकाज के संचालन के लिए एक तदर्थ पैनल गठित किया है। खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई के चुनाव पर रोक भी लगा दी है और आईओए से चुनाव कराने के लिए कहा है।

लालोविच ने अपने पत्र में लिखा है, यह स्पष्ट नहीं है कि यूडब्ल्यूडब्ल्यू की प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों को कौन भेजेगा और महासंघ के दैनिक कार्यों का संचालन करने के लिए कौन प्रभारी है। ऐसा लगता है कि डब्ल्यूएफआई के महासचिव अभी अपने पद पर हैं और सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा है, यूडब्ल्यूडब्ल्यू को मीडिया से जो जानकारी मिली है, उससे पता चलता है कि सिंह के खिलाफ कथित उत्पीड़न और दुर्व्यवहार की जांच रिपोर्ट को अप्रैल की शुरुआत में अंतिम रूप दिया गया था और इसे खेल मंत्रालय को भेज दिया गया था।

लालोविच ने लिखा है, अभी तक कोई अन्य कार्वाई नहीं की गई है और पहलवानों ने अपना धरना प्रदर्शन फिर से शुरू कर दिया है। इसके अलावा भारतीय महासंघ ने सात मई को आम सभा की बैठक बुलाई है।

लालोविच के इस पत्र की प्रति पीटीआई के पास भी है जिसमें आगे लिखा गया है, मैं इस सबको लेकर काफी चिंतित हूं और मैं आपसे यूडब्ल्यूडब्ल्यू को स्थिति के बारे में आधिकारिक और सटीक जानकारी प्रदान करने का आग्रह करता हूं। ऐसा करने में विफल होने की स्थिति में हमारे पास आगे की कार्वाई करने का अधिकार होगा। पत्र में आगे लिखा गया है, यूडब्ल्यूडब्ल्यू आमतौर परराष्ट्रीय महासंघों के चुनावों के लिए तब पर्यवेक्षक नियुक्त करता है जब विशेष परिस्थितियों में इसकी आवश्यकता होती है। यह डब्ल्यूएफआई का मामला है और हमें इस मामले की स्थिति से अवगत कराए जाने पर खुशी होगी, ताकि हम आवश्यक व्यवस्था कर सकें। भारतीय महासंघ ने इसके जवाब में विश्व संस्था को बताया है कि निगरानी समिति की भूमिका खत्म हो गई है।